e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 69
मंगलवार
11.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है!

**रोजा का समय**
इफ्तार (11.03.25) : शाम 5.58 बजे
सेहरी (12.03.25) : सुबह 4.39 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## लोकसभा में वोटर लिस्ट व झारखंड विस में विधि व्यवस्था को लेकर हुआ जोरदार हंगामा

# सदन में वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए : राहुल

**वहीं इस मामले में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, चुनाव आयोग सरकार के हाथ में है।अगर लोकतंत्र ऐसे ही चलता रहा और चुनाव आयोग सरकार के लिए पैरवी करता रहा तो जो नतीजे आएंगे वो आपके सामने हैं।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** करीब एक महीने के अंतराल के बाद संसद के बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हो गई। सत्र के दूसरे भाग के पहले कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस देखने को मिली। वहीं लोकसभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक मांग रखी कि पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। सभी विपक्षी दल वोटर लिस्ट पर सवाल उठा रहे हैं। अब पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। राहुल गांधी ने मामले में कहा, हम आपकी टिप्पणी को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती है। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा,देश भर में मतदाता सूची पर सवाल उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र समेत हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं। वहीं इस मामले में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, चुनाव आयोग सरकार के हाथ में है।अगर लोकतंत्र ऐसे ही चलता रहा और चुनाव आयोग सरकार के लिए पैरवी करता रहा तो जो नतीजे आएंगे वो आपके सामने हैं।अगर यही व्यवस्था चलती रही तो ये लोकतंत्र नहीं बल्कि दिखावा है। हमें कई सालों से शक है।जमीन पर क्या होता है ये सबको पता है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।



### मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं : टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद और बर्दवान संसदीय क्षेत्रों और हरियाणा में एक ही ईपीआईसी संख्या वाले मतदाता मौजूद हैं। टीएमसी ने कहा कि तृणमूल का एक प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची पर चिंताओं को उठाने के लिए नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से मिल रहा है। उन्होंने मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन की भी मांग की, खास तौर पर अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले।

**लोकसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया:** प्रश्नकाल के दौरान संसद में हंगामा को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष से शांत रहने और मंत्री को बोलने देने का अनुरोध किया. ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा है कि यह ठीक नहीं है, संसद के मूल्यों के खिलाफ है, इसका उल्लंघन न करें.लोकसभा शुरू होते ही विपक्ष ने सदन में मणिपुर का मुद्दा उठाया. विपक्ष की ओर से नारे लगाया गया.संसद के निचले सदन में बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने के साथ ही कार्यवाही फिर से शुरू हुआ. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजनीतिक दलों से सदन में प्रश्नकाल का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया.

**चुनाव आयोग को देश को जवाब देना चाहिए : सौगत रॉय:** सौगत रॉय ने दावा किया,कुछ गंभीर खामियां हैं। महाराष्ट्र के मामले में यह बात कही गई है, जहां मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की गई थी। हरियाणा में भी इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया। अब वे पश्चिम बंगाल और असम में भी घुसने की कोशिश कर रहे हैं,जहां अगले साल चुनाव होने हैं। तृणमूल नेता ने कहा,पूरी मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग को देश को जवाब देना चाहिए कि सूचियों में कुछ गलतियां क्यों हुईं।

## झारखंड की विधि व्यवस्था पर हो विशेष चर्चा : मरांडी



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा के प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग हेमंत है तो हिम्मत है की बात करते हैं, लेकिन हालिया घटनाओं से लग रहा है कि अब अपराधियों में हिम्मत आ गई है.नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस गंभीर मसले पर कार्य स्थगन लाकर विशेष चर्चा करने की जरूरत है. स्पीकर ने कहा कि अभी प्रश्नकाल चलना चाहिए. उन्होंने भाजपा विधायक अमित यादव का नाम पुकारा लेकिन अमित यादव ने भी कहा कि विधि व्यवस्था पर चर्चा होनी चाहिए. इतना होते ही भाजपा के विधायक वेल में आ गए और विधि व्यवस्था पर विशेष चर्चा करने की मांग करने लगे. इसको देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.बता दें कि हाल के दिनों में झारखंड में विधि व्यवस्था से जुड़े कई मामले आ गए हैं. पिछले सप्ताह 5 से 8 मार्च के दौरान राज्य में तीन बड़ी आपराधिक घटनाएं हुई. बुधवार की देर रात रांची के चान्हो स्थित आश्रम में एक संत समेत दो लोगों की हत्या हुई. जब 7 मार्च को राजधानी रांची में दिनदहाड़े कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर जानलेवा हमला हुआ था. इस घटना के कुछ घंटे बाद ही हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या कर दी गई. हालांकि आश्रम में हुए डबल मर्डर केस मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि कोयला कारोबारी पर हमला मामले में अपराधियों की पहचान होने का डीजीपी दावा कर चुके हैं.भाजपा विधायक सीपी सिंह ने विधि व्यवस्था का मामला उठाते हुए कहा कि किसी व्यक्ति का जीना दुभर हो गया है. सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही. यहां का डीजीपी इतना बेशर्म है कि कहता है कि जो भी घटनाएं हो रही है उसकी प्लानिंग जेल से हो रही है. क्या जेल झारखंड से बाहर है? अगर प्लानिंग जेल से हो रही है तो फिर उद्भेदन क्यों नहीं किया जा रहा. रिमांड पर लेकर पूछताछ करनी चाहिए. किसी का जीवन सुरक्षित नहीं, चाहे विधायक हों, मंत्री हो या फिर जनता. इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए.

## सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत



**दुमका :** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। पहली सड़क दुर्घटना में मामा-भांजा की मौत हो गई है। वहीं दूसरी ओर मौसेरे भाई की शादी से लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।पहली घटना जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरी गांव के पास घटी। जहां ऑटो रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतकों की पहचान सचिन मोसाद और ढालू संतरा के रूप में हुई है। जबकि घायल अरविंद संतरा को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तीनों युवक रामगढ़ थाना क्षेत्र के ही कणहारा गांव के रहने वाले हैं। सुरजाहु पर्व का प्रसाद खाने अपने रिश्तेदार के घर हंसडीहा जा रहे थे। दोनों मृतक ढालू संतरा और सचिन मोसाद आपस में मामा भांजा हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना रविवार रात करीब एक बजे हुई। दुर्घटना में दीपक भंडारी की मौत हो गई है। मृतक दीपक जामा थाना क्षेत्र के लकड़ापहाड़ी गांव का निवासी था। वह अपने मौसेरे भाई के शादी में शामिल होकर दुमका आ रहा था।

## क्विक न्यूज

### महाकुंभ के दौरान नहाने लायक था गंगा का पानी : केंद्र

**नई दिल्ली :** गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर छिड़े विवाद के बीच केंद्र सरकार ने संसद में सोमवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नई रिपोर्ट पेश की। सरकार ने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान भी त्रिवेणी संगम पर गंगा का पानी नहाने लायक था। सरकार ने यह भी बताया कि गंगा नदी की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में कुल 7,421 करोड़ रुपये दिए गए हैं।लोकसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया और कांग्रेस सांसद के सुधाकरन के सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक गंगा नदी के पानी में सभी तत्व जैसे पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फेकल कोलीफॉर्म (एफसी) के औसत मान स्नान के लिए लायक सीमा के अंदर थे।

### बस्ती में कंटेनर-कार की टक्कर में 5 लोगों की मौत, 3 घायल

**बस्ती :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार और कंटेनर की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत हो गई. गैस कटर के इंतजार में करीब एक घंटे तक कार सवार वाहन में ही फंसे रहे. हादसे में 3 लोग घायल भी हुए हैं. हादसे की जानकारी पर नगर, कप्तानगंज और हर्रैया थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई. घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया.हादसा सोमवार की सुबह नगर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर हुआ. राजस्थान नंबर का कंटेनर बस्ती से अयोध्या की तरफ जा रहा था. इस दौरान गुजरात की नंबर वाली कार से कुछ लोग गोरखपुर जा रहे थे. हाईवे पर अचानक कंटेनर ने लेन बदल दी. इससे दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे में कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.कार में कुल 8 लोग सवार थे. सभी अंदर ही फंस गए. हादसे की जानकारी पर पुलिस और नेशनल हाईवे की पेट्रोलिंग की गाड़ी पहुंची.

### ज्वेलरी शॉप से करोड़ों का सोना लूट कर भाग रहे 2 अपराधियों को पुलिस ने गोली मारी

**पटना :** बिहार के भोजपुर जिले में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में करोड़ों की लूट का मामला सामने आया है। हथियार से लैस बदमाशों ने नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क के शोरूम से करोड़ों के गहने और नकदी लूट लिया। ये मामला नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक का है।भीड़भाड़ वाले इलाके में 6 से 7 की संख्या में हथियारों से लैस बदमाशों ने तनिष्क शोरूम में गहने और नकदी की लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान लूटपाट करते हुए यह बदमाश करीब आधे घंटे तक शोरूम के अंदर रहे। बाहर किसी को लूट की भनक तक नहीं लगी।ज्वेलरी शॉप से करोड़ों के लूट कांड में भाग रहे 2 अपराधियों को पुलिस ने पैर में गोली मारी है। दोनों अपराधी घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिए गए हैं। भोजपुर जिले के बड़हरा थाने इलाके ये गिरफ्तारी हुई है। घायल बदमाश छपरा के डोरीगंज की तरफ भागने की फिराक में थे। पुलिस ने दो झोला लूटे गए गहने को बरामद किया। ज्वेलरी में लूट के बाद 4 बदमाश भागने में सफल रहे। पुलिस अब इन चारों बदमाशों की तलाश कर रही है।

### मप्र के किसानों को तीन साल में दिए जाएंगे 30 लाख सोलर पंप: राज्यपाल

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया। राज्यपाल पटेल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश सरकार की योजनाओं और निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास 2.0 के तहत अगले पांच साल में 10 लाख आवास का निर्माण किया जाएगा। सरकार अगले तीन साल में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराएगी।

**रांची का तापमान**
अधिकतम $24^0$
न्युनतम $13^0$

# पटाखा दुकान में आग लगने से 5 की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** गढ़वा जिले में एक पटाखा दुकान में अचानक आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई.जिसमे तीन बच्चे, एक दुकान मालिक और एक ग्राहक शामिल है. गढ़वा के एसपी दीपक पांडे ने घटना की पुष्टि की है. सभी शव को छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल के शव गृह में रखा गया है. मिली जानकारी के अनुसार धमाके के साथ लगी आग गढ़वा जिले के झारखंड - छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर गोदरमाना बाजार में एक पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगो की दर्दनाक मौत हो गई. पटाखा दुकान में आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी तक किसी को भी पता नहीं है, लेकिन धमाका इतना जबर्दश्त था कि पूरे बाजार में दहशत का माहौल बन चुका था. वहां के लोगों ने किसी तरह पांचों लोगों को आनन फानन में अस्पताल भेजा, जहां सभी को मृत घोषित कर दिया गया.मरने वालों में कुश कुमार उम्र 46 वर्ष, अजित केशरी उम्र 36 वर्ष, सुशीला करकेटा उम्र 15 वर्ष, प्रियांश उम्र 10 साल, श्रेयांश 8 वर्ष शामिल हैं.इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी घटना को लेकर दुख जताया है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर मैसेज पोस्ट करते हुए उन्होंने घटना को दुखद बताया है. उन्होंने मरांग बुरु से दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा मामले की जांच की जा रही है.

# छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे के 14 ठिकानों पर ईडी का छापा

**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी छापेमारी की जानकारी लगाने पर उनके बड़ी संख्या में समर्थकों ने निवास पहुंचकर ईडी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है।**



एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय का छापा पड़ा। ईडी की टीम ने आज सोमवार की तड़के भिलाई स्थित भूपेश बघेल के निवास और चैतन्य बघेल के घर पर छापेमारी की है। इसके अलावा टीम अन्य कई स्थानों पर कार्रवाई कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन मामले से जुड़े कथित शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के ठिकानों पर छापा मारा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी छापेमारी की जानकारी लगाने पर उनके बड़ी संख्या में समर्थकों ने निवास पहुंचकर ईडी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत में बर्खास्त कर दिया गया तो आज ईडी के मेहमानों ने पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई निवास में आज सुबह प्रवेश किया है। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है, तो यह गलतफहमी है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के घर पर चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी कर रही है। ईडी कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ में 14 स्थानों पर छापेमारी कर रहा है।

## डॉ. इंद्रेश कुमार को दी गई डॉक्टरेट की मानद उपाधि



एजेंसी

**हिसार :** आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में डाक्टरेट की मानद उपाधि दी गई है। विश्वविद्यालय में सोमवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय सदस्य के रूप में इंद्रेश कुमार आधी शताब्दी से भी अधिक समय से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनके महत्वपूर्ण कार्यों में चार लाख कश्मीरी विस्थापितों का पुनर्वास, हिंदू मुस्लिम समरसता के प्रति राष्ट्रीय मुस्लिम मंच की स्थापना, गरीब व आम आदमी के उपचार के लिए विवेकानंद अस्पताल की स्थापना, बालिका निकेतन की स्थापना, सैनिकों व उनके परिवारों को सहायता दिलवाना, गंगा स्वच्छता जनजागरण अभियान चलाना आदि शामिल हैं।दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक शोभा यात्रा का नेतृत्व कुलसचिव डा. विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति की पुत्री श्रीमती इतिश्री मुर्मु, राष्ट्रपति के अतिरिक्त सचिव डा. राकेश गुप्ता, सेना सचिव मेजर जनरल वुदेव परीदा, वीसीएम, ओएसडी रिसर्चद सुनील के. तिवारी, अतिरिक्त प्रेस सचिव बजाया कुमार नायक, कम्प्ट्रोलर कैप्टन आईएन आरएस रणधावा, ओएसडी मृतुंजय शर्मा, उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता के अतिरिक्त विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री कमल गुप्ता एवं विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई उपस्थित रहे।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद भड़की हिंसा

एजेंसी

**इंदौर :** चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की जीत के बाद निकले जुलूस में बवाल हो गया। रविवार रात मध्यप्रदेश के महू में इस कदर हिंसा भड़की की प्रशासन भी हैरान रह गया। सैकड़ों लोगों ने दुकानों और वाहनों में आग लगा दी। कई जगह पेट्रोल बम भी फेंके गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इसके बाद भी जब हालात नहीं सुधरे तो सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद हालात काबू में आ सके। सोमवार सुबह प्रमुख बाजार खुल गए हैं लेकिन जहां घर दुकान जलाए गए वह क्षेत्र अभी भी बंद हैं। लोग घरों में दुबके हैं और कई क्षेत्रों में अभी भी दहशत है। महू में चप्पे चप्पे पर पुलिस है और आर्मी ने हर मूवमेंट पर नजर रखी हुई है। इस हिंसा में पांच से छह लोगों के घायल होने की सूचना है। कलेक्टर आशीष सिंह के मुताबिक हालात काबू में हैं, आरोपियों की पहचान की जा रही है।विधायक उषा ठाकुर ने बताया कि 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, सभी आरोपियों की पहचान की जा रही है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# प्रेम के रंग में घुलना ही होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य : अविनाश देव

## अखबार विक्रेता संघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अखबार विक्रेता संघ पलामू द्वारा माटीकला कार्यालय के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अखबार विक्रेता संघ के आमंत्रण पर बतौर मुख्य अतिथि होली मिलन समारोह में संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव शामिल हुए। विक्रेता संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रजापति गुलाल लगा कर अविनाश देव का स्वागत किए। संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि यह होली मिलन एक बहाना है। असली बात समन्वय के साथ आगे बढ़ते जाना है। आपके ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, रिपोर्टर खबर भेज दे। संपादक अखबार छपवा दे। पाठक बेसब्री से पढ़ने का प्रतीक्षा करता रहे। अगर हॉकर जब तक दरवाजे पर अखबार नहीं पहुंचा देता है तब तक सब बेकार है। आपके ऊपर घर संसार चलने की जवाबदेही है। बच्चों की पढ़ाई, बूढ़े बाप की दवाई, भाई की कमाई और बेटी की सगाई सब करना है। जिस तरह मीडिया लोकतंत्र के एक अहम पार्ट है ठीक उसी तरह आप परिवार के पिलर हैं। हर हाल में अखबार के इस नेक कमाई से अंधविश्वास पाखंड शराब नशाखोरी से दूर घर के तरक्की में अपना योगदान देना है। आपसी राग द्वेष को जलाते हुए प्रेम का रंग घोलना है। आप ऐसा कोई कार्य न करें जिससे समाज में नकारात्मक संदेश जाए। अपने आसपास पड़ोस को भी ख्याल रखना है ताकि उसके खुशी का कारण आप बने। उसके जीवन में खुशियों का रंग घोले। इस मौके पर मनोज प्रजापति सहित कई अखबार के विक्रेता उपस्थित थे।

## हर्बल गुलाल का शुभारंभ प्रखंड परिसर में बीडीओ ने फीता काटकर किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** महिला स्वयं सहायता समूह के सखी मंडल द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का शुभारंभ प्रखंड परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने फीता काटकर किया. पलास झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी द्वारा संचालित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा यह हर्बल गुलाल बाजार में बिकने वाली गुलाल से बेहतर है. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं अपनी आजीविका को बढ़ा रही हैं. उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की अपील किया. मौके पर सामुदायिक समन्वयक राजकुमार राम, भरत कुमार, पुष्पा देवी, धर्मेन्द्र सिंह, आईपी आरपी जाबिर अंसारी, प्रतिमा देवी, शशिप्रभा देवी, कंचन देवी, कृति राय, कौशल्या देवी, प्रतिमा सिंह, गायन्ति देवी, सुनीता देवी सहित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

## पटाखा दुकान की आग में पांच लोगों की मृत्यु पर विधायक सत्येंद्रनाथ ने व्यक्त की संवेदनाएं



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं झारखंड विधानसभा की सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति सत्येंद्रनाथ तिवारी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में क्षेत्र की कई सड़कों के निर्माण एवं रंका प्रखंड अंतर्गत गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से अपनी जान गंवाने वालों को मुआवजा देने की मांग की है। विधायक श्री तिवारी ने गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंगरही में मंजरी सिवाना से बीरबल सिंह के घर तक, ग्राम करुआ में प्रदीप तिवारी के घर से हरिजन टोला- पुराना पंचायत भवन होते हुए बेलचंपा तिलदाग मुख्य पथ तक, ग्राम खजुरी में पुरानी बस्ती से संतोष दुबे के घर होते हुए संजय दुबे के घर के आगे अंतिम सिवाना तक, ग्राम रंका बौलिया मध्य विद्यालय से मुकेश तिवारी के घर होते हुए रंका पंचायत भवन से रोघा अहरा के आगे नहर तक एवं ग्राम चटनिया में चटनिया पुल से रानी ताली तक सड़क निर्माण की मांग की है। विधायक सत्येंद्रनाथ ने रंका प्रखंड अंतर्गत गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो जाने की सूचना देते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की एवं सभी मृतकों के परिजनों को अविलंब मुआवजा देने की मांग सरकार से की है।

## होली को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना परिसर में होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीएम गौरांग महतो एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के अध्यक्षता में हुई. बैठक का संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया. बैठक में एसडीएम गौरांग महतो ने कहा की 13मार्च को होलिका दहन और 14मार्च को होली है, वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों का पवित्र माह रमजान चल रहा है,इस लिए आपलोग पूर्व से चल आ रही आपसी भाईचारे के साथ होली पर्व और रमजान को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, वहीं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी. साथ ही पर्व मनाने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी. एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने सबसे पहले शांति समिति सदस्यों को होली की मुबारकबाद दी, उन्होंने कहा की पुलिस प्रशासन की हुड़दंगियों पर पैनी नजर रहेगी, हुडदंगी किसी भी जाति व धर्म से हो बक्शे नहीं जाएंगे,इस दौरान अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरती जाएगी, त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है. लोगों से आपसी सहयोग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की, विधि व्यवस्था के लिऐ पुलिस प्रशासन हर समय आपके साथ है, बैठक के अंत में लोगों ने एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी. बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ सुनील वर्मा,देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता, समाजसेवी ऐजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम,निवर्तमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, उषा देवी, अर्जुन गुप्ता, नजीर अहमद, सरजू चौधरी, एएसआई अखिलेश यादव, रविरंजन सिंह, अजीत सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल को दी दो एम्बुलेंस की सौगात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने होली से पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल को दो ऑक्सीजन युक्त एम्बुलेंस उपलब्ध कराकर क्षेत्र की जनता को सौगात दी। अपने आवास पुरंदरबीघा से विधिवत पूजा अर्चना के बाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, स्वास्थ उपाधीक्षक डॉ विनेश राम, बीडीओ सुनील वर्मा ने संयुक्त रूप से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के लिये हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मौके पर विधायक ने कहा स्वास्थ सुविधा के प्रति झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, उन्होंने कहा की एम्बुलेंस में सभी प्रकार की आधुनिक सुविधा दी गई है। इसमें ऑक्सीजन के साथ ऑक्सीमीटर, फोल्डिंग, स्ट्रैचर, की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल को पहले से और बेहतर बनाया जाएगा, ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को अस्पताल तक पहचाने में काफी सहूलियत होगी, उन्होंने स्वास्थ उपाधीक्षक से कहा की मरीजों किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, एम्बुलेंस का रख रखाव बेहतर तरीके से करें और मरीजों को हर हाल में सुविधा मिले। मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव, बीपीएम विभूति कुमार, राजद के वरिष्ठ नेता कलामुद्दीन खान, रिजवान खान, खुर्शीद खान, जाकिर अली उर्फ राज अली, सुदेश्वर राम, राजेश कुमार सिंह, मोहिउद्दीन अंसारी, विनय सिंह यादव, श्रवण राम, टूना सिंह अशोक यादव समेत भारी संख्या समर्थक उपस्थित थे।

## दोनों धर्मावलम्बा एक दूसरे की भावनाओं के सम्मान करे थाना प्रभारी : अमित कुमार द्विवेदी



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक समरता के पर्व होली एवं रमजान के पवित्र पर्व के शांति वातावरण तरीका से मानने के लिए नौड़ीहा बाजार थाना परिसर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको के अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक की संचालन नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने किया। पर्व को लेकर उन्होंने समुदाय के लोगों से मंतव्य लिया और आग्रह किया कि आने वाले पर्व समाम्ज के लिए मिसाल बने। जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान ने कहा कि युवा लोग ने दुर्घटनाएं में अपनी जान गवा रहें है इसका मुख्य कारण शराब व नशा से हो रही है इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। होली के पर्व में शराब की सेवन कम करें। वही पर मौजूद थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने सभी लोगों से अपील किया है कि पर्व मे अफवाह व सोसल मीडिया मिडिया पर ध्यान ने दें। मौक़े पर सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अवर निरीक्षक उदय प्रसाद यादव, आशीष कुमार, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक नागेंद्र कुमार गुप्ता, कर्म सिंह मुंडा के अलावा शम्भू शर्मा, नौशाद आलम, सदरे आलम, अनवर हुसैन, जितेंद्र कुमार, नामुदाग मुखिया जितेंद्र कुमार पासवान, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद,पूर्व मुखिया विजय प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## 8वीं की परीक्षार्थीयों ने भूखे रहकर दिया परीक्षा



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्लस टू उच्च विद्यालय में आठवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा दे रहे 489 छात्र, छात्राओं को पुरे दिन भुखे रहना पड़ा। ज्ञात हो कि दस मार्च को आठवीं बोर्ड की परिक्षा हुई। जिसमें परीक्षा के दौरान स्कुली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेशक शशि रंजन ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखकर निर्देश दिया था कि जिन जिन परिक्षा केंद्र पर मध्यान भोजन बनता है उस केंद्र पर परिक्षार्थियों को भोजन देना है और जिन परिक्षा केंद्र पर मध्यान भोजन नहीं बनता है वहां के बग़ल के विधालय को मध्याह्न भोजन कराना है। प्लस टू उच्च विद्यालय में चपरी,बुका, घाघरा, कोरवा टोली, बेल पहाड़ी, कोण मंडरा, सहित नौ मध्य विद्यालय के 489 छात्र छात्राएं परिक्षा दे रहे थे। इस परिक्षा केंद्र पर मध्यान भोजन नहीं बनता है। ऐसे में बगल के बुनियादी विद्यालय को मध्याह्न भोजन बनवा कर छात्र छात्राओं को खिलाना था, लेकिन दस बजे से पांच बजे तक परिक्षार्थियों को बिना भोजन के ही रहना पड़ा। परिक्षा दे रही सुप्रिया कुमारी,पुनम कुमारी,मनिता कुमारी, विश्वजीत कुमार, रौशन कुमार, अंकित कुमार, गौतम कुमार सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं ने बताया कि हमलोग को दोपहर में भोजन नहीं मिला है और न ही किसी ने भोजन के संबंध में जानकारी भी दिया। बुनियादी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विभुति प्रकाश से पुछे जाने पर बताया कि भोजन बनवाए थे। बच्चों को जानकारी दिया गया था। हालांकि वह स्पष्ट नहीं जबाब दे सके। वहीं बीपीओ रविंद्र मेहता ने कहा पता करते हैं क्या मामला है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेशक शशि रंजन व जिला शिक्षा अधीक्षक क्या आदेश की अभिन्न कर बुनियादी विद्यालय के प्रभारी ने पूरे दिन बच्चों को भूखे रहकर परीक्षा दिलवाया।

## पहली प्रतियोगिता में मोरबे और दूसरी में पवन 11 ने की जीत दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** लोहिया समता हाई स्कूल के मैदान में गुरुवार की रात्रि में आयोजित श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 मैच मोरबे बनाम पचाडूमर एवं पवन 11 बनाम नगर 11 के बीच टूर्नामेंट खेला गया। शुरुआती पारी में बल्लेबाजी करते हुए मोरबे टीम ने 109 रन का लक्ष्य,पचाडूमर टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए पचाडूमर की टीम ने 10 ओभर में सिर्फ 49 रन ही बना सकी और मैच को हार गई। वहीं दूसरी प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन 11 की टीम ने निर्धारित 10 ओभर में 92 रन का लक्ष्य नगर 11 टीम को दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी नगर 11 की टीम ने 28 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई। और पवन 11 की टीम ने खिताब अपने नाम किया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टूर्नामेंट कमेटी के द्वारा मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह सचिव रामाश्रय मेहता कोषाध्यक्ष एनुअल परवेज़ उपाध्यक्ष श्याम बिहारी राम उप सचिव हेमंत कुमार मेहता गौतम पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पिपरा थाना में होली से पूर्व हुआ शांति समिति का बैठक

## आपसी भाईचारे का त्यौहार है होली : बिमल कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा थाना प्रांगण में पुलिस निरीक्षक छतरपुर अंचल द्वारिका राम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार की अध्यक्षता मे होली पर्व से पूर्व शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने किया. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ त्यौहार को मनाएंगे. प्रशासन अपनी पैनी नजर क्षेत्र से लेकर सोशल मीडिया तक बनाये हुए हैं. वहीं थाना प्रभारी बिमल कुमार ने कहा कि एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें रमजान का भी महीना चल रहा है आपसी प्रेम बनाए रखेंगे. कोई भी अप्रिय घटना घटती है या कोई अंजाम देने का रूपरेखा बनाते हुए दिखाई दे तो उसकी तत्काल सूचना प्रशासन को देंगे. अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान जारी है . दो पहिया चालक अपने घरों से सुरक्षित हेलमेट पहन कर निकले. वहीं बैठक में उपस्थित स्थानीय लोगों ने भी अपना राय विचार प्रशासन के सामने रखा. बैठक में पुलिस कर्मी एसआई कुलेश्वर महतो ओमप्रकाश बैठा रविकांत राय तसदुक अंसारी मुखदेव चौधरी ऑपरेटर जितेंद्र जी स्थानीय पिंटू सिंह लाल बहादुर सिंह सुनील कुमार सिंह झामुमो प्रखंड सचिव सौरभ सिंह बिंदेश्वर पाठक निसार अहमद कयामुद्दीन अंसारी सागर सिंह सौर्य प्रताप सिंह कपिल देव राम विष्णु देव गुप्ता विपिन सिंह मुकेश यादव राजू सिंह अंशु मिश्रा कैलाश यादव लखन यादव विश्वनाथ राम महेंद्र सिंह संतोष यादव सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## होली को लेकर रामगढ़ थाने में शांति समिति की बैठक

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रंगों के महापर्व होली को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रामगढ़ थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ओम प्रकाश साह ने की। मौके पर उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, जिसे मिल-जुलकर शांतिपूर्वक मनाना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने अपने सुझाव भी रखे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाए और गश्त को बढ़ाया जाए ताकि असामाजिक तत्व किसी तरह की गड़बड़ी न कर सकें। इस पर थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के दौरान डीजे बजाने की अनुमति प्रशासन से लेनी होगी और निर्धारित समय सीमा के अंदर ही इसे बजाया जा सकेगा। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं कोई अप्रिय घटना की आशंका हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। वहीं मौके पर पूर्व उप प्रमुख सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर प्रसाद ने कहा कि प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ रंगों का त्योहार होली मनाएं। उन्होंने लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। बैठक में प्रमुख रूप से एसआई शिव शंकर प्रसाद, राम दरश महतो, ऐएसआई अशोक सिंह, ज़िला परिषद सदस्य छोटन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थें।

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुलाब इंटरनेशनल विद्यालय पहुंचे विधायक अनंत प्रताप देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव (छोटे राजा) ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत बलिगढ़ के मोटंगवा में स्थित नवनिर्मित गुलाब इंटरनेशनल विद्यालय पहुंचे जहां उक्त विद्यालय के डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटन सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत गर्म जोशी के साथ किया। इस दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने नवनिर्मित विद्यालय का भ्रमण किया, तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय का तारीफ करते हुए कहा कि केतार प्रखंड जैसे सुदरवर्ती क्षेत्र में इस तरह का विद्यालय खोलने से इस क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल पाएगी स्थानीय लोगों को अब बड़े शहरो में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। वही मीडिया से बातचीत के दौरान गुलाब इंटरनेशनल विद्यालय के डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह ने कहा कि इस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सीबीएसई पैटर्न पर आधारित गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिलेगी इस विद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम, कंप्यूटर क्लास, स्कूल बस, खेल का मैदान, लाइब्रेरी, मेडिकल की सुविधा सहित कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, साथ ही मेघावी छात्र-छात्राओं के लिए 80त्न तक की छात्रवृत्ति की सुविधाएं दी गई है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया है कि अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सीबीएसई पैटर्न पर आधारित इंग्लिश मीडियम गुलाब इंटरनेशनल विद्यालय में नामांकन करवाए उक्त विद्यालय सभी तरह की सुविधा समय-समय पर उपलब्ध कराएगी।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### बंद कमरे से मिला एक बुजुर्ग का शव

**रांची :** लालपुर थाना स्थित पीएन बोस कम्पाउंड में बंद कमरे से एक बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक की पहचान 80 वर्षीय तपस कुमार बंद्योपाध्याय के रूप में हुई है। मृतक के बेटे ने बताया कि उनके पिताजी फ्लैट में अकेले ही रहते थे। बेटे ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जाहिर की है। उन्हें पड़ोसियों से जानकारी मिली कि उनके पिता के कमरे से दुर्गंध आ रही है। जिसके बाद वे अपने पिताजी के फ्लैट पहुंचे। जहां कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा तोड़ने लोग अंदर दाखिल हुए तो देखा बेड पर तपस कुमार मृत आवस्था पड़ हैं। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के बेटे की शिकायत पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालकों ने की बैठक

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ डाल्टनगंज जिला के जिला कमेटी एवं ऑटो चालक मालिक को की बैठक दिन के 12:00 बजे 6 मोहन चौक के पास ऑटो स्टैंड में हुई। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने किया । सभा का संचालन प्रदेश महासचिव राकेश सिंह ने किया। बैठक कार्यक्रम का मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के संस्थापक सह प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह एवं भोला राय मुख्य रूप से उपस्थित थे । कार्यक्रम सभा के संबोधित करते हुए दिनेश सोनी ने सभी उपस्थित ऑटो चालक मालिकों को होली के बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी ऑटो चालक मालिक एवं यूनियन के पदाधिकारी को कुछ निर्देश दिया गया है की सबसे पहले जो भी यूनियन का सदस्य होगा वह अपना सदस्यता फॉर्म भर के यूनियन का सदस्य बनेंगे अगर वह ऑटो चालक सदस्य बनते हैं तो उनको अपना जो भी मंथली मानसिक होगा उसे ऑटो चालक को देना है।

# झारखंड में कानून का राज रहेगा, बुलडोजर राज नहीं रहेगा : सुदिव्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र चल रहा है और सोमवार को बजट सत्र का दसवां दिन था। 10 वें दिन की सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने झारखंड में हो रही अपराधी घटनाओं पर बयान देते हुए झारखंड की कानून व्यवस्था पर कहा है समाज में अच्छे लोग भी रहते हैं और बुरे लोग भी पर बुरे लोगों पर कार्रवाई प्रशासन कर रही है जिन लोगों ने कानून तोड़ा है कानून उनको सजा देगी दोषियों के विरुद्ध हो रही कार्रवाई पूरा भारत संविधान से चलता है किसी राज्य में शून्य अपराध नहीं है अपराधियों के खिलाफ सरकार कठोर कार्रवाई करेगी।

**विधायक कांके विधानसभा क्षेत्र में डीग्री कॉलेज की रखी मांग:** रांची। झारखंड विधानसभा में अपने विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से युवा साथियों का मांग रहा है, कि कांके ,बुढमू और खलारी में डिग्री कॉलेज हो । लेकिन डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त कर डिग्री प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसे लेकर सदन में कांके विधायक सुरेश बैठा ने बात रखी। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को साकार करते हुए डिग्री कॉलेज की मांग को पूरा किया जाए।

**भाजपा विधायक नीरा यादव को कल्पना सोरेन का मिला जवाब:** झारखंड विधानसभा में सोमवार को शिक्षा बजट के कटौती प्रस्ताव के समर्थन में पूर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव ने कहा कि झारखंड में युवाओं का भविष्य अंधकारमय है। सात हजार स्कूलों में एक-एक शिक्षक हैं । सारा काम इन शिक्षकों को ही करना होता है । नीरा यादव ने कटौती प्रस्ताव पर बोलते हुए आरोप लगाया कि बीएड की पढ़ाई करने में अब डेढ़ लाख रुपए लग रहे हैं । उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षकों को पर्याप्त सैलरी नहीं मिल रही है और शिक्षकों में हीन भावना आ रही है । कई विश्वविद्यालयों में कुलपति नहीं है ।



**कल्पना सोरेन ने नीरा यादव को दिया जवाब:** झारखंड विधानसभा में गांगेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार में पहले चरण में छह हजार स्कूल बंद किए गए थे , जबकि दूसरे चरण में अगर स्कूल बंद कर दिए जाते तो चौदह हजार स्कूल बंद हो जाते हैं । बराबरी का हक नहीं मिले इसलिए एकलव्य का अंगूठा काट दिया । इन्होंने हमारा अंगूठा काटने का काम किया था । कल्पना सोरेन ने जवाब देते हुए कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल इलाका है, कॉलेज बच्चा तभी जाएगा जब बच्चा स्कूल जाएगा । पिछली सरकार ने जो काम किया था उसी से समस्या पैदा हुई लेकिन समाधान अबुआ सरकार निकाल रही है । कल्पना सोरेने ने पारा टीचर्स के आंदोलन के दौरान हुई लाठी चार्ज का जिक्र करते हुए हैं पूर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव पर हमला करते हुए कहा कि जब पारा शिक्षक बात करना चाहते थे तब नीरा यादव बहाना बना देती थी, कहती थी कि जब सीनियर बात कर रहे हैं तो वे क्या बोले । वहीं कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए छात्रावासा बनाए जा रहे हैं । जेई मेंस में सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है । उन्होंने कई आवासीय विद्यालयों के निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि हजारों विद्यालयों में हाईटेक पढ़ाई हो रही है । विगत वर्षों में 12816 पीजीटी, 2612 पोस्ट ग्रैजुएट ट्रेंड टीचर्स की नियुक्ति की गई है । कल्पना सोरेन ने बताया कि 585 लैब असिस्टेंट की नियुक्ति की गई है ।

**झारखंड विधानसभा में सरयू राय और मंत्री के बीच तीखी नोकझोंक, विधि-व्यवस्था पर गरमाई बहस :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन सोमवार को जदयू विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी बनाने की अधिसूचना को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे रद्द करने की मांग उठाई। उन्होंने सरकार की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए। इस पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने संवैधानिक प्रक्रिया का हवाला देते हुए जवाब दिया। सरयू राय ने नगरपालिका अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि उपायुक्त ही इस कमिटी की अध्यक्षता करेंगे, जबकि मंत्री ने जवाब दिया कि अधिनियम के अनुसार प्रभारी मंत्री या उपायुक्त, दोनों में से कोई भी कमिटी में रह सकता है। दोनों नेताओं के बीच बहस बढ़ती गई, जिसमें संविधान, राज्य सरकार की नीतियों और नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों का उल्लेख किया गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सरयू राय से आग्रह किया कि वह मंत्री के साथ चैम्बर में बैठकर समाधान निकालें, लेकिन सरयू राय ने इसे ठुकराते हुए कहा कि अगर ऐसा करना है तो फिर सदन की क्या जरूरत? इस पर स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन, सरकार और मंत्रिमंडल पर आप ही आरोप लगाते हैं!

**विधि-व्यवस्था पर गरमाया सदन:** झारखंड विधानसभा में शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही सूचना के तहत भाजपा विधायक सीपी सिंह ने विधि व्यवस्था का मामला उठाया। डीजीपी को निशाने पर लिया। सिंह ने कहा कि लोगों का यहां जीना मुश्किल हो गया है। सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही। यहां का डीजीपी जिम्मेदार नहीं है। वह कहते हैं कि जो भी घटनाएं हो रही हैं, उसकी प्लानिंग जेल से हो रही है। क्या जेल झारखंड से बाहर है? अगर प्लानिंग जेल से हो रही है तो फिर उद्भेदन क्यों नहीं किया जा रहा। रिमांड पर लेकर पूछताछ करनी चाहिए। किसी का जीवन सुरक्षित नहीं। चाहे विधायक हों, मंत्री हो या फिर जनता। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

## छवि रंजन को सीने में दर्द की शिकायत, जेल से रिम्स भेजे गये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गयी। जेल में ही उनके सीने में दर्द उठ गया। जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। पूर्व डीसी का इलाज रिम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत नारायण की देखरेख में चल रहा है। उनको रिम्स में भर्ती कर लिया गया है। उनके कई टेस्ट कराये गये है। उल्लेखनीय है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन जमीन घोटला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया था। छवि रंजन के खिलाफ जमीन से जुड़े दो मामले चल रहे हैं। रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित चेशायर होम रोड स्थित जमीन मामले में झारखंड हाई कोर्ट से छवि रंजन को जमानत मिल चुकी है। चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन में गड़बड़ी मामले में ईडी ने छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल सहित 10 लोगों को आरोपित बनाया था। वहीं, दूसरा मामला सेना की जमीन से जुड़ा है। सेना की जमीन मामले में अभी तक छवि रंजन को जमानत नहीं मिली है।

## होली-रमजान साथ साथ, शांति पूर्ण तरीके से मनाये : थाना प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डेली मार्केट थाना में सोमवार को होली और माहे रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में डेली मार्केट थाना प्रभारी राणा जय प्रकाश और शांति समिति के सदस्य जितेंद्र गुप्ता, हाजी फिरोज, विक्रम सिंह और डेली मार्केट के सदर मोहम्मद आदिल अफरोज, मोहम्मद नसीम, सुमन साव और रूपेश जयसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान होली का त्योहार और रमजान शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर चर्चा हुई।

इस दौरान डेली मार्केट थाना प्रभारी राणा जय प्रकाश ने कहा कि किसी



भी तरह की अपवाह पर ध्यान नहीं दें और किसी तरह की समस्या हो तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें। वहीं इस दौरान उन्होंने कहा कि उपद्रव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभी ने होली का त्योहार और रमजान शांतिपूर्ण मानने की बात कही।

## जेल से ही प्लानिंग कर रहें हैं अपराधी : डीजीपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के बाहर राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्वीकारा करते हुए कहा है कि झारखंड में जो अपराध हो रहे है, उसमें ज्यादातर प्लानिंग जेल के अंदर से हो रहे है.झारखंड पुलिस लगातार प्रयासरत है कि जेल के अंदर से हो रही प्लानिंग को रोके. कुछ अपराधियों को जेल भी ट्रांसफर करवाया गया है. झारखंड पुलिस लगातार जेल में छापेमारी कर रही है. अपराध के पीछे तीन बड़े गैंग का हाथ डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड में हो रही घटनाओं के पीछे तीन बड़े गैंग का हांथ है। जिसमें अमन साहू, अमन श्रीवास्तव , विकास तिवारी शामिल है। तीनों गैंग जेल से



अपराध की प्लानिंग कर रहे है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह तीनों गैंग वर्चुअल नंबर बनाकर विदेशी नंबर से खुद व्हाट्सअप कॉलिंग करते है। झारखंड पुलिस के पास इन नंबरों को पकड़ने के लिए टेक्निकल लिमिटेशन है। फिर भी झारखंड पुलिस प्रयासरत है।

## पिता ने किया था वसीहत, मस्जिद निर्माण की बेटों ने कर दिया है शुभारंभ : आजम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के मनी टोला में एक भव्य मस्जिद का निर्माण होने जा रहा इसकी शुरुआत भी हो गई है। इस मस्जिद की लंबाई लगभग 175 फीट और लगभग 35 फीट चौड़ाई है। मस्जिद के दोनों तरफ पक्की सड़क है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीष्ठ नेता सह झारखंड आंदोलन कारी नेता आजम अहमद ने बताया कि यह मस्जिद मेरे पिता मरहूम उस्ताद कुरबान ने वसीयत किये थे उसे हम सभी बेटो ने मिलकर पूरा करने की कोशिश में लगे हुए हैं, आज बुनियाद रखी गई है।



इंशाअल्लाह सातवीं मंजिल का फाउंडेशन है जितना हो सकेगा हमलोग करेंगे और उक्त मस्जिद तामिर में किसी तरह से अभी तक कोई चंदा वगैरह नही लिया गया है। इस मस्जिद का नाम पिता के नाम पर ही कुरबान उस्ताद मस्जिद डोरंडा मनी टोला रखा गया है। इस नेक कार्य में अंजुमन इस्लामिया रांची के पूर्व महासचिव , इसमाईलिया मोमिन उर्दू गर्ल्स स्कूल फाउंडर सचिव रहे मो अलौद्दीन, हजरत कुतुबुद्दीन शाह रिसलादार नियास हाजी सरफराज, आजम अहमद अध्यक्ष कुरबान उस्ताद अहमद फाउंडेशन व झामुमो वरीष्ठ नेता, हाजी मो इस्लाम, हाजी मो रौशन तसलीम, मो रिजवान अहमद, मो अफताब, खेराज अहमद,फरहाज अहमद, जुही आसिया, जेबा आसिया,सना परवीन, गुड़िया सभी परिवार के सदस्य गण शामिल हैं। वही इफ्तार का भी आयोजन किया गया साथ ही झारखंड एदार ए सरिया के नाजिम ए आला मौलाना कुरबुद्दीन रिजवी सहित कई मौलाना, हाफिज मुख्य रूप से उपस्थित हुए थे।

## पहाड़ी मंदिर में होली समारोह का आयोजन

**रांची :** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की ओर से सोमवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर में किया गया। इसमें सैकड़ो शिव भक्त ढोल नगाड़े के धुन पर झूमते रहे । इस दौरान महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और आरती के बाद सभी लोग महाकाल बाबा पर रंग अबीर अर्पण कर एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए । पूरा पहाड़ी मंदिर परिसर होली के रंगों में रंगा दिखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू ,प्रवक्ता बादल सिंह , राम सिंह , स्वपना चटर्जी , शुभाशीष चटर्जी , मिट्ठू घटक , मीरा गुप्ता, गीता पपनेजा , रश्मि अरोड़ा ,प्रिया सिन्हा, किरण घोष सहित अन्य मौजूद थे।

## महू के राष्ट्रद्रोही जिहादियों को कठोरतम दंड मिले : विहिप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विश्व हिन्दू परिषद झारखंड-बिहार के क्षेत्रीय मंत्री वीरेन्द्र विमल ने सोमवार को मध्य प्रदेश के महू की घटना पर कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा है कि क्रिकेट में भारत के विजय का उत्सव मना रहे राष्ट्रप्रेमियों पर मध्यप्रदेश के महू में जिस प्रकार से जिहादी मुसलमानों ने हमला किया, वह उनकी राष्ट्रद्रोही मानसिकता को ही उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह बार-बार दिखा है, कि भारतीयों और हिन्दुओं का हर उत्सव, हर खुशी जिहादियों का निशाना बनती है। चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत महु के मुसलमानों को इतनी बुरी लगी कि मस्जिद से पत्थर चलने लगे। उत्सव मना रहा हिन्दू समाज, उनके घर, दुकान, मंदिर, गाड़ी, सब दंगाइयों के निशाने पर आ गये। हमेशा की तरह वे पत्थर बाजी, तोड़फोड़ तथा आगजनी करने लगे। आज हिन्दू समाज को भी यह समझ लेना चाहिए कि भारत को अन्न- जल पर पलनेवाले और देश की सभी कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेनेवाले ये जिहादी घोर भारतविरोधी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को भी यह समझना चाहिए, कि जब भी हिन्दू समाज का कोई उत्सव हो, पूर्व से ही मुस्लिम बहुल बस्तियों और मस्जिदों के पास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को भी इस घटना से सबक लेते हुए होली के अवसर पर सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है, कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिये अलग से कठोर राष्ट्रद्रोह का कानून बने।

## वित्तीय कुप्रबंधन पर भाजपा का हमला, राफिया नाज ने हेमंत सरकार को घेरा

**प्रभात मंत्र मंवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के पास पर्याप्त बजट होते हुए भी वह योजनाओं के अनुसार खर्च नहीं कर पा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 महीनों में सरकार ने योजना बजट की केवल 63 प्रतिशत राशि खर्च की है, जबकि 37 प्रतिशत राशि अब भी लंबित है। यह दर्शाता है कि हेमंत सरकार विकास विरोधी है और जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू



करने में असफल रही है। राफिया ने कहा कि यह वित्तीय अराजकता और नाकाम प्रबंधन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने बताया कि सरकार शहरी विकास पर 23 प्रतिशत, खाद्य आपूर्ति पर 29 प्रतिशत, परिवहन पर छह प्रतिशत, पेयजल एवं स्वच्छता पर 10 प्रतिशत और आईटी विभाग पर मात्र पांच प्रतिशत राशि खर्च कर पाई है। राज्य की सरकार की नाकामी को उजागर करता है, जहां तकनीकी क्षेत्र को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के जरिये महत्वपूर्ण विभागों पर खर्च की कमी से जनकल्याण के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्वच्छता विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग और पेयजल विभाग जैसे प्रमुख विभागों में राशि की कमी से जनता को सीधी असुविधा हो रही है। इन विभागों में खर्च की कमी से साफ-सफाई, परिवहन सेवाएं, राशन वितरण और पानी की उपलब्धता जैसी मूलभूत सेवाओं पर असर पड़ रहा है, जिससे राज्य की जनता की परेशानियाँ बढ़ गई हैं।

## झारखंड में फिल्म निर्माण की आपार संभावनाएं हैं, सरकार को ध्यान देने की जरूरत

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाएं बहुत है, तो वहीं चुनौतियां भी देखने को मिल रही है। इन चुनौतियों को हेमंत सोरेन की सरकार ही खत्म कर सकती है, सरकार इस पर यदि ध्यान दें तो झारखंड फिल्म उद्योग में तब्दील हो जायेगा और रोजगार के अवसर भी खुलेंगे,सरकार को राजस्व भी मिलेगा। बताते चले की दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव का आयोजन एक और 2 मार्च 2025 को किया गया था, लेकिन रांची जिला प्रशासन ने 2 मार्च को कार्यक्रम को रद्द करवा दिया, बल्कि जिला प्रशासन ने जिफ्फा के अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष पर भी लालपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराया, क्योंकि जिफ्फा के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से अनुमति नहीं ली थी, सिर्फ आवेदन देकर छोड़ दिया था। क्योंकि जहां पर कार्यक्रम होना था मोरहाबादी मैदान में वहां पर कार्यक्रम शुल्क भी जमा करना पड़ता है। जो जिफ्फा के सदस्यों ने नहीं किया था। झारखंड में पहाड़,नदी , जल , जंगल है, जहां पर फिल्म की शूटिंग आज से नहीं एकीकृत बिहार के समय से ही होती रही है ।

**फिल्म नीति बोर्ड का गठन :** झारखंड गठन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने एक अच्छी पॉलिसी लाई थी ,फिल्म नीति बोर्ड का गठन करके।

झारखंड के जो स्थानीय कलाकार, फिल्म मेकर, तकनीशियन, गीतकार, गायक, कोरियोग्राफर सभी इससे जुड़े होते हैं। होटल, रेस्टोरेंट, वाहन आदि भी इस युनिट से जुड़ते हैं। इस बोर्ड के अनुसार झारखंड राज्य में स्थानीय फिल्मों का निर्माण होगा उसे सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान देगी।

दूसरे राज्यों की फिल्म यहां 50 प्रतिशत से अधिक शूटिंग करेगी तभी उसे 25 प्रतिशत का अनुदान राज्य सरकार देगी।

**इन फिल्मों को मिला अनुदान :** लेकिन दुख की बात है कि बाहर राज्य से जितनी भी फिल्में आई उसे ही अनुदान दिया गया , क्योंकि




फिल्म बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष हिंदी सिनेमा के मशहूर अभिनेता अनुपम खेर को बनाया गया था , तो इसलिए यहां पर जो फिल्मों को अनुदान दिए गए थे, उसमें मुख्य रूप से हिंदी फिल्मों के ही ज्यादा ध्यान दिया गया है। जिसमें हिंदी फिल्म बेगम जान, रांची डायरीज , अजब सिंह की गजब कहानी, डेथ इन गंज, पंच लेट, और पंजाबी की फिल्में डाकुआं दा मुंडा, रोबिन हुड और भोजपुरी की फिल्म काशी विश्वनाथ, नाचे नागिन गली गली को अनुदान की राशि देने की बात बतायी जाती है। लेकिन झारखंड की अगर फिल्मों की बात करें तो सिर्फ संथाली भाषा के एक फ़िल्म थी रोफा उसे कुछ प्रतिशत का अनुदान दिया गया है, जबकि झारखंड में कई स्थानीय भाषाओं में फिल्में, एल्बम बन रही है।

खास का नागपुरी ,खोरठा ,संथाली , मुंडारी , हो, पंचपरगनिया आदि भाषाओं की फिल्में बनी है, बनाई जा रही है। लेकिन 2015 फिल्म नीति बोर्ड के गठन के द्वारा 2024 तक जितने भी फिल्में बनी है इसमें कितने कोअनुदान दिया गया है यह जांच का विषय है, फिल्म के सूत्र बताते हैं एक भी फिल्म को अनुदान नहीं मिला है। दूसरे राज्यों की फिल्म को अनुदान मिले हैं इसकी जांच सरकार को करानी चाहिए। हालांकि डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर मेघनाथ और श्री प्रकाश ने झारखंड के कई ज्वलंत मुद्दे पर डोकोमेंट्री फिल्में बनाई है, और उन फिल्मों को राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व मिला है और अवार्ड भी दिया गया है।

**अलग झारखंड की फिल्म :** झारखंड गठन होने से पहले ही यहां पर एकिकृत बिहार के समय में ही कई फिल्मों की शूटिंग हुई है और झारखंड गठन होने के बाद 2001 , 2002 में संथाली ,नागपुरी आदि भाषाओं का एल्बम का बाजार हुआ और फिर धीरे-धीरे फिल्मों का भी निर्माण शुरू हो गया । बताते चले कि अलग झारखंड 15 नवंबर 2000 के बाद जो फिल्मी आई मुख्य रूप से गुईया नंबर वन, उलगुलान एक क्रांति, हमर झारखंड, टूवर, आवारा तोरे प्यार, सुन सजना , नागपुर कर भूत ,मेहंदी रचाई ले लो रे, कर्मा, प्यार तो है गेलक, संथाली फिल्म चांदो लोखन,शगुन पेड़ा, इंजो आतु दिशुम से लेकर खोटा सिक्का सहित लगभग एक सौ से अधिक फिल्मे हैं।

**एकीकृत बिहार के समय :** झारखंड एकीकृत बिहार के समय भोजपुरी फिल्म गंगा मैया तोहरे प्यारी चढ़ाइबो 1963 को याद किया जाता है। तो वहीं 1976 की जो उस वक्त की प्रदर्शित फिल्म थी नाच उठे संसार जो एकीकृत बिहार में झारखंड के परिवेश में फिल्म को बनाई गई थी, जिसमें शशि कपूर और हेमा मालिनी द्वारा अभिनीत इस फिल्म को काफी से सराहना भी मिली थी।

ऋत्विक घटक जो हिंदी फिल्मों के एक महान फिल्म मेकर थे उन्होंने 1952 के आसपास दो डॉक्यूमेंट्री फिल्म झारखंड में सूट की थी (एक स्रोत) एवं दूसरा था( उरांव) नामक फिल्म और वहीं इसके बाद मशहूर फिल्म मेकर सत्यजीत राय ने पलामू की धरती में आरण्य दिन रात्रि 1969 के आसपास बनाए थे। अस्सी की दशक में मृणाल सेन द्वारा निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती द्वारा अभिनीत मृग्या है इस फिल्म में झारखंड की छऊ नृत्य को पहली बार दिखाया गया । इसके बाद ही हिप हिप हुर्रे प्रकाश झा ने रांची के आसपास में शूटिंग भी किए थे। विनोद कुमार के निर्देशित में आक्रांत फिल्म का निर्माण हुआ था जो झारखंड के नेतरहाट और इसके आसपास के कई जगहों में शूटिंग की गई थी । 90 का दशक में धनंजय नाथ तिवारी ने सोना कर नागपुर फिल्म का निर्माण किए थे और इसके बाद अंतिम जो एकीकृत बिहार में जो झारखंड में फिल्म अंतिम बार जो बनी है उसमें एक तो है रवि चौधरी की नागपुरी फिल्म प्रीत और दूसरा था युगल किशोर मिश्रा , प्रवीण गांगुली द्वारा निर्देशित फिल्म सजना अनाड़ी । झारखंड में ना सिर्फ फिल्म बल्कि झारखंड के फिल्मों को लेकर पत्रकार परवेज़ कुरैशी द्वारा लिखित झारखंड की पहली पुस्तक है झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावना एवं चुनौतियां इसमें झारखंड की फिल्म निर्माण से लेकर यहाँ के कलाकारों का संघर्ष को लिखा गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि 70 वां राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड में इसे भेजा भी गया था, लेकिन छोटे प्रदेश की फिल्मों पर चर्चा की गई है , इसलिए इस पुस्तक को 2024 में अवार्ड से सम्मानित नहीं किया गया।

**सरकार करे पहल:** सरकार को चाहिए झारखंड फिल्म नीति बोर्ड को पारदर्शी बनाये, यहाँ की कला, संस्कृति, सभ्यता यहां की जो पर्यटन है नदी , जल ,जंगल है इसको बचाए रखने के लिए फिल्म की शूटिंग यहां पर शुरू कराए,सुरक्षा उपलब्ध कराये, ताकि निर्माता, निर्देशक, कलाकारों का आवागमन शुरू हो सके, स्थानीय कलाकारों को महत्व मिले, स्थानीय कलाकार को सरकार अपने अधीन आर्टिस्ट एसोसिएशन कार्ड निर्गत करें और इन्हीं कलाकारों को फिल्मों में काम मिले।फिल्म सीटी स्थापित किया जाए इससे यह होगा कि न सिर्फ स्थानीय कलाकारों को रोजगार मिलेगा, बल्कि यहां के होटल ,रेस्टोरेंट, पर्यटन स्थलों को भी देश दुनिया में जाना जाएगा । सरकार को आमदनी प्राप्त होगी, राजस्वम इजाफा होगा और दूरदराज से लोग झारखंड आकर फिल्मों की शूटिंग करेंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## रांची विमेंस कॉलेज में स्वास्थ्य संबंधी कार्यशाला का किया गया आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को संची वीमेंस कॉलेज में महिला दिवस के अवसर पर अर्शी एसोसिएसन फोर सोशल वेनकेगर के द्वारा स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार के विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डाइटिशियन सरोज श्रीवास्तव को बेस्ट डायटिशियन के अवार्ड से सम्मिलित किया गया। उन्होंने बताया कि जीवन सेली में सुधार लाने के लिए आहार के प्रति अच्छी आदत बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों एव महिलाओं को सुबह का नाश्ता घर से करके निकलना चाहिए एवं टिफिन घर से लेकर आना चाहिए अगर ये संभावना हो तो कुछ ड्राई फरूट्स सीड्स अपने पास रखने चाहिए। इसके साथ ही अपनी जीवन शैली में समय पर जगना, समय पर सोना, अच्छी मात्रा में तरल पदार्थ और पानी को शामिल करना। खाने के बाद कुछ कदम चलना (कम से कम 500 कदम) कम से कम एक फल प्रत्येक दिन भोजन में शामिल करना चाहिए। उन्होंने सुबह की धूप ए की विशेषता बताते हुए कहा कि हमें विशेष तौर पर सुबह की धूप में रोजाना बैठना चाहिए अपनी सही दिनचर्या के लिए शारिरिक गतिविधियों को सम्मिलित अवश्य से करना चाहिए।इस शिविर में अर्शी एसोसिएशन के डायरेक्टर आशुतोष कुमार , सुप्रिया, जूही पांडे , अंकिता ,रिचा एवं संतोष,रांची विमेंस कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर कुमारी स्वर्णिम डॉक्टर सीएनडी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर मीनाक्षी अखोरी , डॉ प्रीति,डॉक्टर हर्षिता सिन्हा डॉ रत्ना एवं डॉ अर्पिता भी उपस्थित थे। सभी मुख्य अतिथियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस शिविर में कुल 150 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए 124 बच्चे



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय मे सोमवार को झारखंड शिक्षा परियोजना रांची द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा 2024-25 का केंद्र सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय को बनाया गया।जिसमे कोयलांचल क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय से 61 बच्चे,उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरानीराय से 29 बच्चे एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमने से 34 बच्चे शामिल हुए।कुल मिलाकर तीनों स्कुलो से कुल 124 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए।इस मौके पर सर्वप्रथम परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं को चंदन व तिलक लगाकर आचार्य एवं दीदी जी ने स्वागत कर परीक्षा भवन में प्रवेश कराया।परीक्षा दो पालियां में संपन्न हुई।प्रथम पाली में हिंदी /अंग्रेजी/अतिरिक्त विषय, द्वितीय पाली में गणित/ विज्ञान/ सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा प्रातः 9ः45 से संध्या 5ः15 तक शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना जरूरी है। संस्कार विहीन शिक्षा विद्यार्थी(पुरुष) को पुरुषोत्तम नहीं बन सकता है। परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी का अहम भूमिका रहा।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे मौजुद थे।

## बचरा में धर्मा योगा क्लब के द्वारा महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के श्रमिक क्लब में धर्मा योगा की महिलाओ के द्वारा अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजूद थी।मुख्य अतिथि सहित अन्य महिलाओं के द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।मुख्य अतिथि मुखिया रीना देवी के द्वारा नारी सशक्तीकरण पर प्रकाश डालते हुए सभी को अन्तरयष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी,साथ ही योग करने वाली सभी महिलाओं को मुखिया रीना देवी के द्वारा दरी दिया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं महिलाओं के उत्थान पर चर्चा करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।महिलाओं को उनके हक और अधिकार के प्रति जागरूक के लिए आह्वान किया गया। अंत में सभी महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी।इस कार्यक्रम में धर्मा योगा की शिक्षक रीता रजक, अनीता राव,रेखा गुप्ता,खुशबु देवी,सुलेखा चटर्जी,बिन्दु देवी,सबिता देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# बेड़ो में शांति समिति की बैठक

## होली में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो थाना परिसर में सोमवार को रंगो का त्योहार होली को लेकर शांति समिति सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, उपप्रमुख मोद्दसिर हक समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने की।

बैठक में डीएसपी अशोक कुमार ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, लेकिन कई बार असामाजिक तत्व इस उल्लास में खलल डालने की कोशिश करते हैं। ऐसे में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, लेकिन समाज के सहयोग के बिना हर जगह मौजूद रहना संभव नहीं। उन्होंने दोनों समुदायों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है और इसी दौरान होली का पर्व भी है। दोनों समुदायों को चाहिए कि वे आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ अपने-अपने त्योहार मनाएं।



थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी तरह की गड़बड़ी या डीजे बजाने से हुए नुकसान की शिकायत मिलने पर डीजे संचालक और आयोजक दोनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, होली के दिन जबरन रंग लगाने या हुड़दंग मचाने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने कहा कि होली मेलजोल और खुशी का पर्व है, जिसे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह किया कि रमजान को ध्यान में रखते हुए किसी दूसरे समुदाय के व्यक्ति पर जबरदस्ती रंग न डालें।

बैठक में नवल सिंह, करमा उरांव, बली राम सिंह, मुखिया सुशांति भगत, बसंती देवी, शरिफ बड़ाईक, नवदीप महतो, मुन्ना मलिक, सत्येंद्र साहू, मो. समसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आरटीसी बीएड महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** सोमवार को आरटीसी बीएड महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर रुद्र नारायण महतो ने फीता काटकर एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया द्य खेल- कूद प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व रुद्र नारायण महतो ने मशाल प्रज्वलित किया एवं वॉलीबॉल के खिलाड़ियों से परिचय करते हुए प्रतियोगिता का शुरूआत किया और उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष महाविद्यालय में वार्षिक खेल- कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिससे कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके द्य विद्यालय की प्राचार्यद्य डॉक्टर रिचा पदमा ने कहा कि हमें खेलों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए इससे खिलाड़ी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं द्य प्रथम दिन खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, नीडल रेस आदि खेल हुए द्य कबड्डी प्रतियोगिता में बीएड की क्1 टीम विजय रहीद्य डीएलएड की ओर से प्रथम वर्ष की टीम विजय रही द्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बीएड की क्2 टीम विजय रही द्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डीएलएड की द्वितीय वर्ष की टीम विजय रही द्य इस अवसर पर विद्यालय में समस्त व्याख्याता गण व छात्र उपस्थित थे ।



## पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली पर्व को लेकर आज मंगलवार 11 मार्च को 4 बजे से पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई है।इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार थाना क्षेत्र में होली का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।उन्होने बैठक में पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी,कर्मचारी,श्रमिक प्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि,राजनैतिक दल, पत्रकार सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध लोगों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है।

## अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में नवभारत निर्माण संस्थान के द्वारा बड़े पैमाने पर अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए नामांकन की तिथि 10 मार्च 2025 से 21 मार्च 2025 तक रखा गया है ।प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि पढ़े लिखें बेरोजगार युवक एवं युक्तियों को रोजगार दिलाना एवं आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है । इस कार्यक्रम के प्रशिक्षण प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पढ़ लिखकर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का यह बहुत ही सुनहरा अवसर है कोई भी मैट्रिक, इंटर व उच्च योग्यता धारी इच्छुक पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। इटकी ब्लॉक आकर इस कार्यक्रम के लिए नामांकन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 23 3.2025 से प्रारंभ की जाएगी

## श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर गोष्ठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री और झारखंड राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष (2024-25) के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी रांची ग्रामीण जिला द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आयोजन ऋल्रष्ट कॉलेज सभागार दड़दाग में हुआ।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी जी ने श्रद्धेय अटल जी के आदर्शों और विचारधारा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी का नेतृत्व और राष्ट्रवाद की भावना हमेशा हमें प्रेरित करती है।कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री रामटहल चौधरी जी ने अपने जीवन काल में अटल जी से जुड़ी घटनाओं के साथ अटल जी के जीवन दर्शन, उनके विकासात्मक दृष्टिकोण और झारखंड राज्य की स्थापना में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने अटल जी की काव्यात्मक सोच, सशक्त नेतृत्व और देशभक्ति भावना का स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने की।कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार,सुरेंद्र महतो, रंधीर चौधरी, प्रभुदयाल बढ़ाइक,अमरनाथ चौधरी,सुधाकर चौबे, शैलेंद्र मिश्रा, दिलीप मेहता,शशि मेहता,महानंद महतो, अनुराधा मुंडा, रामसाय मुंडा, चतुर साहू,राजधाम साहू, नीलमोह पाहन, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## थाना परिसर बुढ़मू में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर बुढ़मू में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित कि गयी। बैठक की अध्यक्षता बुढ़मू अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने किया।बैठक में होली पर्व शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मानाने को लेकर चर्चा की गई, और विचार विमर्श किया। साथ ही शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में होली पर्व से संबंधित जानकारी और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक में खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी ने लोगों से कहा कि पर्व के दौरान डीजे साउंड नहीं बजाए, उन्होंने कहा कि डीजे बजाना प्रतिबंध है। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व भाई चारे के साथ मिलजुकर मनाने को कहा।

बुढ़मू अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने डीजे साउंड बजाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और डीजे नहीं बजाने को कहा और रंग अबीर गुलाल खुशी पूर्वक एक दूसरे लोगों को लगाने को कहा। बुढ़मू बीडीओ धीरज कुमार ने शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मानाने से संबंधित बातें कहीं। मांडर इंस्पेक्टर ने वॉट्सएप पर अफवाह नहीं फैलाने को कहा। और शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने को कहा। प्रखंड प्रमुख सतनारायण मुंडा ने भाई चारे के साथ मिलजुल कर होली पर्व मनाने को कहा।

बैठक का धन्यवाद ज्ञापन बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो ने किया। बैठक के बाद उपस्थित लोगों ने बुढ़मू थाना परिसर में होली मिलन समारोह मनाया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों, और समाजसेवी लोगों ने एक दूसरे लोगों को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वही प्रशासन की ओर से मक्का के ज्ञान केंद्र के छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तक दी गई। मौके उप प्रमुख हरदेव साहू, पूर्व प्रमुख रामेश्वर पाहन, प्रखंड के ग्रामीण विकास विभाग के विधायक प्रतिनिधि सरफराज अहमद, बुढ़मू के पूर्व मुखिया गोवर्धन लोहरा, चकमे पंचायत के मुखिया, रामवृत मुंडा, बाड़े के मुखिया अनूपा उरांव, अभय प्रसाद, शुभम सिन्हा, शंकर साहू, दशरथ यादव, सुरजन गोड़ाईत, अख्तर अंसारी एवं शांति समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## होली को लेकर शांति समिति का किया गया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** थाना परिसर में होली पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक बीडीओ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाने, शराब पर पूर्ण रूप से पाबंदी रखने, वहीं 13 मार्च होलिका दहन और होली का त्योहार 14 मार्च को मानने का निर्णय लिया गया, प्रशासन के साथ समिति के सदस्यों का नगर भ्रमण किये जाने व होली में बाजार परिसर कि साफ़ सफाई सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। वहीं जबरन किसी को भी रंग व गुलाल नहीं लगाये जाने के निर्णय को कड़ाई से पालन किये जाने की भी बातें कही गयी साथ ही केमिकल मुक्त रंगो का इस्तेमाल करने की बात कही गई। बैठक में आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर इटकी के मुख्य सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की माँग दोहराई गई। बैठक का संचालन अजीत केशरी ने किया। मौके पर डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी मनीष कुमार, सीओ मो अनीस, उप प्रमुख परवेज राजा, सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।



## बालु लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बाईक सवार घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती क्षेत्र राय पंचायत स्थित राय बुढमु रांची मार्ग में सौखी महतो के घर के समीप अनियंत्रित अवैध बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल हो गया।खलारी थाना क्षेत्र के राय पंचायत मे राय बुढमु जाने वाले मार्ग स्थित सौखी महतो के घर के समीप चुरी सपही नदी से अवैध बालू लेकर जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो युवक घायल हो गया।इस घटना में बाइक सवार सीसीएल कर्मी मनभावन लोहरा की स्प्लेंडर प्लस बाईक का अगला भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही चुरी परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मी सोमनाथ महतो बाईक समेत 10 फीट खेत के गड्ढे में जा गिरा।इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।इस दुर्घटना में सीसीएल कर्मी मनभावन लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि वही एक अन्य बाइक सवार सीसीएल कर्मी सोमनाथ महतो को भी मामूली चोटे आई है।इस दुर्घटना के पश्चात आसपास के सैकड़ो लोगों की भीड दुर्घटना स्थल पर एकत्रित हो गई।वहीं अवैध बालू तस्करों द्वारा आनन फानन में पेलोडर के माध्यम से खेतों में पलटी हुई अनियंत्रित ट्रैक्टर को निकाला गया। जबकि इस मामले की प्राथमिक खलारी थाना में दर्ज नहीं कराई गई है ।



**अवैध बालु लदे ट्रैक्टर के परिचालन से दुर्धटना की बढ़ रही आंशका :** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के सड़को से इन दिनो अवैध बालु ढोने वाले ट्रेक्टरो का परिचालन काफी तेज गति से हो रहा है, जिसके कारण दुर्घटना की आशंका काफी बढ़ गई है।बताया गया कि इन दिनों अवैध बालू तस्करों द्वारा तेज रफ्तार ट्रैक्टर का परिचालन राय के सड़कों पर किया जा रहा है,जिससे आए दिन इन सड़कों पर दुर्घटना बढ़ चुकी है जिसमें कई ग्रामीण इन दुर्घटना में चोटिल हो चुके हैं। इससे पूर्व भी तेज रफ्तार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से राय दरहाटांड निवासी एक वृद्ध विधवा महिला घायल हो गई थी।स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि बालू लेकर ट्रैक्टरों का परिचालन काफी तेज गति से होता है,इसके कारण घनी आबादी वाले इलाकों में डर का माहौल बना हुआ रहता है।यदि जल्द पुलिस प्रशासन के द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में यहां दुर्घटना का सिलसिला बढ़ता ही जाएगा।

## टोयोटा ने पेश किया हाईलक्स ब्लैक एडिशन




**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो-डीज़ल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (500 एनएम टॉर्क) के साथ उपलब्ध है। इसका 4 गुणा 4 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है। इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाईलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में एक स्टैंडआउट बनाते हैं, जो सेगमेंट-लीडिंग 500 एनएम टॉर्क, एक अभिनव बहुउद्देश्यीय वाहन (आईएमवी) प्लेटफ़ॉर्म और एक असाधारण 700 मिमी पानी में उतरने की क्षमता प्रदान करता है। हाईलक्स ब्लैक एडिशन में बिल्कुल नया ब्लैक थीम वाला एक्सटीरियर है, जो इसे सड़क पर एक प्रभावशाली उपस्थिति देता है। प्रमुख डिज़ाइन संवर्द्धन में ब्लैक रंग का फ्रंट रेडिएटर ग्रिल, मस्कुलर बोनट लाइन और कस्टमाइज्ड हब कैप के साथ 18 इंच के ब्लैक अलॉय व्हील शामिल हैं। ब्लैक ओआरवीएम कवर, डोर हैंडल, फेंडर गार्निश और फ्यूल लिड गार्निश जैसे अतिरिक्त स्टाइलिंग तत्व इसे आकर्षक और जोरदार लुक देते हैं।

## सैमसंग ने फेस्टिव सीजन में लॉन्च किया खास ऑफर




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गुड़ी पड़वा, उगादी और होली के अवसर पर एक विशेष फेस्टिव कैंपेन शुरू किया है। यह ऑफर 5 मार्च से शुरू हैं, जो 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें उपभोक्ताओं को नियो क्यूएलईडी 8 के, नियो क्यूएलईडी 4के, क्यूएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी जैसे प्रीमियम एआई बिग स्क्रीन टीवी पर बेहतरीन डील्स मिलेंगी। इस ऑफर के तहत उपभोक्ता चुनिंदा खरीदारी पर 2,04,990 रूपये तक का मुफ्त टीवी या 90,990 रूपये तक का मुफ्त साउंडबार प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, 20 प्रतिशत तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और मात्र 2,990 रूपये की शुरुआती ईएमआई पर 30 महीने तक आसान किस्तों की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, सैमसंग टीवी खरीदने वाले ग्राहकों को सैमसंग साउंडबार पर 45 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इस संबंध में सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर विपलेश डांग ने कहा कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन टेक्नोलॉजी और शानदार ऑफर्स के जरिए प्रीमियम मनोरंजन अनुभव देना चाहते हैं, ताकि वे त्योहारों का आनंद अपने प्रियजनों के साथ उठा सकें। यह ऑफर सैमसंग डांट कॉम प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और देशभर के चुनिंदा सैमसंग रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध रहेगा।

## देश के लिए समर्पित है सीआईएसएफ के जवान : डॉ. सतपथी



**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जादूगोड़ा में यूसिल की सुरक्षा में जुटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की ओर से सोमवार को अपना 56वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सीआईएसएफ की ओर से बैरेक मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में कमांडो जवानों ने दुश्मनों के हमले से बचते हुए व विजय फतह को लेकर मॉक ड्रिल किया। इसके पूर्व समारोह के मुख्य अतिथि यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉक्टर संतोष सतपथी ने परेड की सलामी ली व उन्होंने यूसिल की न्यूक्लियर पावर कार्यक्रम की सुरक्षा की बखूबी जिम्मेदारी निभा रहे सीआईएसएफ की प्रशंसा की। इस मौके पर डिप्टी कमाडेंट रॉकी पीएस ने कहा कि 10 मार्च 1969 में सीआईएसएफ की स्थापना हुई। दो लाख से अधिक जवान 259 संस्थाओं में अपनी सेवा दे रहे हैं । कार्यक्रम में यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉक्टर संतोष सतपथी, वित निर्देशक विक्रम केसरी दास, उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार, डिप्टी कमाडेंट रॉकी पी एस, सहायक कमांडेंट अक्षय उगले, इंस्पेक्टर पवन कुमार, इंस्पेक्टर एस के सिंह,इंस्पेक्टर रहमान, विनय कुमार, आर पी यादव, समेत जादूगोड़ा, नरवा पहाड़, तूरामडीह के जवानों व अधिकारियों ने भाग लिया।

## प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में मनाई गई सावित्रीबाई फूले की पुण्यतिथि




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 10 मार्च को महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले की पुण्यतिथि प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल माचा पटमदा में सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा पुण्यतिथि बालिकाओं के साथ मनाया गया।महिला अधिकार के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई ने विधवाओं के लिए एक केंद्र की स्थापना की और उनको पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अछूतों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वे भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं। झारखंड सरकार के द्वारा सबसे पहले इस महान शिक्षिका के नाम पर सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है जिसमें कक्षा 8 9 ,10,11 ,और 12 की बच्चियों को छात्रवृत्ति के रूप में राशि दी जाती है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा यह कदम उठाया गया। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की सारी बच्चियों को इस योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी गई और सावित्रीबाई फूले का इस योजना के साथ क्या संबंध है यह भी बताया गया। प्राचार्या डॉ. प्रियंका झा ने बताया कि महिला दिवस एक दिन मनाने के लिए नहीं है हर दिन महिलाओं का है आप समाज में बिना डरे, शोषण मुक्त अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। अलका कुमारी और पूनम कुमारी के द्वारा छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होकर कक्षा 10 के लिए 5000 राशि प्राप्त होने की बात रखी गई ।

## ब्रह्मर्षि समाज गम्हरिया मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज, गम्हरिया मंडल की ओर से छोटा गम्हरिया स्थित शहनाई भवन में पारिवारिक होली मिलन समारोह की अध्यक्षता समाज के गम्हरिया मंडल अध्यक्ष आरपी चौधरी ने किया जबकि संचालन वीरेंद्र तिवारी ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि होली जाति-धर्म से हटकर भाईचारे का प्रतीक है। इस मौके पर उपस्थित मुख्य संरक्षक शैलेन्द्र सिंह ने भी होली के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को होली की शुभकामनाएं दी। समारोह को संरक्षक उपेंद्र शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुनीता सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर युवा कलाकार रंजन कुमार, पवन कुमार व उनकी टीम को आमंत्रित किया गया था जिनके द्वारा प्रस्तुत फगुआ गीतों का सभी ने जमकर लुत्फ उठाया। मौके पर जिला अध्यक्ष कर्नल आरपी सिंह, रमण कुमार, प्रेम कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियरंजन, सचिव रंजीत सांडिल, कदमा मंडल अध्यक्ष दीपू सिंह, जयकांत सिंह, संजय कुमार, उदय कुमार, सेवानिवृत्त डीएसपी अरविंद कुमार समेत काफी संख्या में समाज के महिला व पुरुष उपस्थित थे।

# चांडिल में सड़क दुर्घटना, एक की मौत, एक घायल

- **स्थानीय लोगों का आरोप- एनएचएआई की लापरवाही से चिलगु से शहरबेड़ा के बीच अब तक 20 लोगों की गई जान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के शहरबेरा एनएच 33 में सोमवार को सुबह लगभग 5 बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत मौके पर हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थनीय समाजसेवी एवं पुलिस ने घटनास्थल से घायल युवक को जमशेदपुर अस्पताल भेजा, जानकारी के अनुसार मृतक रांची का रहने वाला था। उक्त दोनों युवक रांची से जमशेदपुर की और जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए और एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटना में एनएचएआई की लापरवाही है। बीते 6 महीने से सड़क को वनवे साइट करके रखा है। जिसके कारण लगातार सड़क हादसे में स्थानीय लोग तथा राहगीरों की मौत हो रही है। चिलगु से लेकर शहरबेरा के बीच लगभग 50 से अधिक दुर्घटनाएं हुई हैं और 20 से अधिक लोगों ने अपनी जान गवाएं हैं। घटना के करीब दो घंटे बाद एनएचएआई की पेट्रोलिंग वाहन से स्थानीय समाजसेवी दिलीप महतो एवं सुजीत महतो ने मानवता का परिचय देते हुए मृतक के लहूलुहान शव को उठाया। चांडिल पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## डिमना में टेम्पो और कार में सीधी टक्कर के बाद खाई में गिरी दोनों गाड़ियां, 8 घायल

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम थाना अंतर्गत डिमना लेक से सटे अलकतरा फैक्ट्री के पास नाला में एक ऑटो और कार गिर गई। घटना में टेम्पो पर सवार उसका चालक व बोड़ाम निवासी एक महिला की हालत गंभीर बताई जाती है। जबकि अन्य करीब आधे दर्जन लोगों को भी चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक बोड़ाम गांव निवासी पुष्पा गोप अपनी बेटियों के साथ एक टेम्पो पर सवार होकर जमशेदपुर जा रही थी। टेम्पो के अलकतरा फैक्ट्री पार करते ही विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने सीधी टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियां करीब 50 फीट नीचे खाई में जा गिरी। घटना सोमवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे की है। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जुट गई और घटनास्थल पर मची चीख पुकार सुनकर मदद के लिए लोग आगे आए। रास्ते से गुजर रहे एक कार सवार ने घायलों को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया।

## टाटानगर स्टेशन-करनडीह मार्ग पर दो ट्रैफिक चेक पोस्ट से जनता परेशान, विधायक ने विस में उठाई आवाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटानगर रेलवे स्टेशन से करनडीह मुख्य मार्ग पर यातायात विभाग द्वारा अनावश्यक रूप से दो ट्रैफिक चेक पोस्ट बनाए जाने के कारण आम जनता, स्कूली बच्चे एवं कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर मुद्दे को पोटका विधायक संजीव सरदार ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि 1 किलोमीटर के छोटे से दायरे में दो चेक पोस्ट बना दिए गए हैं, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से लंबा समय ट्रैफिक जांच में बिताना पड़ता है। इससे खासकर स्कूली बच्चों और कार्यालय जाने वाले कर्मियों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसी एक चेक पोस्ट को हटाया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन



जरूरी है, लेकिन आम लोगों को बेवजह परेशान करना उचित नहीं है। सरकार को जल्द ही इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाना चाहिए। इस मामले पर सरकार की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया आने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने विधायक संजीव सरदार के इस प्रयास की सराहना की है।

## तिरूलडीह थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** तिरूलडीह थाना परिसर में सोमवार को बीडीओ राजश्री ललिता बाखला की अध्यक्षता में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान, थाना प्रभारी अविनाश कुमार, एएसआई रंजीत प्रसाद उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ होली पर्व को मनाने का निर्णय लिया गया। अंचलाधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान ने कहा कि शराब एवं शराबियों पर विशेष नजर रखते हुए होली मनाई जाय, चूंकि नशे की हालत में पुरानी विवाद को लेकर लोग मारपीट कर लेते हैं, जिससे रंग में भंग डालने का काम



किया जाता है। बीडीओ राजश्री ललिता बाखला ने कहा कि डीजे बजाने और अश्लील गाने बजाने वाले पर कारवाई की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारी को सभी डीजे वाले को नोटिस तामील कराने का निर्देश भी दिया। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा कि अफवाह फैलाने व हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखा जाएगा एवं अनियंत्रित व साइलेंसर खोलकर बाइक चलाने वाले पर कारवाई की जाएगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुण्डा, इन्द्र जीत महतो, लाल मोहम्मद , रसीद अंसारी, गोराचांद सिंह मुण्डा, रविन्द्र नाथ प्रामाणिक व भूतनाथ सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## कुचाई में पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र का बीडीओ ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए पलाश ब्रांड के अंतर्गत राजभर के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन किया जा रहा है। वहीं सोमवार को कुचाई प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीण विकास विभाग सरायकेला खरसावां की ग्रामीण महिलाओं के द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल उत्पाद प्रदर्शनी विक्रय केंद्र का उद्घाटन बीडीओ साधुचरण देवगम उप प्रमुख सुखदेव सरदार ने



किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि पलाश ब्रांड के जरिए हम ग्रामीण महिलाओं के हाथों से बने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे हैं। इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से गोदाम प्रबंधक दीपक रंजन महतो, बीसीओ निर्मल लकड़ा, पूर्व मुखिया प्रतिमा देवी, बदन सरदार, पार्वती गागराई, शिल्पा लेयांगी, लक्ष्मी हेंब्रम, पानो हेंब्रम, प्रियतमा महतो, अनूप कुमार बनर्जी, अनिल महतो, मनमसीह बरजो, गीता बानरा आदि उपस्थित थे।

## कमलपुर में पंचम रात्रि अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कमलपुर गांव में हर साल की भांति इस साल भी सोलोआना कमेटी की ओर से पंचम रात्रि अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शुभारंभ सोमवार को सुबह हो गया। समापन शुक्रवार को होगा। संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से छह कीर्तन मंडलियां कीर्तन प्रस्तुत कर रही हैं। इसमें चांदबांदी हरिनाम संप्रदाय, (बांकुड़ा), श्रीगुरु नित्यानंद गौरहरि संप्रदाय (पश्चिम मेदनीपुर), तपन दास हरिनाम संप्रदाय (बांकुड़ा), नेपाल दास हरिनाम संप्रदाय (पुरुलिया), हेम दास हरिनाम संप्रदाय (पुरुलिया), पड़ाशिबना



महिला संप्रदाय (पुरुलिया) व अधिकारी वैष्णव संप्रदाय कमलपुर शामिल हैं। पांच दिवसीय अखंड कीर्तन अनुष्ठान में गांव के चारों ओर भक्तिमय वातावरण बन गया है। हरिनाम का श्रवण के लिए आसपास के गांवों से काफी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कमेटी के द्वारा मंदिर एवं आसपास क्षेत्रों को विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया है, जो लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन के लिए गांव के कई लोग सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

## आधुनिक पावर ने सुरक्षा के प्रति सचेत श्रमिकों और इंजीनियरों को किया पुरस्कृत

**- एपीएनआरएल में सुरक्षा सप्ताह संपन्न**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुरक्षा नियमों को पुख्ता रूप से लागू करने और मुस्तैदी से अपनाने के लिए सरायकेला के पदमपुर स्थित बिजली उत्पादन करने वाले संयंत्र आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड के डब्ल्यूटीपी विभाग को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। सोमवार को कंपनी द्वारा 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह कंपनी परिसर में सम्पन्न हुआ। राजेश महतो और आलोक महतो को सबसे सचेत श्रमिक और एएचपी विभाग के विकास कुमार



और सी एंड आई विभाग के आशीष कुमार को सबसे जागरूक इंजीनियर घोषित किया गया जबकि एंकोटेक को सुरक्षा जागरूक संवेदक के ख़िताब से नवाजा गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों, संवेदकों व कर्मचारियों के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान चित्रांकन व सुरक्षा स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। समापन समारोह की शुरुआत में सुरक्षा का झंडा फहराया गया। ऑपरेशन और मेंटेनेन्स प्रमुख एमएन सिंह ने कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलायी। मुख्य अतिथि कम्पनी ने सीईओ अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी भी संगठन या उद्योग के लिए औद्योगिक सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। कंपनी के पदाधिकारी एमएन सिंह, राजेश कुमार शर्मा, अमल वैद्यया, एनएसपी राव और संजीव चौधरी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल हुए कर्मचारियों और उनके बच्चों, कॉन्ट्रैक्टरों को पुरुष्कृत किया गया। मंच संचालन एचआर चीफ अनिल कुमार सोनी ने किया। एमएमडी विभाग के एनएसपी राव स्वागत भाषण दिया जबकि इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रमुख संजीव चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मनोज आचार्यी, बिदेश बिद, बिमल मंडल सहित सुरक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## रामकृष्णा फोर्जिंग्स कोलाबीरा में सुरक्षा सप्ताह संपन्न



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोलाबीरा स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट-पांच में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह सोमवार को धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता मुख्य मानव संसाधन अधिकारी भूपेंद्र सिंह लोधी ने किया। उन्होंने कर्मचारियों से सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने शुन्य दुर्घटना का लक्ष्य हर समय प्राप्त किए जाने का सुझाव दिया। इस मौके पर सुरक्षा प्रबंधक नवीन सिन्हा ने सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। समारोह के दौरान एक संक्षिप्त नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को सुरक्षा के महत्व से परिचित कराना था। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन मानव संसाधन प्रमुख सत्यरंजन खटुआ ने दिया। इस मौके पर रणवीर सिंह तोमर, आदित्य प्रकाश, देबाशीष नायक, उज्जवल पात्रा, बरुन मल्लिक, रोहित कुमार, दुखन राम, सुखेन रॉय, राकेश सिंह, हरिओम, गुरुपद, ललन सिंह, प्रदीप समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीडीएस दुकानदारों के साथ बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, ई-केवाईसी पूरा करने का दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड सभागार में सोमवार को बीडीओ सह एमओ साधुचरण देवगम ने कुचाई प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में जनवरी-फरवरी माह का एनएफएस वितरण की जानकारी भी डीलरों से प्राप्त किया। वैसे डीलर जिनके दुकान में खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत कम पाया गया उन्हें वितरण प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया गया, वहीं वितरण प्रतिशत पूरा नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। जिसका अभी तक ई-केवाईसी पूरा नहीं हुआ है। उसकी सूची बनाकर जल्द ई



केवाईसी करने का निर्देश दिया। बीडीओ सह एमओ साधुचरण देवगम ने आधार सीडिंग एनएफएसए ग्रीन कार्ड धोती साड़ी व समय पर गूगल मीट पर जोड़ने हेतु समीक्षा करते हुए सभी पीडीएस दुकानदारों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उप प्रमुख सुखदेव सरदार, गोदाम प्रबंधक दीपक रंजन महतो, बीसीओ निर्मल लकड़ा, पूर्व मुखिया प्रतिमा देवी, लखीराम मुंडा, आदित्य सिंह देव, महेश्वर महतो, भुवनेश्वर मुंडा व दीपक साहू आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील माइंड ओवर मैटर की विजेता बनी आईएसएम धनबाद की नमिता दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/मुंबई :** टाटा स्टील ने अपनी वार्षिक इनोवेशन चैलेंज माइंड ओवर मैटर के 10वें संस्करण का सफल समापन किया। 7 मार्च को आयोजित रोमांचक वर्चुअल फाइनल में, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की नमिता दुबे ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के रवु रवि तेजा प्रथम उपविजेता और कुरपाटी हर्षवर्धन द्वितीय उपविजेता बने। विजेता और उप विजेताओं को क्रमशः एक लाख रुपये , 75 हजार रुपये और 50 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा सभी को टाटा स्टील के रिसर्च एंड



डेवलपमेंट विभाग में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में प्री-प्लेसमेंट ऑफर भी मिले। अन्य फाइनलिस्टों को भी प्री-प्लेसमेंट इंटरव्यू का अवसर दिया गया। विजेताओं को बधाई देते हुए टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट ड्ड टेक्नोलॉजी, आरएंडडी, एनएमबी और ग्रैफीन, सुबोध पांडेय ने कहा, माइंड ओवर मैटर के 10वें संस्करण ने देशभर के युवा इंजीनियरों की अद्भुत प्रतिभा और नवाचार की भावना को दर्शाया है। फाइनलिस्टों द्वारा प्रस्तुत समाधान न केवल उनकी तकनीकी दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि उनकी विश्लेषणात्मक सोच और वास्तविक चुनौतियों से निपटने की क्षमता को भी उजागर करते हैं। इस सीजन के फाइनल में देश के शीर्ष 5 फाइनलिस्टों ने अपनी नवाचारी सोच और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। उनके समाधान का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित जूरी पैनल ने किया, जिसमें टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट टेक्नोलॉजी, आरएंडडी, एनएमबी और ग्रैफीन, सुबोध पांडेय, चीफ प्रोडक्ट रिसर्च, राहुल कुमार वर्मा, और जेसीएपीसीपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर, अभिजीत अविनाश ननोटी शामिल थे।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

# शिक्षा में शिक्षा की खोज

**अभिप्राय** जीवन के द्वंद्व में सार्थकता की खोज में, कितना सफल होता है, इसका विवेचन ज्ञान की निरंतरता है। शिक्षा के सेतु से गुजरते ज्ञान को रोजगार के पाठ्यक्रम ने इस कद्र ओवरटेक किया कि आज इसका गुणात्मक पक्ष ही खारिज हो गया। हिमाचल में शिक्षा के मायने या तो सीधे नौकरी से चस्पां हैं या उपाधियों के तिलिस्म में ज्ञान बिखर रहा है। अध्ययन को पाठशाला में विस्तारित करने के बजाय पाठशालाओं का विस्तार अप्रासंगिक हो गया है। नौबत यह कि दर्जनों स्कूल-कालेज बंद करने पड़ रहे हैं या विज्ञान की पढ़ाई से स्कूल बेदखल करने पड़ रहे है। ऐसे में पढ़ाई की आरजू है क्या। पढ़ाई, ज्ञान, नौकरी, रोजगार और शिक्षा के सरोकार भले ही एक जैसे अभिप्राय लगते हों, लेकिन इनके भीतर व्यक्तित्व विकास और भविष्य की संभावना की परख अलग-अलग है। अब स्कूल से सीधे बीएड कोर्स में प्रवेश में पढ़ाई देखें, ज्ञान देखें, नौकरी देखें या रोजगार का अभिप्राय समझें। अगर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में डिग्रियों का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो शिक्षा के चबूतरे और परिसर बदलेंगे, वरना मात्रात्मक डिग्रियां फांस बन जाएंगी। बेशक पढ़ाना भी एक हुनर है, लिहाजा शिक्षा संस्थानों का स्तर ऊंचा होना चाहिए। इसीलिए हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, केंद्रीय मंत्री धमेंद्र प्रधान से क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान का परिसर मांग रहे हैं। बागबानी जैसे व्यावसायिक ट्रेड को स्कूली शिक्षा में शामिल करने की अरदास कर रहे हैं। होना तो यह भी चाहिए कि टीवी एवं फिल्म संस्थान का क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र हिमाचल में स्थापित हो ताकि बच्चों के लिए रोजगार के रास्ते खुलें। आश्चर्य यह कि हिमाचली मानसिकता में पाठ्यक्रम का अर्थ नौकरी तक पहुंचना है। इसलिए अगर मीडिया एवं जनसंचार की पढ़ाई शुरू हुई, तो बच्चों ने हुनर के बजाय अपने आवेदन को जनसंपर्क एवं सूचना विभाग की नौकरी में सजाना शुरू कर लिया। कांगड़ा में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का हाजिरी रजिस्टर बताता है कि वहां हिमाचल के इक्का दुक्का छात्र ही आते हैं, क्योंकि वहां से नौकरी नहीं एक निपुण व्यवसाय निकलता है। विडंबना यह कि हिमाचली शिक्षा ने छात्रों को प्रोफेशन के बजाय नौकरी की दासता करनी सिखा दी। हमने इतने वकील बना दिए कि अदालतें और केस फाइल बढ़ा कर भी बेरोजगारी के संदर्भ कम पूरे नहीं हुए। कमोबेश यही हाल बीएड कालेजों की शुमारी में भी दर्ज होता है। इंजीनियरिंग कालेजों ने इतने इंजीनियर पैदा कर दिए कि वे ठेकेदारी में भी निपुण व्यवसायी नहीं बन पा रहे। कल यही आंकड़ा मेडिकल कालेज परिसरों के बाहर नौकरी और रोजगार के द्वंद्व की शिकायत करेगा। एक बार बेरोजगारों की कतार से भी तो पूछा जाए कि उनकी शिक्षा में कहां कोताही हुई। उन्होंने जो पढ़ा, उससे जीवन की क्षमता व ऊर्जा में इतना विस्तार क्यों नहीं हुआ कि आगे बढने के लिए अब कोई तुक्का चाहिए। ऐसा नहीं है कि हिमाचल में रोजगार नहीं बढ़ा, लेकिन पढ़ाई ने इसकी योग्यता पैदा नहीं की। कहीं पढ़ाई ऊंची हो गई, कहीं यह सरकारी नौकरी की दरख्वास्त बन गई। हिमाचल में फार्मा का हब बना, लेकिन न किसी स्कूल और न ही किसी कालेज को इसके भीतर पनपते रोजगार की खबर मिली। ऐसे में अगर हिमाचल जमा दो के बाद बीएड कोर्स को सफल बनाने को आतुर है, तो बारहवीं के बाद इंडस्ट्रियल रोजगार पर आधारित कोर्स क्यों न बढ़ाए जाएं। तरह-तरह के उद्योगों में शैक्षणिक योग्यता के पाठ्यक्रम शुरू किए जाते हैं, तो हिमाचल में रोजगार के पैमाने, शिक्षा के उद्देश्य और छात्रों के संकल्प भी बदलेंगे। यानी आप वो शिक्षा दें जो छात्रों को रोजगार के सफर पर आगे बढ़ाए। प्रदेश में ऐसे रोजगार परिसरों या शहरों की आवश्यकता है, जहां शिक्षा का सफर मुकम्मल हो। अगर इंजीनियर को अपने प्रोफेशन के इतर नौकरी की तलाश है, तो शिक्षा की नाकामी में राज्य के नजरिए में भी खोट है। बेहतर होगा हम रोजगार की क्षमता बढ़ाते हुए सरकारी नौकरी के पाठ्यक्रम के बोझ से छात्रों को मुक्त करें।

> शिक्षा के सेतु से गुजरते ज्ञान को रोजगार के पाठ्यक्रम ने इस कद्र ओवरटेक किया कि आज इसका गुणात्मक पक्ष ही खारिज हो गया। हिमाचल में शिक्षा के मायने या तो सीधे नौकरी से चस्पां हैं या उपाधियों के तिलिस्म में ज्ञान बिखर रहा है। अध्ययन को पाठशाला में विस्तारित करने के बजाय पाठशालाओं का विस्तार अप्रासंगिक हो गया है। नौबत यह कि दर्जनों स्कूल-कालेज बंद करने पड़ रहे हैं या विज्ञान की पढ़ाई से स्कूल बेदखल करने पड़ रहे है। ऐसे में पढ़ाई की आरजू है क्या। पढ़ाई, ज्ञान, नौकरी, रोजगार और शिक्षा के सरोकार भले ही एक जैसे अभिप्राय लगते हों, लेकिन इनके भीतर व्यक्तित्व विकास और भविष्य की संभावना की परख अलग-अलग है। अब स्कूल से सीधे बीएड कोर्स में प्रवेश में पढ़ाई देखें, ज्ञान देखें, नौकरी देखें या रोजगार का अभिप्राय समझें। अगर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में डिग्रियों का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो शिक्षा के चबूतरे और परिसर बदलेंगे, वरना मात्रात्मक डिग्रियां फांस बन जाएंगी। बेशक पढ़ाना भी एक हुनर है, लिहाजा शिक्षा संस्थानों का स्तर ऊंचा होना चाहिए। इसीलिए हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, केंद्रीय मंत्री धमेंद्र प्रधान से क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान का परिसर मांग रहे हैं। बागबानी जैसे व्यावसायिक ट्रेड को स्कूली शिक्षा में शामिल करने की अरदास कर रहे हैं।

### आईपीसी की धारा 376 में बलात्कार को साबित करने के लिए बताए गए जरूरी घटक लिंग के प्रवेश को साबित नहीं कर पाया

# केरल हाई कोर्ट ने पीओसीएसओ के मामलों में 'रगड़-स्पर्श- स्खलन' का दायरा बाँधा

**रामस्वरूप रावतसरे**

> हाई कोर्ट ने कहा कि यह क्रिया यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3 के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध होगा। इसके साथ ही आरोपित की सजा को बरकरार रखा। जस्टिस पीबी सुरेश कुमार और जोबिन सेबेस्टियन की खंडपीठ ने इस परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा, "स्त्री के बाहरी जननांग लेबिया मेजोरा या वल्वा में पुरुष जननांग का प्रवेश, चाहे वो आंशिक हो या मामूली हो, पीओसीएसओ अधिनियम के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध होगा

**केरल** हाई कोर्ट ने हाल ही में पीओसीएसओ एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पीड़िता के बाहरी जननांग (लेबिया मेजोरा या वल्वा) के साथ मामूली शारीरिक संपर्क भी यौन हमला माना जाएगा। हाई कोर्ट ने कहा कि यह क्रिया यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3 के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध होगा। इसके साथ ही आरोपित की सजा को बरकरार रखा। जस्टिस पीबी सुरेश कुमार और जोबिन सेबेस्टियन की खंडपीठ ने इस परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा, "स्त्री के बाहरी जननांग लेबिया मेजोरा या वल्वा में पुरुष जननांग का प्रवेश, चाहे वो आंशिक हो या मामूली हो, पीओसीएसओ अधिनियम के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध होगा।'

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि इस दौरान चाहे वीर्य का उत्सर्जन हुआ हो या नहीं, यह मायने नहीं रखता। याचिका दायर करने वाले आरोपित का तर्क था कि अभियोजन पक्ष आईपीसी की धारा 376 में बलात्कार को साबित करने के लिए बताए गए जरूरी घटक लिंग के प्रवेश को साबित नहीं कर पाया। इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने पीड़िता की मेडकिल रिपोर्ट का भी हवाला दिया और कहा कि उसकी हाइमन बरकरार थी। इसलिए इसे बलात्कार की श्रेणी में नहीं माना जा सकता है। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के इस तर्क को खारिज करते कहा कि अगर हाइमन नहीं टूटा, इसका मतलब ये नहीं है कि बलात्कार या प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध नहीं हुआ है।

कोर्ट ने कहा कि साल 2013 में संशोधित आईपीसी की धारा 375 (बलात्कार) में प्रवेशात्मक हमला सिर्फ योनि में पुरुष जननांग के पूरी तरह प्रवेश तक सीमित नहीं है। इसमें बाहरी महिला जननांग और उसके आसपास का प्रवेश भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि पीओसीएसओ एक्ट में प्रवेशात्मक यौन हमले की परिभाषा में 'योनि' को साफ तौर परिभाषित नहीं किया गया है। इसलिए यहाँ आईपीसी की परिभाषा को लागू किया जा सकता है जिसमें आंशिक प्रवेश भी प्रवेशात्मक यौन हमला माना जाएगा। कोर्ट ने योनि में पूर्ण लिंग के प्रवेश को ही अपराध बनाने की आवश्यकता के



तर्क को नकार दिया। इस तरह हाई कोर्ट ने अपील को खारिज करते हुए आजीवन कारावास की सजा को 25 साल के कठोर कारावास में बदल दिया। दरअसल, केरल के कासरगोड में अपीलकर्ता ने 4 साल की बच्ची का अपने घर पर बार-बार बलात्कार और यौन उत्पीड़न किया था। अपीलकर्ता पीड़िता का पड़ोसी है। कुछ समय के बाद बच्ची ने अपनी माँ से बताया कि उसके जननांग में दर्द हो रहा है। उसकी माँ उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई तो डॉक्टर को यौन शोषण का संदेह हुआ और उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मेडिकल के आधार पर एससी/एसटी एक्ट और पीओसीएसओ एक्ट सहित रेप एवं आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान कासरगोड की निचली अदालत ने आरोपित को रेप का दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। इस फैसले के खिलाफ आरोपित केरल हाई कोर्ट गया था। केरल हाई कोर्ट ने इस केस के तमाम पहलुओं एवं साक्ष्यों को देखने-सुनने और विचार करने के बाद आरोपित की अपील याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही उसके आजीवन कारावास की सजा को 25 साल की कठोर कारावास में बदल दिया।

न्यायालय ने कहा कि पीड़िता द्वारा दोषी को जानबूझकर फँसाने के संकेत नहीं हैं क्योंकि दोनों के बीच किसी तरह की दुश्मनी नहीं है। ऐसे ही एक मामले में केरल हाई कोर्ट ने 4 अगस्त 2021 को कहा था कि आरोपित को महिला के किसी भी अंग के साथ छेड़छाड़ करने से यौन संतुष्टि मिलती है तो ये भारतीय दंड संहिता के तहत बलात्कार माना जाएगा चाहे उसने अपने लिंग को महिला की योनि में प्रवेश कराया हो या नहीं कराया हो। दरअसल, बच्ची से रेप के आरोपित ने याचिका दायर कर कोर्ट से यह जाँचने की माँग की थी कि बच्ची की जाँघों के बीच लिंग रगड़ना बलात्कार है या नहीं। कोर्ट ने कहा था कि आईपीसी की धारा 375 में बलात्कार की परिभाषा में पीड़िता की जाँघों के बीच जननांग में प्रवेश कराना यौन हमला है।

हाई कोर्ट कहा था, "आईपीसी की धारा 375 में योनि, मूत्रमार्ग, गुदा और मुँह (मानव शरीर में ज्ञात छेद) में लिंग के प्रवेश के अलावा यौन संतुष्टि के लिए अगर आरोपित कल्पना करके पीड़िता के शरीर के अन्य अंगों को ऐसा आकार दे कि उसे लिंग के घर्षण से यौन सुख मिले और वीर्य स्खलन हो तो यह बलात्कार की श्रेणी में आएगा।' मेघालय हाई कोर्ट ने मार्च 2022 में एक नाबालिग से रेप के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा था कि पीड़िता की अंडरवियर पर लिंग का स्पर्श भी बलात्कार माना जाएगा। अदालत ने कहा था कि अगर यह मान भी लिया जाए कि आरोपित ने चड्डी पहने हुए ही पीड़िता की योनि या फिर उसके मूत्रमार्ग में जबरन अपना लिंग प्रवेश कराने की कोशिश की तो भी यह आईपीसी की धारा 375 (ठ) के तहत रेप होगा।

कोर्ट ने कहा था, "23 सितंबर 2006 की घटना में एक सप्ताह बाद 10 साल की पीड़िता का मेडिकल टेस्ट किया गया तो उसकी योनि कोमल और लाल पाई गई थी। उसका हाइमन (कौमार्य झिल्ली) टूटा हुआ था। जाँच करने वाले डॉक्टर का भी कहना था कि लड़की के साथ बलात्कार हुआ है। पीड़िता ने भी कहा था कि आरोपित ने उसकी चड्डी को नीचे खींचा था।'

दृष्टि कोण

# कैसे पटेगी लैंगिक असमानता की खाई?

**धरती** के इस छोर से उस छोर तक/ मु_ी भर सवाल लिए मैं, छोड़ती-हांफती-भागती/ तलाश रही हूं सदियों से निरंतर, अपनी जमीन/अपना घर, अपने होने का अर्थ!' सुप्रसिद्ध कवयित्री निर्मला पुतुल की कविता 'अपने घर की तलाश में' से ली गई ये पंक्तियां स्त्री जीवन के यथार्थ की मर्मस्पर्शी अभिव्यक्ति है। लैंगिक समानता के वादों और दावों के बावजूद हमारे समाज में स्त्रियां दोयम दर्जे की नागरिक प्रतीत होती हैं। लैंगिक असमानता एक ऐतिहासिक और वैश्विक सत्य है। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में इस समानता की प्राप्ति की दिशा में कई निर्णायक कदम भी उठाए गए हैं, जिसके सुपरिणाम हमारे समक्ष भी हैं, तथापि लैंगिक अंतराल (जेंडर गैप) के आंकड़े बताते हैं कि अभी स्त्री मुक्ति का संघर्ष शेष है। संपूर्ण लैंगिक समानता की दिशा में की जाने वाली यात्रा सुदीर्घ होने वाली है। आइए, लैंगिक अंतराल की अवधारणा को जरा और समझें। लैंगिक अंतराल पुरुषों और महिलाओं के बीच जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यमान असमानताओं को सूचित करता है, जैसे कि आर्थिक भागीदारी, नेतृत्व भूमिकाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, और समग्र जीवन की गुणवत्ता। यह शक्ति, अवसरों और सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक परिणामों में असमानताओं को उजागर करता है। वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट जिसे विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रकाशित किया जाता है, इस अंतराल की स्थिति को समझने का प्रमुखतम स्रोत रहा है। पिछले वर्ष जून में जारी की गई रिपोर्ट आशा और निराशा का मिश्रित चित्र प्रस्तुत करती है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में प्रगति हुई है, वहीं दूसरी ओर पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने का मार्ग लंबा और चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है, वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स) इसका मुख्य मापदंड है, जो 0 से 1 तक के मानकों में निर्धारित किया जाता है। जहां 0 पूर्ण असमानता और 1 पूर्ण समानता का प्रतीक है। इस सूचकांक की गणना चार प्रमुख क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं के बीच अंतर की तुलना करके की जाती है- आर्थिक भागीदारी और अवसर, शैक्षिक प्राप्ति, स्वास्थ्य और जीवन रक्षा और राजनीतिक सशक्तिकरण। 2024 के वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक के अनुसार विश्व का औसत लैंगिक अंतराल स्कोर लगभग 0.579 है। इसका अर्थ यह हुआ कि लगभग आधी दूरी तो तय कर ली गई है। कुछ क्षेत्रों में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हुई है, किंतु यदि वर्तमान गति पर कार्य चलता रहे, तो इस अंतराल को पूरी तरह समाप्त करने में 130 वर्षों से अधिक का समय लग सकता है और यदि इस बीच ईश्वर न करे, कोविड महामारी जैसा कोई व्यवधान आ जाए तो लक्ष्य और दूर चला जाएगा। भारत में भी लैंगिक अंतराल एक गंभीर समस्या है। भारत का जीजीजीआई स्कोर लगभग 0.651 है, और वह विश्व में 140वें स्थान पर है। आर्थिक भागीदारी के संदर्भ में, महिलाओं का कार्यबल में योगदान केवल 23 फीसदी है, जो वैश्विक औसत से कहीं कम है, जबकि लड़कियों के नामांकन दर में सुधार हुआ है, भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में अभी भी कई चुनौतियां हैं। स्वास्थ्य के मामले में उच्च मातृ मृत्यु दर और स्वास्थ्य सेवाओं में असमानताएं लैंगिक अंतराल को और बढ़ाती हैं। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की संसद में भागीदारी केवल 14 फीसदी है जो निर्णय लेने में उनकी सीमित भागीदारी को दर्शाता है। भविष्य में यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में लिंग समानता प्राप्त करने में और 149 बरस लग सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अगर कोई बड़ा हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो यह लक्ष्य और दूर चला जाएगा। लैंगिक अंतराल को समाप्त करने के लिए विभिन्न सुधारों और पहलों की आवश्यकता है। सबसे पहले, नीति सुधारों की दिशा में हमें समान वेतन सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव से रक्षा करने हेतु कानूनों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही पालन-पोषण अवकाश नीतियों को सुदृढ़ करना चाहिए, ताकि घरेलू जिम्मेदारियों में पुरुषों की सहभागिता बढ़ सके। यदि हम शिक्षा क्षेत्र की बात करें तो हमें ऐसी योजनाओं में निवेश करना चाहिए जो लड़कियों को एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकता, गणित) जैसे पारंपरिक रूप से पुरुषों के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही लैंगिक भूमिकाओं को लेकर सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। यदि हम स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो विशेष रूप से मातृ और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक महिलाओं की पहुंच को सुधारने की आवश्यकता है।

कुछ अलग

# विकास के झंडे...

**नेताजी** सज-धज कर मीडिया के सामने आ चुके हैं। सिर के बाल और मूंछें कलर से चमक रही हैं। चेहरा फेशियल के बाद किसी फिल्मी सितारे की तरह दमक रहा है। मंद-मंद मुस्कान चेहरे पर चिपकी हुई है, मानो विकास की गंगा उनके मुखमंडल से ही बह रही हो। प्रेस कॉन्फ्रेंस का पूरा मंच सजा है और नेताजी आत्मविश्वास से लबालब भरे बैठे हैं। एक-एक करके उनकी निगाहें मीडिया वालों के चेहरे टटोल रही हैं, मानो चेहरा पढने की कला में वह किसी ज्योतिषी से कम नहीं। मीडिया के लिए जलपान का पूरा इंतजाम है। कैमरे ऑन हो चुके हैं। नेताजी माइक के सामने आते ही थोड़ी दार्शनिक मुद्रा अपनाते हैं, हल्की खंखार के बाद गला साफ करते हैं और कहना शुरू करते हैं, 'बात कहां से शुरू करूं और क्या-क्या गिनाऊं, यह सोचकर ही मैं असमंजस में पड़ जाता हूं। इतने विकास कार्य हमने किए हैं कि हम खुद भूल जाते हैं कि कितने किए हैं। लेकिन चलिए, विकास पर ही बात करते हैं। मैं आपसे ही पूछना चाहूंगा कि ऐसा कौनसा विकास है जो हमने नहीं किया?' नेताजी अपनी मूंछों पर उंगलियां फेरते हुए आगे कहते हैं- 'हमने शिलान्यासों की झड़ी लगा रखी है। कोई भी ऐसा कोना बता दीजिए जहां हमने पत्थर न लगाया हो। जहां पत्थर रखा, समझो विकास वहीं से शुरू हो गया। फिर जब हम उन्हीं विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे, तो नए पत्थर लगाएंगे। यानी पत्थरों की श्रृंखला विकास की सबसे बड़ी निशानी है।' नेताजी जोश में आते हैं- 'हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे प्रदेश में पत्थरों की कोई कमी नहीं है। सडक़ों पर पत्थर गिरते रहते हैं, हमारी मेहनतकश लेबर उन्हें हटाने में जुटी रहती है। हमने भी सोचा, क्यों न इन्हीं पत्थरों का सही इस्तेमाल किया जाए! हमने चौराहों, गलियों, सरकारी दफ्तरों, जहां भी जगह मिली, वहां विकास के नाम पर पत्थर लगवा दिए। विपक्ष कहता है कि विकास नजर नहीं आ रहा, लेकिन पत्थर तो नजर आ रहे हैं न? यही असली विकास है।' अब नेताजी की आवाज में गंभीरता झलकती है- 'पिछली सरकार तो कागजों पर ही विकास करती रही, उसे विकास का असली फॉर्मूला पता ही नहीं था। लेकिन हमने क्या किया? हमने विकास को होटल मीटिंग्स, हवाई दौरों, और फाइव स्टार बैठकों में ले जाकर सशरीर साक्षात्कार कराया। विकास कैसा होना चाहिए, इसे तय करने के लिए हमने समोसे से लेकर जंगली मुर्गा तक प्लेट पर परोसा। हमनें हर वह चीज चखी जिससे हमारी योजनाओं को ग्लोबल टच मिल सके।' नेताजी का आत्मविश्वास अब सातवें आसमान पर है- 'विपक्ष कहता है कि खजाना खाली है। तो हमने कहा, खाली खजाने से भी विकास हो सकता है, अगर सही लोगों को ठेके दिए जाएं। हमने अपनी पार्टी के तमाम नेताओं के रिश्तेदारों को ठेके दिए, और परिणाम देखिए, आज उनके घरों में समृद्धि बह रही है। उनकी तिजोरियां भर चुकी हैं। बिना विकास के यह सब कैसे होता?' थोड़ा ठहरकर नेताजी नया तर्क प्रस्तुत करते हैं, 'हम दिखाने में यकीन रखते हैं। हमने प्रदेश की चट्टानों पर विकास के नारे खुदवा दिए हैं। चट्टानों पर लिखे नारे ही असली विकास होते हैं। जो भी चट्टान पर लिखा दिखे, समझिए वह सरकार की योजना का हिस्सा है। नारों के दम पर सरकारें बनती और गिरती हैं, और हमारे नारे इतने मजबूत हैं कि चट्टान पर भी अमिट हैं। जनता को अब विकास देखने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है, वह गली-गली, सडक़-सडक़ देख सकती है। हमारी सरकार सिर्फ पत्थरों पर नहीं, फ्लेक्स बोर्ड पर भी भरोसा रखती है। हमने पूरे शहर में विकास कार्यों की इतनी होर्डिंग्स लगवा दी हैं कि किसी को भी यह भ्रम नहीं रहेगा कि विकास नहीं हुआ।'

देश दुनीया से

# स्वास्थ्यकर भोजन व सक्रिय जीवन को दें बढ़ावा

**प्रधानमंत्री** ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक सार्वजनिक अभियान शुरू किया, जिसमें 10 सार्वजनिक हस्तियों को अपने भोजन में 10 प्रतिशत तेल कम करने की चुनौती दी और उनसे आगे अन्य 10 लोगों को इस चुनौती से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे मोटापे से लड़ने में काफी मदद मिलेगी। एनसीडी और तेल की खपत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संदेश महत्वपूर्ण है, लेकिन यह पूरी कहानी का केवल एक हिस्सा भर है। दरअसल, बड़ी वजह है वसा का अत्यधिक सेवन, मुख्य रूप से ट्रांस फैटी एसिड या ट्रांस फैट, जो एनसीडी शृंखला का जोखिम बढ़ाने के बड़े कारकों में से एक है। ट्रांस फैट स्रोतों में डेयरी उत्पाद, घी, मांस और वनस्पति हैं। अन्य किस्म की वसा का अधिक सेवन भी हानिकारक है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा जारी आहार दिशानिर्देशों के अनुसार, नारियल तेल, घी और पामोलीन तेल में संतृप्त वसा का अनुपात सबसे अधिक है। प्रधानमंत्री द्वारा सुझाया गया विचार—खाना पकाते या उसकी सजावट करते समय उपयोग किए जाने वाले तेल की खपत को कम करना- केवल आधा कदम है। हम प्रसंस्कृत भोजन पदार्थ, फास्ट फूड, तले स्नैक्स, कुकीज इत्यादि के जरिए ट्रांस फैट ग्रहण करते हैं। अन्य कारकों में, भोज्य पदार्थों में मौजूद संतृप्त और असंतृप्त वसा का स्रोत भी कम या ज्यादा मात्रा में होता है। जन स्वास्थ्य के हित में, न केवल तेल बल्कि देसी एवं वनस्पति घी के साथ-साथ पैकेटबंद अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और डेयरी उत्पादों के सेवन में कटौती करना आवश्यक है। मोटापे के विरुद्ध अभियान में अस्वास्थ्यकारी आहार और आरामपरस्त जीवनशैली के त्याग को भी शामिल किया जाए। स्वेच्छा से खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने के लिए कहकर, प्रधानमंत्री ने मोटापे और असंक्रामक महामारी से निपटने का जिम्मा लोगों पर डाल दिया है। यह दशकों से अर्जित उस जन स्वास्थ्य ज्ञान के विरुद्ध है, जो कहता है कि स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को अपनाना व्यक्तिगत और सामाजिक, दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है। सरकार का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी नीतियों के जरिए वातावरण बनाए, जो लोगों को कम वसा वाले स्वस्थ आहार का सेवन करने में सक्षम और प्रोत्साहित करें। यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि जब सारा माहौल ही मोटापे को बढ़ावा देने वाला हो, जिसे वैज्ञानिक मोटापे को बढ़ावा देने वाला वातावरण कहते हैं- वहां कोई स्वस्थ आहार और स्वस्थ जीवनशैली कैसे अपना सकेगा। यह प्रयोजन सार्वजनिक नीतियों द्वारा आकार पाता है, वरना समुदायों को स्वस्थ विकल्प प्रदान नहीं करता। हमें व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ मोटापा और एनसीडी से निपटने के लिए जनसंख्या-व्यापी और बहुक्षेत्रीय नीतिगत दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, भारत खाद्य तेल आपूर्ति के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, और सार्वजनिक नीतियां पाम ऑयल के आयात को प्रोत्साहित करने वाली हैं। कुल आयातित खाद्य तेलों में पाम ऑयल का हिस्सा लगभग 60 प्रतिशत है। पाम ऑयल प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग का मनपसंद माध्यम है, हालांकि अनेक अध्ययनों ने इसके सेवन को हृदय रोग के बढ़ते जोखिम से जोड़ा है। खाद्य तेलों के उत्पादन और आयात को नियंत्रित करने वाली सार्वजनिक नीतियों को इस तरह से बनाया जाए कि वे लोगों को कम हानिकारक खाद्य तेलों का विकल्प प्रदान करें। पिछले कुछ दशकों में, भारत में बढ़ती आय, शहरीकरण और खाद्य उत्पादों के बढ़ते वैश्वीकरण के साथ खान-पान संबंधी आदतें बदल गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप नमक, चीनी और वसा से भरपूर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ लोकप्रिय हो गए हैं। इन उत्पादों ने खाद्य पारिस्थितिकी को बदल दिया है। जंक फूड अब हर जगह उपलब्ध है— पास-पड़ोस, मोहल्ले, स्कूल कैंटीन, कार्यालय, अस्पताल, सिनेमा हॉल, झुग्गी-झोपड़ियां, गांव तक में। इस बदलाव में नीतियों का योगदान बहुत बड़ा है। सरकारें चिप्स, कोला, कुकीज, नमकीन इत्यादि बनाने वाली प्रसंस्कृत खाद्य कंपनियों को सब्सिडी प्रदान करती हैं (इसे कृषि आधारित उद्योगों के लिए सब्सिडी के साथ भ्रमित न किया जाए)। जंक फूड उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए खाद्य कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाता है। दरअसल, होना यह चाहिए कि कम दाम पर ताजे फलों और सब्जियों की उपलब्धता प्रोत्साहित की जाए क्योंकि यह स्वास्थ्यकारी विकल्प है। लेकिन हमारी नीतियां फलों और सब्जियों को प्रसंस्कृत कर उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। तिस पर तुर्रा यह है कि खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण पिछले कुछ वर्षों से प्रमुख जंक फूड कंपनियों के साथ साझेदारी में 'ईट राइट' अभियान चला रहा है! जंक फूड पर सख्त नियमन के लिए समर्थन जुटाने के बजाय, जिसकी मांग सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता विशेषज्ञ करते आए हैं- खाद्य सुरक्षा नियामक उलटे उन कंपनियों के साथ साझेदारी कर रहा है, जिन पर इसे नकेल डालनी चाहिए। 2019 में, नियामक ने 2022 तक खाद्य श्रृंखला से औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस फैट खत्म करने के लिए एक पहल 'भारत@75 : ट्रांस वसा से मुक्ति' शुरू की थी। लेकिन, जंक फूड उद्योग के कड़े विरोध के कारण यह लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया। शारीरिक श्रमविहीन जीवनशैली और व्यायाम निष्क्रियता और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ, जिसे मोटापा बनने का मुख्य सूत्रधार बताया जाता है, उसके पीछे भी यही कहानी है। बेशक शारीरिक रूप से सक्रिय रहना और व्यायाम करना व्यक्तिगत चुनाव का मामला है, लेकिन सार्वजनिक नीतियां सक्रिय वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनसे सामुदायिक स्तर पर शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए, पैदल चलने और व्यायाम के लिए अनुकूल सार्वजनिक स्थान मुहैया करवाने से शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने में दीर्घकालीन असर है। सार्वजनिक परिवहन, पैदल चलने वालों और साइकिल चलाने के लिए अलग से रास्ता बनाने जैसे उपाय कारों के उपयोग को हतोत्साहित करने में जाने-माने उपाय हैं।



आप का नजरीया

# वे खालिस्तान समर्थक हैं!

**लंदन** में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में जो चूक हुई है, वह कोई सामान्य घटना नहीं है। खामोश नहीं बैठा जा सकता और न ही बर्दाश्त किया जा सकता है, लिहाजा यह निंदनीय घटना है। कुछ भी हो सकता था! जो खालिस्तान-समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था! यकीनन यह ब्रिटिश पुलिस की लापरवाही है। उस खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया। सवाल यह है कि जहां विदेश मंत्री बैठक कर रहे थे, उसी स्थल के करीब खालिस्तान समर्थकों को, उनके कथित झंडे के साथ, प्रदर्शन करने की अनुमति क्यों दी गई? क्या ब्रिटिश सरकार और पुलिस का ऐसे अलगाववादी तत्त्वों के प्रति रवैया कुछ ज्यादा उदार और लचीला हो गया है? यदि यह सुरक्षा चूक, किसी विदेशी मंत्री या प्रतिनिधि के संदर्भ में, भारत में हो जाती, तो पश्चिमी और यूरोपीय देश आसमान सिर पर उठा लेते! सवाल और जिज्ञासा यह भी है कि आखिर अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों में खालिस्तान-समर्थक इतने निरंकुश और सक्रिय क्यों हैं? यह पहली घटना नहीं है। मार्च, 2023 में भारतीय उच्चायोग से 'तिरंगा' उतार दिया गया था। ये सभी देश भारत के मित्र-देश, रणनीतिक साझेदार देश होने का भी दावा करते रहे हैं और खालिस्तानी उग्रवादियों, समर्थकों को भी पालते-पोसते रहे हैं। क्या यह दोगलापन नहीं है? क्या ये देश वैचारिक और बुनियादी तौर पर 'खालिस्तान' को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने के पक्षधर हैं? यदि यह सोच है, तो वह पूरी तरह भारत-विरोधी है। सिर्फ कूटनीति या संबद्ध देश के उच्चायुक्त अथवा राजदूत को तलब कर, अपनी तल्खी दिखाने मात्र से ही इस सोच का समाधान हासिल नहीं होगा। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के स्तर पर यह द्विपक्षीय संवाद होना चाहिए कि खालिस्तान का समर्थन स्वीकार्य नहीं है। इन देशों को लोकतंत्र और मानवाधिकार की परिभाषाएं, कमोबेश भारत के संदर्भ में, बदलनी पड़ेंगी। क्या ये देश यह नहीं जानते कि भारत ने खालिस्तानी उग्रवादियों के खिलाफ कितनी लंबी लड़ाई लड़ कर उन्हें कुचला है और कितनी कुर्बानियों के बाद आज भारत और पंजाब में शांति-स्थिरता का माहौल है? गौरतलब यह है कि भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे ऋषि सुनक की सरकार ने खालिस्तानियों पर शिकंजा कसने के लिए कई कदम उठाए थे। टास्क फोर्स को 1 करोड़ रुपए का फंड दिया था, ताकि सरकार खालिस्तान-समर्थक उग्रवाद से पैदा हुए खतरों को समझ सके। उनकी ऑनलाइन-ऑफलाइन धन उगाही पर भी निगरानी रखी गई थी। सुनक सरकार ने सिख समुदाय के साथ सक्रिय होकर काम किया, ताकि गुरुद्वारों और धर्मार्थ संगठनों का इस्तेमाल धन उगाही के लिए न किया जा सके। अब वहां प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी की सरकार है। उनका खालिस्तानियों के प्रति रुख नरम रहा है। बीते दो साल में स्टार्मर सरकार ने टास्क फोर्स को कोई नया फंड नहीं दिया, लिहाजा वह निष्क्रिय होकर बंद होने के कगार पर है। चरमपंथियों की जो निगरानी की जा रही थी, वह भी शिथिल पड़ी है।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

- होली और रमजान आपसी भाईचारगी व सौहार्द के साथ मनाएं
- सौहार्दपूर्ण वातावण में होली पर्व संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील
- सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई, जिला प्रशासन की रहेगी पैनी नजर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** होली और रमजान को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक (प्रोवेशन) ऋत्विक श्रीवास्तव, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों से आए जन प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें उपायुक्त और अपर पुलिस अधीक्षक (प्रोवेशन) ने जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने एक-एक कर पूर्व के दिनों में मनाए गए त्योहारों की जानकारी दी। उपायुक्त ने खुशी व्यक्त करते हुए शांति समिति के सदस्य से आगे भी प्रेम और भाईचारा के साथ पर्व मनाने की बात कही। उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही उत्पाद विभाग को संबन्धित के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाते हुए शख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (प्रोवेशन) ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो प्रशासन को सूचित करें। साथ ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचने की बात कही। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित थाना प्रभारी को असामाजिक तत्व को चिन्हित करने और पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने त्यौहारों के दौरान सक्रिय होकर पेट्रोलिंग, धारा 107 के तहत कार्रवाई, सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर बनाए रखने समेत अन्य विषयों को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने को लेकर विधि-व्यवस्था नियंत्रण के लिए पर्याप्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में किए गए अनुमंडल, प्रखंड, पंचायत व ग्राम स्तर पर शांति समिति के बैठक की जानकारी बिंदुवार ली गई। साथ ही बैठक में उपस्थित सभी शांति समिति के सदस्यों से सुझाव भी प्राप्त किया गया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से सभी को होली और पवित्र रमजान माह की शुभकामनाएं दी। बैठक में डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा, सिमरिया, टंडवा, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद विनीता कुमारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सभी थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता अंतर्राष्ट्रीय महिला माह पर आयोजित खेलकूद कार्यक्रम में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता आज एक दिवसीय दौरे पर प्रतापपुर पहुँचे। इस दौरान श्री भोगता ने प्रखंड क्षेत्र के हाई स्कूल मैदान प्रतापपुर में एकल नारी सशक्ति संगठन झारखंड के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला माह के अवसर पर आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इसके उपरांत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हरेक क्षेत्र में पुरूषों के कदम से कदम मिलाकर आगे चल रही है। आज महिलाएं अपने प्रतिभा से देश को गौरान्वित करा रहे हैं। हमारी सरकार भी महिला सशक्तिकरण के दिशा में अनेकों योजनाएं चला रही है। महिलाएं सशक्त हो रही है। उक्त कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रश्मि प्रकाश जी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, पूर्व मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, राजद महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदू यादव, वरिष्ठ नेता भोली साहू समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिलाओं ने किया होली मिलन समारोह




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत छः घरवा में संचालित जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं ने सीएलएफ क्लस्टर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम आईपीआरपी सुनीता देवी के नेतृत्व में किया गया। जहां मुख्य अतिथि गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी थी।जिसकी अध्यक्षता सीएलएफ के अध्यक्ष शीला कुमारी ने किया। एवं संचालन लेखपाल शीला कुमारी ने किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त होने की बातें किया। एवं पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चलने की बातें अध्यक्ष ने कही।वही मुखिया निर्मला देवी ने बतलाया कि अपने-अपने बच्चों को नशा से दूर रखें अभी कम उम्र में ही बच्चे नशे का शिकार होते जा रहे हैं।जिसे बचाने की जरूरत है। उसके बाद उपस्थित महिलाओं ने एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर आने वाले होली के लिए एक दूसरे को ढेर सारी शुभकामनाएं कहीं।एवं होली मिलन समारोह भी मनाया।मौके पर उपस्थित प्रतिमा देवी उषा देवी लक्ष्मी देवी रेखा देवी संगीता देवी सुमन वर्मा सरोज कुमारी निर्मला कुमारी गायत्री देवी नीतू कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## अवैध रूप से संचालित हो रहा ईंट भट्ठा, नाबालिग बच्चों से कराया जा रहा श्रम कार्य



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत अंतर्गत ग्राम सोहदाग में अवैध रूप से संचालित हो रहे ईंट भट्ठा में नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। भट्ठे का में नाबालिग बच्चों से श्रम कार्य करवाया जा रहा है, जो कि बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 का उल्लंघन है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त ईंट भट्ठा के लिए न तो किसी प्रकार की वैध अनुमति ली गई है और न ही संचालन के लिए किसी विभागीय स्वीकृति प्राप्त है। इसके बावजूद भट्ठे का संचालन लगातार जारी है। सबसे गंभीर बात यह है कि भट्ठे में कार्यरत अधिकांश मजदूर नाबालिग हैं, जिनसे दिनभर श्रम कार्य लिया जा रहा है।

# लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र सिमरिया के द्वारा प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा एवं सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं पुंडरा मुखिया विनोद महतो, सबानो मुखिया नरेश साहू ,एदला मुखिया शकुंतला देवी, संस्था सचिव मौसमी बाखला, प्रतिमा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत एवं उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया, साथ ही साथ भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर चर्चा किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि अभी के समय में लड़का लड़की में कोई भी भेदभाव नहीं है ना करना है। साथ हीं लड़कियों की शिक्षा पर ज्यादा जोर देने की जरूरत है जिससे कि किसी घर और समाज का विखंडन ना हो।कार्यक्रम में बानासांडी, पुंडरा, सबानो की लगभग 70 महिला शामिल थी। कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था के साथी प्रतिमा कुमारी, सरोज देवी, रानी कुमारी, कविता देवी, सुनिधि कुमारी, प्रगति कुमारी, भूमिका कुमारी ने अपना अहम योगदान दिया।

## होली के रंग, प्लास अबीर रंग के संग

# प्रखण्ड मुख्यालय के समीप प्राकृतिक अबीर रंग मौजूद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य द्वार के पास जेएसएलपीएस के द्वारा महिला समूह द्वारा हर्बल प्राकृतिक प्लास, पालक चुकुंदर आदि से निर्मित अबीर रंग की बिक्री की जा रही है। जिसे लगाने से ना किसी तरह का शरीर में प्रभाव ना चमड़े में रिएक्शन होती है ना चमड़े की हानि होती है। इससे होली मनाने में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है। जिसे खरीदने के लिए प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप लगी दुकान से खरीद कर वगैर नुकसान वाली होली मना सकते है। आपको बता दें कि इन दिनों बाजारों में रसायनिक रंग अबीर धड़ल्ले से बेची जा रही है। जिसके लगाने से शरीर में एलर्जी, चमड़ा रोग, बालों का झड़ना, चेहरे में दाग आना आदि कई तरह का नुकसान होता है। यही कारण है कि शिक्षित लोग अब रंगों से दूरी बना रहे हैं। रासायनिक अबीर रंग हटाओ प्राकृतिक अबीर रंग लाओ।

## बालूमाथ पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी के घर चिपकाया इश्तेहार



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस ने रविवार को न्यायालय के आदेश पर जेजेएमपी उग्रवादी एवं आर्म्स एक्ट व 17 सीएलए के आरोपी सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी के घर इश्तेहार चिपकाया। बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग के नेतृत्व में थाना कांड संख्या 203/2022 के तहत आरोपी के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी के परिजनों को एक माह के भीतर आत्मसमर्पण करने या न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया है। अन्यथा अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बाजार में लगे जाम को प्रशासन ने खदेड़ा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय मुख्य चौक में सोमवार के लगने वाले साप्ताहिक बाजार में मुख्य सड़क किनारे बाइक खड़ा होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।इसी क्रम में गस्ति से लौट रहे गिद्धौर पुलिस ने सड़क किनारे से बाइक को हटाने का प्रक्रिया शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने कई युवकों को खदेड़ा। जिसे साप्ताहिक बाजार में बाइक खड़ा करने वाले में हड़कंप में मच गया।बताते चले कि गिद्धौर का साप्ताहिक बाजार मुख्य सड़क के किनारे लगती है। ऐसे में गुजरने वाली कोलवाहन के साथ साथ छोटी बड़ी वाहन बाजार खड़ा होते ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

## भाजपा ने मनाया अटल शताब्दी सह होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को अटल शताब्दी समारोह सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि दुबे ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के योगदान को याद करते हुए कहा कि झारखंड का निर्माण अटल जी की ही देन है। उन्होंने हमेशा विचारधारा के साथ समझौता किए बिना देशहित में कार्य किया। इसके बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम सिंह, सरयू प्रसाद सिंह, सीतामनी तिर्की, कल्याणी पांडे सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर अमलेश सिंह, ईश्वरी सिंह, राजीव रंजन पांडे, महेश सिंह, लक्ष्मण कुशवाहा, बबन पासवान, अर्पणा सिंह, प्रमोद प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बरवाडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को बरवाडीह थाना परिसर में अंचलाधिकारी मनोज कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम के संयुक्त तत्वावधान में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि होली पर्व खुशियों का त्योहार है जिसमें स्थानीय लोगों में आपसी सहयोग देखा जाता है चूंकि एक समुदाय का पवित्र महीना रमजान चल रहा है और संयोग से होली पर्व के दिन जुम्मा नमाज है जिसे लेकर हमारी अपील है कि आपसी सौहार्द बनाकर होली का त्योहार मनाया जाए। उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि पर्व के मौके पर बरवाडीह एक मिसाल कायम किया है। वहीं थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि पर्व में डीजे साउण्ड पर पूर्ण प्रतिबंध है इसके अलावा अश्लील और फूहड़ गीत के साथ किसी धर्म के आस्था को ठेस पहुंचाने वाले गीत किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई अफवाह न फैलाएं पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व स्थानीय नागरिकों से अपील किया है कि होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने अपनी तरफ से भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुरी तरह मुस्तैद रहेगा। मौके पर इंस्पेक्टर अशोक सिंह, शब्बीर अहमद समेत कई लोग मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 24 कुणडीय शक्तिवर्धन गायत्री महायज्ञ



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेरेगड़ा में सोमवार को गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 24 कुंडीय शक्तिवर्धन गायत्री महायज्ञ सह पुस्तक मेला का आयोजन सोमवार को कलश यात्रा के साथ आरंभ हो गया। कलश यात्रा यज्ञ मंडप अहरि मोड़ से आरंभ होकर बाजार टांड़, देवी मंडप, महावीर मंदिर, सुड़ी टोला होते हुए चेटर नदी पहुंचा। जहां पंडित कृष्णकांत गुप्ता एवं सविता साहू द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप पहुंचा। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गेरुआ वस्त्र धारण कर अपने अपने माथा में कलश लेकर गायत्री माता की जय, हर हर महादेव, जय श्री राम समेत कई नारा लगा रहे थे। वही पुनः वापस यज्ञ मंडप पर पहुंचकर कलश को पूजा अर्चना के बाद यज्ञ मंडप में रखी गई। गायत्री शक्तिपीठ के कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि यह महायज्ञ 10 मार्च से आरंभ होकर 13 मार्च तक चलेगा। जिसमें गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार, गायत्री शक्तिपीठ डकरा एवं गायत्री शक्तिपीठ चंदवा समेत कई जगह के श्रद्धालु भाग लेंगे। वहीं प्रत्येक दिन यज्ञ मंडप पर पूजा अर्चना, यज्ञ मंडप का फेरी एवं संध्या में हरिद्वार के आए हुए विद्वानों द्वारा प्रवचन, एवम भंडारा समेत कई कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदवा शक्तिपीठ के सबिता साहू, जूली देवी, कलावती देवी, रंजीत यादव ,चंद्र मोहन समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# महिला दिवस के अवसर पर रैली व सभा का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड के जिला परिषद डाकबंगला में 10 मार्च, सोमवार को महुआडांड़ नारी जागृति संघ के बैनर तले महिला दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नारी जागृति संघ की अजिता तिग्गा ने की।महिला जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं द्वारा संगोष्ठी, नाटक मंचन और सम्मान समारोह आयोजित किए गए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के सामने कई चुनौतियां हैं, लेकिन एकजुट होकर इनका सामना किया जा सकता है। पूर्व जिला परिषद सदस्य इग्नेशिया केरकेट्टा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समानता का अधिकार मिलना चाहिए, चाहे वे किसी भी पेशे में हों या गृहिणी ही क्यों न हों। कार्यक्रम में महिला वक्ताओं ने राजनीति, समाज, अर्थव्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने पर जोर दिया।इस अवसर पर महिलाओं ने मांगे से ना मिले अधिकार, सजग हो जाओ बहनो÷ गीत की प्रस्तुति देकर जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम से पहले, महिलाओं ने जिला परिषद डाक बंगला से शास्त्री चौक, बस स्टैंड, रामपुर चौक, और बिरसा चौक तक जुलूस निकाला और माल्यार्पण कर वापस डाक बंगला पहुंचे। इस जुलूस का नेतृत्व पूर्व जिप सदस्य इग्नेशिया केरकेट्टा ने किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य एस्टेला नगेशिया, ग्रेस तिग्गा, पंचायत समिति की निर्मला टोप्पो, प्रखंड के सभी मुखिया, डॉ. ए. के. शाह, जसिंता कच्छप, अजीत पाल कुजूर, आंगनबाड़ी सेविकाएं, जल सहिया और विभिन्न गांवों से आई सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जिले में सरना धूमकुड़िया भवन के निर्माण में हावी है बिचौलियागिरी : अमित पाण्डेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में आदिवासी एवं अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए सरना स्थल, धुमकुड़िया भवन, कब्रिस्तान घेराबंदी जैसी विभिन्न योजनाओं का चयन किया गया है। हालांकि, कई ऐसे गांवों में इन योजनाओं को लागू किया गया है, जहां कोयला खनन कंपनियों द्वारा अधिग्रहण किया गया है। इन क्षेत्रों में भविष्य में खनन के कारण इन योजनाओं को तोड़ा जाना तय है, जिससे करोड़ों रुपये की बर्बादी होगी।आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने उपायुक्त को आवेदन सौंप कर कहा कि योजनाओं को उन स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए, जहां से आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज को लंबे समय तक लाभ मिल सके। ओर वैसे लोगों को चिह्नित किया जाए जो ऐसे कृत्य में सम्मिलित है।ज्ञात हो कि बिचौलियों के द्वारा फर्जी ग्राम सभा अध्यक्ष सचिव बना के वैसे जगहों को चिह्नित किया है जहां कुछ समय के बाद हि कोयला खनन का काम शुरू होना है। जांच में करोड़ों रुपए के घोटाले सामने आने कि संभावना है। धाधू रजवार बनहरदी चकला गणेशपुरा बसिया सेरेगडा अमरावडीह चेताग आदि क्षेत्रों का चयन कोयला उत्खनन के लिए किया गया है उपयुक्त ने कहा है कि जांच कराई जाएगी एवं रेकड़ बनाने में ब्लॉक से जिला तक का हस्ताक्षर होता है जो भी दोषी होंगे कड़ी करवाई किया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास जिला संगठन सचिव सरोज लोहरा विकाश कुमार अमर उरांव शंकर उरांव अर्जुन राम अनिल पासवान इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## ऐश पौंड दुलाई में सौरभ सागर नावकार पर कार्रवाई की मांग


**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा एनटीपीसी प्लांट से जहरीला रखा दुलाई में लगी सौरभ सागर, नावकार कंपनी द्वारा कल्याणपुर पिपरवार होते बोकारो ओरमांझी जाने के दौरान पब्लिक सड़क पर गिरते जहरीला राख (ऐश पौंड) से ग्रामीणों में कड़ा विरोध करके कंपनी पर कार्रवाई मांग किया है। अणिमा कुजूर और गोरी देवी ने बताया सौरभ सागर, नावकार कंपनी मैनेजिंग के नाम पर ओवरलोडिंग दुलाई कर सड़क पर गिर रहा है जहरीला राख, नो एंट्री की उल्लंघन करते आदिवासी क्षेत्रों में बेरोक टोक के बेगैर सड़क साफ किए हुए ले जा रही है। जहरीला राख से सड़क पर उड़ते धूल कण पर विरोध करने पर कंपनी से जुटे एक व्यक्ति जो सरकारी विभाग में रहकर ऐश पौंड ट्रांसपोर्टिंग के मैनेजिंग देखने के नाम पर धमकी देता है। गलत कार्यो का विरोध करने वालों को धमकी देकर मैनेजिंग के नाम पर एक सरकारी सेवक लाखो का वारे न्यारा कर रहा हैं। कौन है जालसाज जो क्षेत्र में मैनेज के साथ-साथ सरकारी विभाग को भी मूर्ख बना कर अपना रोटी सेक रहा है? बताया गया जांच होने पर उसे व्यक्ति को नौकरी जा सकती है।

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर जोरदार आवाज उठाई

# झारखंड के युवाओं के साथ हो रहा छलावा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड सरकार पर बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता और लचर नीतियों के कारण राज्य के लाखों युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि झारखंड में अब तक 7,88,522 युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन इनमें से केवल 3,51,953 युवाओं का ही नियोजनालय के जीवित डाटा में नाम दर्ज किया गया है। इसका अर्थ है की आधे से अधिक पंजीकृत युवा अब भी रोजगार के लिए इंतजार कर रहे हैं।



उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2022-2025 के बीच राज्य सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेलों और भर्ती कैंपों के माध्यम से केवल 37,219 उम्मीदवारों को ही रोजगार दिया गया है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार की रोजगार नीति पूरी तरह विफल साबित हुई है। श्री प्रसाद ने कहा कि कई विभागों में वर्षों से रिक्त पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार इन पदों को भरने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि शेष पंजीकृत युवाओं के भविष्य का क्या होगा? क्या सरकार के पास इसका कोई जवाब है? भाजपा विधायक ने सरकार से मांग की है कि वह युवाओं के साथ किए जा रहे इस अन्याय को तुरंत समाप्त करे और रोजगार के लिए ठोस नीति बनाकर योग्य युवाओं को जल्द से जल्द नौकरी दे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा युवाओं के हक की लड़ाई को मजबूती से लड़ती रहेगी और उनके अधिकार दिलाकर ही दम लेगी।

## राशन कटौती मामले को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हुए मुखर, डीलर से पूछेंगे स्पष्टीकरण

● **एदला डीलर पर राशन कटौती करने का आरोप है, लाभुकों ने आंदोलन की दी है चैतावनी**




सांकेतिक फोटो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी :** प्रखंड के एदला गांव के डीलर सूदन मेहता पर राशन कटौती करने को लेकर अखबार में छपी खबर के बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शौकत सरवर ने कड़ा रुख अपनाया है । उन्होंने डीलर के खिलाफ स्पष्टीकरण पुंछने की बात कही है और उन्हें मंगलवार को स्पष्टीकरण से संबंधित पत्र उनके पास भेजा जाएगा । प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि राशन वितरण में किसी प्रकार की शिकायत को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा । उन्होंने कहा कि डीलर को कई बार बैठक में राशन वितरण को लेकर जानकारी दी गई और किसी प्रकार के गलत कामों से बचने की सलाह दी ?बावजूद शिकायत मिलना दुर्भाग्यपूर्ण बताया। लोगों का आरोप है कि हर एक कार्ड धारकों से डीलर सूदन मेहता दो किलो राशन जबरन काटते है । वहीं चना दाल देने के नाम पर कार्ड धारी से एक रुपया के जगह 10 रुपया लिए जाते हैं । इतना ही नहीं लाभुकों ने आरोप लगाया है कि डीलर सूदन मेहता अंगूठा लगाने के बाद कई महीने का राशन भी उनके द्वारा यह कहते हुए गबन कर लिया जाता है कि आपका अंगूठा इस बार नहीं लगा पाया । जिसके बाद कार्ड धारी वहां से वापस घर भेज दिया जाता है। आरोप में कहा गया है कि डीलर मनमानी ढंग से राशन का वितरण करते हैं । हालांकि कटकमसांडी प्रखंड प्रखंड में राशन कटौती करने का मामला आज कोई नया नहीं है , बल्कि यह एक परंपरा बनते जा रहा है । कई बार कार्ड धारी ने इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया । जिसके बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा कई डीलर को निलंबित भी कर दिया । बावजूद उनके हरकत में कोई बदलाव नहीं आया है । डीलर सूदन मेहता पर पहले भी राशन कालाबाजारी करने का आप लग चुक चुका है । इनके ऊपर तत्कालीन बीडीओ अखिलेश कुमार द्वारा कार्रवाई भी की जा चुकी है ।

## बुढ़वा महादेव को लेकर दो समितियों के बीच उत्पन्न मामले का निपटारा के लिए बनेगी नई मॉनिटरिंग कमेटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बुढ़वा महादेव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर को लेकर बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति एवं बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र के बीच उत्पन्न मतभेद को मिटाने को लेकर कांडतरी पंचायत भवन में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता आदित्य साहू सोनी एवं संचालन पूर्व मुखिया भीखन महतो ने किया। उपस्थित पंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने दोनों पक्षों की बातों को सुनते हुए सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बुढ़वा महादेव प्राचीन मंदिर स्थल के लिए एक नई मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा जिसके देखरेख में बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति एवं बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र, बुढ़वा महादेव परिसर में विकासात्मक कार्य करेंगे। नई मॉनिटरिंग कमेटी का निर्णय अंतिम निर्णय होगा। इस कमेटी का निर्माण प्रखंड के सभी गांव के चयनित सदस्यों द्वारा किया जाएगा और इसके पदाधिकारी भी उन्हीं में से चुना जाएगा। नई मॉनिटरिंग कमेटी की गठन के लिए संयोजक मंडली का चयन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुकुटधारी महतो, आदित्य साहू सोनी, भीखन महतो,



रंजीत कुमार (मुखिया), रितेश ठाकुर (पसंस), रंजीत चौबे (पसंस), शशि कुमार मेहता, उमेश कु दांगी, बासमती देवी, गिनी वर्मा, श्रीकांत निराला, सबूर महतो, कविता कुमारी (मुखिया), रामचरित्र कुमार, प्रभु दयाल ठाकुर हैं। वहीं मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता, सुरेश महतो, बालेश्वर महतो, बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी (समाजसेवी), अजीत महतो, जय शंकर मेहता, डॉक्टर धनेश्वर मेहता, हुलास प्रसाद दांगी, कीनू महतो, राकेश मेहता, विकाश कुमार, मेवालाल नाग, बीगल महतो, बुद्धिनाथ महतो के अलावा कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फुले के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ ने दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम मे जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले की 128 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद मेहता ने की । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व विशिष्ठ अतिथि दिगंबर मेहता थे । साथ ही संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कांग्रेसी मिथिलेश दुबे ने किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म 03 जनवरी 1831 को हुआ था । इनका बाल विवाह 1841 को महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले से हुआ था । सावित्रीबाई फुले भारत के प्रथम बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाध्यापिक और किसान स्कूल की संस्थापक थी । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिगम्बर प्रसाद मेहता ने कहा कि सावित्रीबाई फुले द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए दिखाए गए मार्ग का अनुसरण सभी को अपने सच्चे मन, आत्मा और भावना से करनी चाहिए । उन्होंने



महिलाओं के लिए समानता की लड़ाई लड़ी । सामाजिक सुधारों की उनकी सोच शिक्षा और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी हुई है । कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेबी देवी, सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, रिंकू कुमार, सुनिल अग्रवाल सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, ऐके सुल्तान, परवेज अहमद, विजय कुमार सिंह, सदरूल होदा, अनिल भुईयां, मनोज मेहता, सतीश प्रसाद मोहता, नागेश्वर मेहता, दिनेश मेहता, राजेश कुमार मेहता, सैयद अशरफ अली, नरेश प्रसाद मेहता, बंसत प्रसाद मेहता, मो. रब्बनी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## नयी सोंच नयी पहचान के साथ महिलायें बन रही है शक्ति और समृद्धि की प्रतीक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**हजारीबाग :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर कबिलाशी पंचायत में कॉर्टेवा एग्री साइंस ने महिलाओं के सम्मान में आयोजन किया । जिसमे कंपनी के जेडसएम आशुतोष कुमार और क्षत्रिय मैनेजर समित कुमार न और राजेश कुमार एवं कपिल देव वर्मा प्रगतिशील महिलाओं को समानित किया कंपनी की ओर से महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया कृषि जगत में पद्मश्री से सम्मानित महिला किसानो की सफलता की कहानी और मिसाल भी प्रस्तुत की गई सभा में आयी महिलाओं ने भी अपनी अपनी उपलब्धियां बताई और दूसरी महिलाओं को भी आगे आकर कुछ कर दिखाने के लिए प्रेरित किया सभा में मुखिया रानी देवी, उपमुखिया लीलावती देवी ,राधा देवी ,मुक्ता साहू आदि महिलाओं ने भी अपने अपने विचार रखे और महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने की बात की अंत में केक काट कर सभी ने उल्लास के साथ सभा का समापन किया और कोर्टेवा एग्री साइंस का धन्यवाद किया ।

## बड़कागांव में बंदोबस्त कार्यालय हजारीबाग के द्वारा तस्दीक कैंप का आयोजन




**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी पंचायत भवन में बंदोबस्त कार्यालय हजारीबाग के द्वारा तस्दीक कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में बड़कागांव लोकुरा, केरी, बादम, अंबाजीत इत्यादि मौजा का भूमि से संबंधित कागजात की शुद्धिकरण की जा रही है। कैंप में भू रैयतों को भूमि संबंधित नोटिस भी दी जा रही है। मूनसरीम विनोद यादव ने बताया कि कैंप के द्वारा नक्शे के आधार पर भूमि का सत्यापन कर नया प्लॉट नंबर जारी किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इससे पूर्व 2002 - 03 में खानापूरी किया गया था। जिसका सुधार वर्तमान में तस्दीक कैंप के माध्यम से किया जा रहा है। मौके पर बंदोबस्त कार्यालय के एएसओ चमरू महली, मूनसरीम विनोद यादव, सुनील यादव, दीपक यादव, प्रकाश मेहता, संजय प्रजापति, मनोरंजन प्रसाद के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## होली को लेकर डाड़ी कलां थाना परिसर में शांति-समिति की बैठक संपन्न



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** होली पर्व और रमजान महीने को लेकर डाड़ी कलां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने कीया। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का पर्व है इसे आपसी भाईचारें एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाए। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय समस्याओ पर चर्चा किया गया। रमजान महीने में सभी मस्जिद और होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। शराब बेचने वालों पर करवाई किया जाएगा। वहीं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से अपील किया गया कि होली आपसी भाईचारें एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो। जिस किसी को रंग से परहेज है वहां पर जबरदस्ती एक-दूसरे पर रंग ना डाला जाए। किसी के भावना के साथ खिलवाड़ न किया जाए। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं अफवाह फैलाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना नजदीकी थाना या प्रशासनिक पदाधिकारियों को देने की बात कही गई। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। होली में हुड़दंग करने वाले शराबी एवं स्पीड वाहन चलाने वाले युवकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी पिंटू कुमार, एएसआई चंद्रमोहन झा, पंसस फयूम अंसारी, चेपा कलां मुखिया अनिकेत नायक, रियासत हसन, राजेश रजक, बलदेव महतो, सज्जाद राही, महफूज आलम, कामेश्वर कुमार, रफाकत हुसैन, तुलसी महतो, राजेन्द्र कुमार, बिजली महतो, प्रमोद महतो, रंजीत महतो, अनुज कुमार, किशुन कुमार आदि उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर हजारीबाग यूथ विंग हुआ सम्मानित



**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा बीते 3 मार्च को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 221 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रह किया गया। इस शिविर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रयास से रक्त संग्रह किया गया. यह रक्तदान शिविर समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सफल आयोजन के उपरांत, सोमवार को हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग यूथ विंग को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी इस सामाजिक पहल के लिए सम्मानित किया।

## बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न, भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** होली और रमजान को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने की, जबकि संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में थाना प्रभारी आभास कुमार ने कहा कि होली एवं रमजान आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की और कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि सभी लोग निर्भय होकर होली और रमजान के त्योहार का आनंद उठा सकें। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी से अपील की कि गंगा-जमुनी



तहजीब को बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहार के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि नशे में वाहन न चलाएं और किसी भी अप्रिय घटना से बचें। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की बात भी कही गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट डालने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें और ऐसी कोई पोस्ट शेयर न करें जिससे समाज में अशांति फैले। बैठक में मौजूद स्थानीय प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि बरही में सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिलकर त्योहार मनाते हैं और यह परंपरा आगे भी कायम रहेगी। बैठक के अंत में सभी प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि होली और रमजान को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है और बरही की पहचान को बनाए रखा जाएगा। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, पुलिस अवर निरीक्षक शिवम गुप्ता, नरेंद्र पाण्डेय, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, छोटन ठाकुर, मो. तौकीर रजा, रिजवान अली, मो. सागीर, परमेश्वर यादव, मो. तस्लीम, सचिन कुमार, सिकंदर कुमार, टिंकू आलम, मो. बेलाल, राजेश केशरी, सोनू यादव और पिंटू ठाकुर, संजय कुमार, मो आशिफ, गणेश यादव, सुजीत कुमार, सिकंदर कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## काली मंदिर पूजा समिति ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के सुप्रसिद्ध काली मंदिर बाजार टांड में काली मंदिर पूजा समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में जमकर अबीर- गुलाल उड़े,उपस्थित लोगों ने एकदूसरे को अबीर -गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए एक दूसरे के गले मिले।लोगो ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए।लजीज व्यंजन का लुत्फ भी उठाया गया।मौके पर उपस्थित पूजा समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा ने लोगो से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की।इस अवसर पर रोहितानंद मिश्र, चन्द्रशेखर सिन्हा, राजेंद्र पांडेय, सुनील मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, आनंद मिश्र, सतीश वैद्य,बंटी मिश्र,अनंत वैद्य,ओमप्रकाश वैद्य, गौतम भारती, लालधन महतो, सोबरन भगत, नवीन मिश्रा, लखन प्रसाद, राजू रवानी,रोहित सोनी, शंकर वर्मन, अनूप कसेरा, पवन राय, वरुण शर्मा, पीयूष सिन्हा, मनोज शीतल, अनिल सोनी, मुकेश विश्वकर्मा, रामजतन सोनी, ज्ञानी कुमार, महेंद्र कुमार, भीम पासवान, गौरव कुमार सिन्हा, गणेश पासवान, किशोर पासवान, कृष्णा सोनी, कुंदन शर्मा, सोनू कुमार ,प्रमोद पांडेय, संजीत मिश्र समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी सचिव बने घनश्याम पाठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखण्ड कमेटी का एकदिवसीय सम्मेलन किया गया ।पर्यवेक्षक के तौर पर जिला कमेटी सदस्य सविता सिंह ने तमाम प्रक्रियाओं को पूर्ण कर पुराने कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। प्रखंड सचिव में सर्वसम्मति से घनश्याम पाठक का चयन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से केंद्रीय कमेटी सदस्य आर डी मांझी ने कहा कि भाकपा माले संघर्षो की पार्टी रही है और अपने संघर्ष को जीवंत बनाने के लिए लगातार गरीब गुरुबो की आवाज सड़क से सदन तक उठाने का काम किया है अभी हाल के दिनों में भाजपा के नेता हर जगह महंगाई और बेरोजगारी से युवाओं को त्रस्त करके रखे हैं और खुद अपनी पीठ थपथपाने का काम करते हैं भाकपा माले ही एक ऐसी क्रांतिकारी संगठन है जो मुखर होकर प्रतिवाद करने का साहस




रखती है सम्मेलन में जिला सचिव पच्चू राणा एवं अशोक गुप्ता ने भी अपने विचार रखें। जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने कहा कि विष्णुगढ़ भाकपा माले का पुराना संघर्ष का धरती रहा है यहां कमेटी कभी भी कमजोर नहीं होगा आम अवाम की लड़ाई और बेहतर तरीके से चले इसके लिए नई प्रखंड कमेटी को जिम्मेदारी दिया गया है जिसे सभी मिलकर चलाएंगे प्रखंड कमेटी में जिला कमेटी के साथियों के अलावे जानकी शर्मा भोला प्रसाद सिंह ताज अंसारी रामेश्वर दास दुलारचंद प्रसाद साव वासुदेव प्रसाद मंडल उपेंद्र मनी नेमचंद साव सीताराम यादव महेश यादव जयचंद रविदास के अलावे 25 सदस्य प्रखंड कमेटी का निर्माण किया गया और पूर्व में कमेटी के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

## बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना : मिशन हॉस्पिटल में मुफ्त मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की अनूठी पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दिन सोमवार को जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना मां एवं बच्चे की मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल एवं मुफ्त डिलिवरी हेतु अनूठी पहल पर प्रेसवार्ता का आयोजित की गई। बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना के तहत सामान्य डिलीवरी मुफ्त, ?सीजेरियन ऑपरेशन मुफ्त, बेड चार्ज, दवाई, नर्सिंग चार्ज एवं पैथोलॉजी बिल्कुल मुफ्त होगा। इसके साथ गर्भावस्था में हर महीने मुफ्त चिकित्सा परामर्श बिलकुल मुफ्त प्रदान किया जाएगा। इस योजना से लाभ लेने के लिए पूर्व एक हजार का पंजीकरण करना होगा। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान एवं देखभाल प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। मिशन होस्पिटल परिवार जन सरोकार से जुडकर जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना की शुरुआत की गई है। जिसमें निशुल्क मां एवं बच्चे की उत्तम स्वास्थ्य देखभाल प्रदान किया जाएगा। मात्र 01 हजार के न्युनतम रेजिस्ट्रेशन पर मुफ्त डिलिवरी एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रदान होगा। इसके साथ ही सुकन्या योजना के तहत लडकियों को 18 वर्ष तक एवं बालक



योजना के तहत लडका का 05 वर्ष तक मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित कर कहा कि उत्तम स्वास्थ्य की देखभाल एवं सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। मौके पर संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि हजारीबाग की जनता को यह स्कीम मिशन होस्पिटल द्वारा समर्पित है। बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना के तहत माँ एवं बच्चे को निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य देखभाल एवं सामान्य डिलीवरी मुफ्त व सीजेरियन ऑपरेशन मुफ्त होगा। इस योजना से हर परिवार लाभान्वित होंगे। मौके पर प्रेसवार्ता में श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास, संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित सोरेन, डॉ रंजीत एवं असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर पूजा उपाध्याय सहित मिशन होस्पिटल के डॉक्टर्स, ऑफिस कर्मी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# होली पर्व के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** होली पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर होलिका दहन पूर्व से चिन्हित जगह पर ही आयोजित की जाएगी किसी भी नई जगह पर होलिका दहन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने होलिका दहन के दौरान स्थानीय स्तर पर वॉलिंटियर्स प्रतिनियुक्त करने उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने एवं वॉलिंटियर्स की जानकारी प्रशासन के साथ साझा करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त शांति समिति के सदस्यों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर दी जाए वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर असामाजिक तत्वों द्वारा पर्व के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश की जाएगी तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखने एवं कोई भी मामला सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देने की अपील की। वहीं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पर्व के दौरान वाहन जांच अभियान अथवा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले पर किए जाने वाले कार्रवाई को लेकर भी सभी को जानकारी दी गई। गौरतलब होकि होली पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में कुल 61 स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल के जवानों, प्रत्येक प्रखंड के लिए तीन पालियों में गस्ती दंडाधिकारियों एवं जिला नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, शांति समिति के सदस्य, थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला का जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई । इसमें कार्यकारी एजेंसी - [illegible] के प्रतिनिधि द्वारा पाठशाला में किये जा रहे कार्यों का [illegible] के माध्यम से जानकारी दिया गया। उपायुक्त के द्वारा कृषक पाठशाला का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया, ताकि प्रशिक्षण/परिभ्रमण के द्वारा जिले के कृषकों के साथ ही कृषि के विद्यार्थी एवं स्कूलों के छात्र भी कृषि एवं सम्बद्ध विषयों की जानकारी से लाभान्वित हो सकेंगे। इसके साथ ही स्केल ऑफ़ फाइनेंस का बैठक किया गया जिसमे विभिन्न फसलों, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य आदि से सम्बंधित वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वित्तीय परिमाप निर्धारण किया गया। इसके पश्चात [illegible] योजना हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा [illegible] का चयन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, रामगढ के साथ ही कृषि एवं सम्बद्ध विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए ।

## सयाल दक्षिणी पंचायत में धुमधाम से सरहुल पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल दक्षिणी पंचायत स्थित सोमवार को रेलवे साइडिंग टिपला में सरहुल पूजा मनाने को लेकर बैठक हुई। वही इस बैठक में सयाल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों के लोग इस बैठक में शामिल हुए। वहीं सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि हर साल कि भांति इस वर्ष भी धुमधाम से सरहुल पूजा मनाया जाएगा। जिसमें एक अप्रैल को सरहुल पूजा कि जाएगी और तीन अप्रैल को सामुहिक सरहुल शोभायात्रा निकाला जाएगा। जो सेंट्रल सौंदा ग्राउंड में जाकर समाहित होगा। वहीं इस बार सरहुल पूजा समिति का गठन किया गया है। जिससे सरहुल पूजा समिति के संयोजक मुखिया जगदीश साव, अध्यक्ष सुभाष कच्छप, उपाध्यक्ष राजू उरांव, सचिव सुभाष करमाली, कोषाध्यक्ष कृष्णा मुंडा आदि लोग चुने गए। वहीं इस मौके पर रूपेश उरांव,राजा कच्छप,सोमा उरांव, प्रकाश बारला, देवनारायण टोप्पो, संजय पाहन, गोविंद राम, शंकर महली,विक्की, राहुल,अजय,जुगेश,बबिंदर,दीपक,रामदयाल, संदीप, महेंद्र, प्रदीप आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों एवं रसदा ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर रसदा ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला अनुकंपा समिति की बैठक



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष 04 मामलों को रखा गया। इस दौरान समिति द्वारा आवेदन के तहत प्राप्त दस्तावेजों की समीक्षा व जाँच कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यथा लघु सिंचाई से आयुष कुमार महतो (तृतीय वर्ग), नगर परिषद से राजीव रामदास निम्न वर्गीय लिपिक , अंचल कार्यालय रामगढ़ से नागेंद्र महतो (डिगवार) चौकीदार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से सीमा देवी अनुसेवक (चतुर्थ वर्ग )के लिए समिति द्वारा समीक्षा उपरांत अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की अनुशंसा की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राज्य कर पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, स्थापना उप समाहर्ता पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

*झामुमो कार्यालय में होली सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया*

## सारे गिले-शिकवे मिटाकर प्रेम भाईचारे के साथ मनाए रंगो का त्योहार : अजय सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी चेकपोस्ट स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रधान कार्यालय में सोमवार को होली मिलन समारोह सह कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बरकासयाल के महाप्रबंधक अजय सिंह उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम के संयोजक झामुमो के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया के पुत्र पियुष बेदिया ने मुख्य अतिथि अजय सिंह को होली के अवसर पर मुर्खाधिराज कि उपाधी के रूप में टोपी व माला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम कि शुरुआत किया गया। कार्यक्रम से पुर्व सभी परियोजना पदाधिकारी,श्रमिक नेता,विस्थापित नेताओ को भी मुर्खाधिराज कि उपाधी दी गई। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि लोग गिले शिकवे भुलाकर आपसी भाईचारे के साथ होली मनाए। वहीं जीएम श्री सिंह ने यह भी कहा कि बिना श्रमिक नेता व विस्थापित नेता के सहयोग के बिना यहा कोई कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता है। वहीं होली मिलन समारोह में क्षेत्रीय सचिव यूसीडब्लूयू विंध्याचल बेदिया, क्षेत्रीय सचिव आरसीएमयू राजू यादव, स्टाफ आफिसर (सिविल) आर बसाक, बिरसा पीओ सुबोध कुमार, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, सौन्दा डी पीओ रामेश्वर मुंडा, भुरकुंडा पीओ राकेश कुमार सत्यर्थी, सयाल डी पीओ शंभू शरण सिंह,गजानंद साव, नेपाल यादव, भुटू शर्मा, डब्बू सिंह, चरका करमाली, सूरज बेसरा, खान प्रबंधक पीके सेन गुप्ता, राकेश प्रियदर्शी, बासुदेव साव, संजय शर्मा, नागेंद्र सिंह, सरोज कांत यादव, महावीर प्रसाद, वींरेंद्र पासवान,प्रदीप गुप्ता,वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में शंकर साव, उदय मेहता,संजय करमाली, संजय वर्मा, उदय मालाकार,सतेन्द्र यादव, शत्रुध्न सिंह,लालू महतो,कृष्णा सोरेन, जय प्रकाश सिंह,कुलदीप साव, अनिल साव, धर्मवीर सिंह,गुड्डु साव, आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## वैश्य समाज की होली महोत्सव में एकता और भव्यता की दिखी अनोखी झलक,राखी कुमारी सहित कई लोग किए गए सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड वैश्य समाज के द्वारा होली मिलन समारोह गणक मैरिज हॉल रामगढ़ में आयोजन किया गया। जिसमें 56 वैश्य उपजातियां के द्वारा एक मंच पर होली मिलन समारोह मनाकर अनोखी एकजुटता और भव्यता का परिचय दिया। झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता की अध्यक्षता एवं वैश्य समाज के वरिष्ठ सदस्य शिव शंकर साहू के द्वारा मंच संचालन किया गया। होली महोत्सव के उपलक्ष पर मुख्य अतिथि बड़कागांव पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय (सचिव कांग्रेस) अंबा प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अंबा प्रसाद ने कहा कि वैश्य समाज सदियों से आर्थिक मूल्यों और नीतियों का धरोहर रहा है। वैश्य समाज के साथ-साथ अन्य समाज और सांस्कृतिक संगठनों की होली महापर्व विभिन्नताओं में एकता की एकजुटता का संदेश है जो हमारे देश की मिट्टी में ही संभव है। वैश्य समाज के सुख-दुख में हमेशा की तरह हमारी उपस्थिति रही है और रहेगी। इस होली मिलन समारोह में प्रसिद्ध कलाकार राजू हलचल के द्वारा भव्य संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। हमारे अतिथि सह समाजसेवी धनंजय कुमार उर्फ पुटुस, समाजसेवी कमल बगड़िया, समाजसेवी दीनदयाल कुमार, समाजसेवी उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी रणधीर गुप्ता, समाजसेवी पंकज बरनवाल, राजकिशोर साहू उर्फ़ लपेटा जी ,अरविंद साहू, शंकर अग्रवाल, जवाहर गुप्ता, विनोद कुमार, नितेश गुप्ता, बद्री विश्वकर्मा, अमित राज साहू, केंद्रीय सदस्य देवेंद्र प्रसाद, छोटेलाल मोदी, लख्खी राणा, राखी कुमारी इत्यादि सभी को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। सत स राखी जी ने कहा कि %सूरज जैसा चमकना है तो सूरज जैसा तपना होगा। नदी जैसा बहाना है तो पहाड़ों से निकलना होगा।।एवं महिलाओं का सशक्तिकरण में उच्च शिक्षा और माता-पिता का सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है। जिसका आनंद उपस्थित गणमान्य वरिष्ठ अभिभावकों, देवतुल्य माताओं- बहनों, बंधुओं और समाज के अतिथियों ने उठाया। केंद्रीय सदस्य(केशरवानी समाज के अध्यक्ष) किशोरी लाल केसरी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा का समापन किया। सैकड़ो की संख्या में झारखंड वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

## 31/03/2025 तक राशन कार्ड धारी को ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य : खाद्य आपूर्ति विभाग पतरातू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड वर्किंग हाल में एक कार्य शाला का आयोजन किया गया जिसमें राशन कार्ड में अंकित लाभुक को ईकेवाईसी दिनांक 31/03/2025 तक निश्चित रूप से करवा लेना आवश्यक बताया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पतरातू सुमित कुमार द्वारा जानकारी दी गई की अगर किन्ही लाभुक का आधार से राशन कार्ड या मोबाइल लिंक नहीं हो रहा है तो वैसे लाभुक आधार केंद्र पर जाकर अपना आधार लिंक करवा सकते है और कोई समस्या होने पर पंचायत आधार केंद्र में जाकर जनप्रतिनिधियों के निगरानी में आधार अपडेट करवा सकते हैं।आगे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि अगर लाभुक 31/03/2025 तक ई केवाईसी नहीं करवाते हैं तो उनका नाम राशन कार्ड से नाम कट जाएगा तथा लाभुक अपने संबंधित विक्रेता से संपर्क कर अपना ईकेवाईसी तय समय के अनुसार अवश्य करवा लें। कार्यशाला कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा,पंचायत समिति सदस्य डब्लू पांडे,प्रभात कुमार,मुखिया बृजेश कुमार,जन वितरण प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार रवानी,कोषाध्यक्ष शशि अग्रवाल,विक्रेता गण देवराज सिंह,किशोर बेदिया,वीरेंद्र सिंह,नरेंद्र सिंह,सुदामा प्रसाद,देवनाथ सिंह,मुद्रिका प्रसाद,प्रदीप मेहता,रामकुमार सिंह के अलावे प्रखंड पतरातू के सभी विक्रेता गण उपस्थित थे। मौके पर खाद्य वितरण सह आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित हो रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## श्याम बाबा के खजाने के कूपन का कार्यक्रम संपन्न हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा आयोजित बाबा के खजाने के कूपन का कार्यक्रम आज 10 मार्च को फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारीयों के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी सहित कई गणमान्य पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित थी। अध्यक्ष सावर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल गोयल,सह सचिव विकास अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष संजय चौधरी ,भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल के साथ-साथ शंकर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, दीपक मेवाड़, अरुण गोयल, संगीता अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल ,शालू गुप्ता ,निशा अग्रवाल ,विष्णु पोद्दार, श्याम परशुरामपुरिया, ओमप्रकाश अग्रवाल ,राजेश पथरवा ,प्रभात अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कमल बगड़िया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। प्रथम पुरस्कार सुबह किलो चांदी के निशान एवं20 द्वितीय पुरस्कार, बाकी अन्य कूपन में 10 ग्राम का एक चांदी का सिक्का प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार का वितरण 12 मार्च से 15 अप्रैल को शाम 7ः00 से 9ः00 के बीच में किया जाएगा। कूपन की मूल प्रति कूपन धारकों को जमा करनी होगी। कूपन धारकों को पुरस्कार प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल तक होगी। कोई भी अन्य जानकारी ड्रॉ कमेटी के द्वारा प्राप्त की जा सकती है। प्रथम पुरस्कार केक कूपन का नंबर 0175, द्वितीय 20 पुरस्कार के नंबर निम्न प्रकार हैं,1683, 0474,3545, 1362, 1202, 0606, 2656, 3571,1070,0508, 2172, 1068, 0781, 0968, 3460,1672,2104,3368,3554,0628, बाकी अन्य कूपन धारी को 10 ग्राम के चांदी का सिक्का मिलेगा।

## झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को मात्र दो पदाधिकारी संचालन कर रहा है : जयराम महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व डुमरी विधायक आदरणीय टाइगर जयराम कुमार महतो ने झारखंड के शिक्षा व्यवस्था को लेकर विधानसभा में जोरदार तरीके से आवाज उठाई है! टाइगर जयराम महतो ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में बजट 12त्न हो या 24त्न हो, इतना बड़ा बजट के बाद भी अगर इस राज्य के सरकारी पदाधिकारी, इस राज्य के माननीय विधायक, माननीय सांसद, अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने में अगर असक्षम है ! तो मेरे हिसाब से शिक्षा का बजट का कोई औचित्य नहीं है अध्यक्ष महोदय! तथा बात करें झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद का तो इसको संचालन करने के लिए मात्र दो पदाधिकारी है,पहला डायरेक्ट तथा दूसरा एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर है । बाकी सब संविदा पर है, और सारे के सारे गैर झारखंडी है । दो विभाग को आपके 50 ऑफिसर संभाल रहे, और एक विभाग जहां अढाई करोड़ का वित्तीय बजट होता है! एक साल का ! यह एक गंभीर मामला है, जांच की जाय ! अढाई हजार करोड़ का जहां वित्तीय बजट है! वहां पर दो ऑफिसर चला रहे हैं, वह भी सब संविदा पर है! और सारे के सारे यूपी ,बिहार ,राजस्थान, गुजरात, झारखंड का नग्नय लोग हैं! तो इस तरह से झारखंड राज्य बनने का कोई औचित्य नहीं दिखता है, अध्यक्ष महोदय ! पूर्व की सरकार और वर्तमान सरकार में अंतर सिर्फ इतना दिखा की कपड़ों का रंग और स्कूल की दीवार का रंग मे सिर्फ परिवर्तन में हुआ! पूर्व की सरकार में कपड़ा का रंग गेरुआ तथा वर्तमान में हरा रंग एवं अगली सरकार को घोटाला करना है तो कपड़ा का रंग पीला कर देगा क्योंकि यह प्रचलन में नहीं है, हरा रंग भी प्रचलन में नहीं है, गेरुआ रंग भी प्रचलन में नहीं है! अध्यक्ष महोदय यह बहुत बड़ी बीमारी है ! शिक्षा में इस प्रकार हावी है तो समझ सकते हैं इस राज्य का दशा और दिशा क्या होगी।

## रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झारखंड पुलिस भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी का मामला विधानसभा में रखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने आज झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करते हुए जल्द से जल्द भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की। विधायक ममता देवी ने कहा कि 22 जनवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 तक पुलिस भर्ती के लिए आवेदन लिए गए थे, लेकिन अब तक लिखित या शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। इससे झारखंड के 19.5 लाख अभ्यर्थी अत्यधिक परेशान हैं और अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देरी के कारण झारखंड के अभ्यर्थी अन्य राज्यों में जाकर परीक्षा का फॉर्म भरने और मजदूरी करने को मजबूर हो रहे हैं, जो राज्य के युवाओं के साथ अन्याय है। ममता देवी ने सरकार से अविलंब भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके और वे रोजगार के अवसरों से वंचित न हों।

## रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालु के साथ हुए दुर्व्यवहार निंदनीय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सुरक्षा में लगे जवानों द्वारा श्रद्धालुओं पर किए जा रहे लाठी चार्ज का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।इस विषय पर सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।मामले को लेकर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में जब भी मुंडन का लगन होता है तो श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है, ये कोई नई बात नहीं है।ऐसे में सुरक्षा में लगे जवानों को संयम से काम लेना चाहिए ना कि श्रद्धालुओं पर लाठी चार्ज करना चाहिए। मां छिन्नमस्तिका मंदिर विश्वविख्यात मंदिर हैं यहां झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों व देशों से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते हैं। ऐसे में इस प्रकार की घटना से जिला का नाम खराब होता है। श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले जवानों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## बुधबाजार एन एच 23 में सड़क दुर्घटना मे एक खतरे से बाहर, दो अन्य घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रजरप्पा थाना क्षेत्र के बारलोंग पंचायत अंतर्गत बुध बाजार मोड़ एन एच 23 सड़क मार्ग पर बाईक चालक दुर्घटना हो गई, दो पहिया चालक तेज गति से सामने खडे चार पहिया वाहन के पीछे जाकर ठोकर मार दिया, जिसका होंडा 125 सीसी बाइक संख्या ([illegible] 5672) पर तीन लोग सवार होकर तेज गति से जा रहें थे इसी क्रम में बाइक रफ्तार तेज होने से अनियंत्रित दूसरी वाहन को पीछे से टक्कर मार दिया और घटना को अंजाम दिया, जोरदार टक्कर होने के कारण मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई दुर्घटना से बाइक चालक युवक का बाया पैर टूट गया और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए बताया गया कि बरकाकाना से चितरपुर की ओर बाइक से तीनों युवक जा रहे थे इसी क्रम में सड़क दुर्घटना हुई घटना के बाद तुरंत पास पड़ोस के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और सड़क घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज के लिए ऑटो से सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## वृद्धा आश्रम में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन, उपायुक्त ने वृद्ध जनों के साथ खेली होली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** संबलपुर स्थित ओल्ड इज होम में लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम एव रोटी बैंक यूथ क्लब के सौजन्य से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा उपस्थित हुई। उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। उपायुक्त को आश्रम में निवास करने वाले वृद्ध जनों ने अबीर गुलाल लगा कर होली खेली। वहीं उपायुक्त ने भी वृद्ध जनों को अबीर गुलाल लगा कर आशीर्वाद लिया। मौके पर भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी ने होली की एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया।वही इस मौके पर आश्रम के सचिव सुरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, मीडिया प्रभारी विजय सिन्हा, मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखंड के महासचिव मुख्तार अहमद, हरेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, राहुल सिंह, ऋषभ राज, सुबल सिंह सहित आश्रम एवं रोटी बैंक के अनेकों सदस्य उपस्थित थे। वही धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समस्त देश वासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

- लाउडस्पीकर पर अश्लील गाना बजाने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई, डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी
- मिलजुल कर मनाएं होली, पवित्रता से मनाएं रमजान : उपायुक्त
- हुड़दंगियों पर होगी कठोर कार्रवाई : सिटी एसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली एवं रमजान त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक न्यू टाउन हॉल में आयोजित की गई।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि होली मिल जुल कर मनाने का त्योहार है। वहीं रमजान का महिना पवित्र माह है। सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। त्योहारों के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए संवेदनशील स्थानों में स्टेटिक फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावा विभिन्न इलाकों में मोबाइल पेट्रोलिंग जारी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि होली के अवसर पर डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। वहीं लाउडस्पीकर पर अश्लील गाना बजाने वालों पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान पानी, बिजली, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य जो भी समस्याएं सामने आई है उसका समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। वहीं पानी की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1800-8904-160 पर फोन कर सूचना दे। सूचना देने वाले को अपना होल्डिंग नंबर एवं वॉटर कनेक्शन नंबर दर्ज कराना होगा।बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत प्रशासन और थाना को सूचित करें। स्वयं फैसला नहीं लें। युवकों पर नजर रखें। समाज का अहित चाहने वालों की सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों को प्रशासन ने चिन्हित कर लिया है। ऐसे तत्वों को हिरासत में लिया जाएगा। सिटी एसपी ने लहरीया कट और खतरनाक तरीके से बाइक चलाने वालों की सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया। सिटी एसपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस का सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एक्टिव रहेगा। सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह फैलाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों का समर्थन नहीं करने की अपील की।बैठक में राम गोपाल भुवानिया, महादेव हांसदा, रवींद्रनाथ धीवर, अजय नारायण लाल, अतह नवाज खान, शिवांशु श्रीवास्तव, एजाज अहमद, मोहम्मद सोहराब, सावित्री पांडेय, बैजनाथ यादव, मो एजाज अली, अशोक महतो, मो असफाक हुसैन, अजीत कुमार मिश्रा, अमनदीप सिंह सहित जिले के विभिन्न शांति समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।शांति समिति की बैठक समाप्त होने के बाद प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर विभिन्न पहलुओं पर दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, डीएसपी शंकर कामती, नौशाद आलम, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला के अलावा विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## पहला कदम में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में सोमवार को पैरेंट्स- टीचर मीटिंग आयोजित की गई। जिसका एजेंडा दिव्यांग बच्चों कि फाइनल एग्जाम के रिजल्ट घोषित करना था। ऐसे समय मे अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फाइनल परीक्षा का परिणाम बच्चों के लिए महत्वपूर्ण होता है। सफलता से आत्म विश्वास बढ़ता है और असफलता से सीख मिलती है। मीटिंग में शिक्षको ने अभिभावकों को उनके बच्चों का प्रोग्रेस रिपोर्ट दिया और बच्चों कि शिक्षण प्रशिक्षण को और कैसे बेहतर किया जाए इस पर चर्चा की गई। पहला कदम स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सर्वांगीण विकास की कामना की।

## हाड़ी जाति विकास मंच जिला कार्यकारिणी बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद के भूली में स्थित शांति वाटिका में हाड़ी जाति विकास मंच धनबाद जिला कार्यकारिणी बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डब्लू हाड़ी एवं मंच संचालन जिला सचिव बच्चन हाड़ी ने किया। इस होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महासचिव राजू प्रसाद हाड़ी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी कुमार हरि, प्रदेश संगठन सचिव कालो हाड़ी, सुनील हाड़ी, प्रदेश उप कोषाध्यक्ष भोला हाड़ी, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी उपस्थित हुए। इस समारोह में मुख्य रूप से विभिन्न जिलों, प्रखंडों एवं शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित हुए। सभी ने एक साथ मिल कर एक दूसरे को रंग अबीर लगाया साथ ही सभी को होली की बधाई दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी कुमार हरि ने कहा कि रंगों के त्यौहार होली हम सभी को एक साथ मिल कर पूरे धूम धाम से मनाना चाहिए और आज के इस बैठक में समाज हित में महत्वपूर्ण कार्य करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सुबह हा, मन्नू प्रसाद हाड़ी, प्रदीप हाड़ी, मानिक चंद हरि, धुरन हाड़ी, राजू हाड़ी, परेश हाड़ी, शिवनाथ हाड़ी, दीनानाथ हाड़ी, नारायण हाड़ी आदि लोग उपस्थित हुए।

## रोजगार को लेकर निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना जारी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईसीएल के गोपीनाथपुर कोलियरी प्रबंधन की वादाखिलाफी से नाराज निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने के दूसरे दिन समिति सदस्यों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। साथ ही प्रबंधन को चेताया की प्रबंधन ने स्थानीय 30 बेरोजगारों को रोजगार देने का जो आश्वाशन दिया था उसे जल्द पूरा करे नहीं तो जीसीपीएल कंपनी का चक्का जाम कर देंगे जिसके जिम्मेवार प्रबंधन होगी।इधर मीडिया से बातचीत में निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति के अध्यक्ष चंदन दास ने बताया कि प्रबंधन ने हमे आश्वस्त किया था कि 30 लोगो को रोजगार से जोड़ने का काम प्रबंधन करेगी। साथ ही पहले फेज में 15 सिक्युरिटी गार्ड और 15 हेल्पर की नियुक्ति की जाएगी लेकिन प्रबंधन ने वार्ता कर वादाखिलाफी करने का काम किया जिससे नाराज हम स्थानीय ग्रामीणों ने निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए है। जब तक कंपनी नियुक्ति पत्र नहीं देती तब तक आंदोलन जारी रहेगा और प्रबंधन उसके बाद भी मनमानी करने का काम करेगी तो आगे आंदोलन और तेज होगी जिसका जिम्मेवार जीसीपीएल प्रबंधन होगी।

## स्व बल्ला गुरूजी क्रिकेट प्रीमियर लीग में महाकाल इलेवन बना चैंपियन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ भीम राव आंबेडकर क्लब के सहयोग से नौर्थ जियलगोरा भूलि क्वार्टर क्रिकेट मैदान में आदर्श मध्य विद्यालय के प्राचार्य सबो के गुरूजी स्व बलराम प्रसाद उर्फ़ बल्ला गुरूजी की याद में स्व बल्ला गुरूजी क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाईनल मुकाबला खेला गया। फाईनल मुकाबला महाकाल इलेवन भूली क्वार्टर बनाम स्टार इलेवन ऊपरधौड़ा के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए महाकाल इलेवन की टीम ने पांच विकेट पर 115 रनों बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी स्टार इलेवन की टीम पुरे ओवर खेलते हुए पांच विकेट पर मात्र 56 ही बना सकी। महाकाल इलेवन की टीम 59 रन से विजय हुई। विजेता टीम को स्व बलराम प्रसाद की पुत्री बबली कुमारी तथा उपविजेता टीम को कोयलांचल पत्रकार संघ के संस्थापक मुख़्तार अहमद ने ट्रॉफी देकर पुरुस्कृत किया। विजेता तथा उपविजेता टीम के सभी खिलाडियों को समाजसेवी उदय प्रसाद तथा पत्रकार समीम हुसैन, कृष्णा शाहिस ने मेडल पहना कर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मनीष कुमार तथा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तनवीर खान बने। इस लीग में कुल 32 टीमो ने भाग लिया था। टूर्नामेंट को सफल बनने में बंटी, बबलू, संटी, रवि, समीर, साजिद अकरम, शुभम, प्रेम, विक्रम, राहुल, तनवीर का सराहनीय योगदान रहा।

## जामाडोबा ब्राइट स्कूल में पहली बार कुरान के तर्जुमे के साथ हुई तरावीह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** जामाडोबा में 8 दिन की तरावीह ख़तम हुई। 29 वर्षो से जामाडोबा ब्राइट स्कूल में दुकानदार एवं फलाहुल मुस्लिम कमेटी तरावीह कराती आ रही है। कम समय में सभी दुकानदार को 8 दिन की तराबी के साथ साथ अपनी दुकानदारी करने का मौका मिलता है। जामाडोबा, फुसबंगला, डिगवाडीह, भौरा, नुनिकडीह, जोरपोखर नंबर एक, आलम नगर, रमज़ानपुर आदि जगहों से दूकानदार इस तरावीह में शामिल होते हैं। इस बार काफी संख्या में लोग पहुचे। खत्म तरावीह पर इमामों का गुलपोशी कर खैरमकदम हुआ। नूरानी माहौल में नमाजियों ने तरावीह खत्म करने के बाद एक-दूसरे से मुसाफा किया और मुबारकबाद दी। तरावीह ख़तम होने के बाद कुरान की तर्जुमा सुनाई जाती थी। पहली बार तर्जुमा के साथ हुई तरावीह को लोगो ने शांति से सुना। लोगो को कुरान की तर्जुमा से बहुत सारी नई जानकारी मिली। अपने घर में बैठी महिलाओ ने भी अपना सारा काम छोड़ कर कुरान की तर्जुमा सुना।हाफिज अम्मार कुरैशी ने कहा की हज़रत मोहम्मद साहब का आने का मकसद था की हमारी पूरी उम्मत को तालीम (शिक्षा) मिले। उन्होने कहा की जो अल्लाह पर यकीन करते हुए नमाज़े तरावीह पढ़ता है, उसके पिछले सारे गुनाह माफ़ हो जाते हैं। तरावीह खत्म होने पर नमाजियों ने हाफिज को माला पहना कर मुबारकबाद दिया और उनका शुक्रिया अदा किया। उन्हें कपड़े और तोहफे दे कर नवाज़ा गया। खत्म तरावीह के बाद देश में अमन शांति के लिए दुआ की गई। पुरे जामाडोबा में कुरान तरावीह की चर्चा हो रही है। लोग हाफिज कुरैशी की खूब तारीफ कर रहे हैं। मौके पर मो मुनाजिर, मो मनौवर आलम (मन्नु), इमरान आलम (मुन्ने), मो ताजुद्दीन, मो शमीमअंसारी, मो शौकत अंसारी, जावेद खान, वसीम अंसारी, फरहान सिद्दीकी, आरिफ सिद्दीकी, मो अरमान, डॉ रियाज़ अंसारी, मुस्तकीम खान, मो शमशेर अंसारी आदि मौजूद थे।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की आम सभा संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की आम सभा पोद्दार रेसीडेंसी बैंक मोड़ धनबाद में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी अतिथियों को शॉल एवं पौधा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव सुभाष मंडल पर्यवेक्षक के रूप में पंकज छाबड़ा, आशीष चटर्जी, संजय कसेरा जमशेदपुर, धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायणलाल, बैंक मोड़ चैंबर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल, सचिव लोकेश अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। सचिव धीरज दास द्वारा सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सचिव प्रतिवेदन का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया जिस पर आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से पास किया। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात चुनाव पदाधिकारी सुनील पोद्दार के द्वारा चुनावी प्रक्रिया एवं सह चुनाव पदाधिकारी राजेश सिंह एवं हितेश जे ठक्कर द्वारा चुनावी प्रक्रिया की जानकारी आम सभा के सदस्यों के बीच प्रस्तुत की गई। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील पोद्दार ने बताया कि सिर्फ 6 सदस्यों द्वारा नॉमिनेशन पेपर लिया गया और किसी भी पद के लिए किसी भी सदस्य ने नॉमिनेशन पेपर नहीं लिया। इसलिए सत्र 2025 से 2028 तक के लिए अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव धीरज दास, उपाध्यक्ष देवेन तिवारी, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, संगठन सचिव नीलेंद्र सिंह नीलू, संयुक्त सचिव संजय श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया। जिस पर सभा में शामिल सदस्यों ने नई कमिटी को शुभकामनाएं दी।

## ऑल इंडिया सबिले हुसैन ट्रस्ट द्वारा ताकमीले कुरआन कान्फ्रेंस का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** ऑल इंडिया सबिले हुसैन ट्रस्ट की तरफ से अमन सोसाइटी गेट नंबर 2 में तकमील कुरआन कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें शहर धनबाद के उलेमा कराम और अवाम ने भारी संख्या में शिरकत की। कान्फ्रेंस की शुरुआत क़ारी राशिद मदनी ने कुरआन की तिलावत से की। क़ारी राशिद मदनी ने तरावीह के रूप में कुरआन पाक पूरा करने का शरफ़ हासिल किया। इसके बाद क़ारी अब्दुल मनान जामाली, अध्यक्ष सबिले हुसैन ट्रस्ट जिला गिरिडीह एवं हसनैन फैजी समर मधूपुरी ने नाते रसूल पेश की।मौके पर मौलाना सिद्दीक हसन झारखंडी ने अपने संबोधन में अवाम को अहम नसीहत देते हुए उन्हें जागरूक करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि रमजान के रोज़े रखना बहुत ज़रूरी है, माता-पिता की सेवा करना और उलेमा ए अहल सुन्नत का आदर करना भी हमारी अहम ज़िम्मेदारी है। मौलाना ने सबिले हुसैन ट्रस्ट की गतिविधियों की सराहना की और कहा कि यह संस्थान शहर धनबाद में बहुत अच्छा काम कर रहा है, जो जनता के लिए फायदेमंद है। इस कान्फ्रेंस के जरिए रमज़ान की अहमियत को उजागर किया गया।मौके पर क़ारी जहांगीर नमानी, हाफ़िज़ क़ारी महमूद, अफरोज़ मुजाहदी, शहबाज़ रहबर, क़ारी तैम, मौलाना अनवर रिज़वी, क़ारी जहांगीर क़ादरी, मौलाना अजहर बह्राइची, मौलाना शफीक, क़ारी अफ़ज़ल, ऑफिस सेक्रेटरी मो फिज़ान ख़ान, मो आक़िब, मो सोहैल, सैयद आरिफ मोहम्मद महफ़ूज़ और जुमला नौजवानान-ए- अमन सोसाइटी गेट नंबर 2 धनबाद शामिल थे।


**RANCHI REGIONAL DEVELOPMENT AUTHORITY, RANCHI**

(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
"PragatiSadan", KutcheryChowk, Ranchi – 834001
Email :secrrda1967@gmail.comWebsite : www.rrdaranchi.in
*Ref : RRDA/EE/2025/349Dated :08-03-2025*
**e-Procurement Notice (2nd Call)**

1.Name of Tender Inviting Officer : Executive Engineer, RRDA, Ranchi
2.Date of Publication of Tender on Website : 12/03/2025
3.Bid Submission Start Date : 12/03/2025 at 11:30 AM
4.Bid Submission End Date : 21/03/2025 upto 5:00 PM
5.Date/Time of Opening Bid : 24/03/2025 at 11:30 AM

| Sl. No. | Name of Work | Approximate Value of Work (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Document (Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of pcc road - ChhotaKawali Ring Road to Akhara and Ring Road to govt. School in Namkum Block under RRDA Area Ranchi. | ₹47,92,400 /- | ₹ 96,000 /- | ₹10,000 /- | 120 Days |

- Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through Online mode as per instructions of IT Dept., Govt. of Jharkhand Letter No. 120 Dated 03.10.2023 and UDHD, Govt. of Jharkhand Letter No. 4847 Dated 11.10.2023
- Further Details can be seen on Website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer RRDA, Ranchi

PR 348202 Ranchi Regional Development Authority(24-25)D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (जिला पंचायत शाखा)**

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2012 के नियम 14 में निहित प्रावधानों के अनुसार नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2025: के निमित्त झुमरीतिलैया नगर परिशद् (वर्ग–ख), कोडरमा नगर पंचायत एवं डोमचाँच नगर पंचायत के प्रारम्भिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) तैयार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन दिनांक 10/03/2025 को किया गया है, जिसे शहरी स्थानीय निकायों एवं वार्ड कार्यालय के सूचना पट्ट एवं विनिर्दिश्ट स्थानों तथा कोडरमा जिला के वेबसाइट **koderma.nic.in** पर देखा जा सकता है।

प्रकाशित प्रारूप के संबंध में किसी प्रकार का कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो दिनांक 11.03.2025 से 20.03.2025 तक संबंधित नगर निकाय कार्यालय में दर्ज कराई जा सकती है।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR.NO.348263 Panchayati Raj(24-25):D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**

**जिला गव्य जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार**

विभागीय राज्यादेश सं० 17 रा० (वि०) दिनांक– 16.07.2024 की कंडिका 17 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य स्तर पर विभाग द्वारा डेयरी दुग्ध उत्पादकों/व्यक्तिगत पशुपालकों को उनके द्वारा डेयरी के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार दिया जायेगा।

पुरस्कार से संबंधित निःशुल्क आवेदन पत्र दिये गये प्रारूप में भरकर 03 दिनों के अंदर जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में जमा करेंगे। साथ ही साथ आवेदन अपना डेयरी फार्म का रंगीन फोटोग्राफ गायों/भैंसों के साथ संलग्न करेंगे।

निःशुल्क आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से प्राप्त कर सकते है।

**नोटः– आवेदक आवेदन पत्र के साथ अपना आधार कार्ड की प्रति अवश्य संलग्न करें।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार

PR 348270 Animal Husbandry(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :– **RDSPL/SD/HZB/44/2024-25**
1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/ 44/01/2024-25 | ईचाक | प्रा0वि0, जलौंध में चाहरदिवारी, चापानल एवं अन्य निर्माण कार्य। | 9536200.00 | 190800.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB/ 44/02/2024-25 | ईचाक | रा0प्रा0वि0, लोहड़ी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 5548200.00 | 111000.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB/ 44/03/2024-25 | ईचाक | प्राथमिक विद्यालय, कुटुमसुकरी में चाहरदिवारी एवं अन्य विविध निर्माण कार्य। | 8390100.00 | 167900.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB/ 44/04/2024-25 | ईचाक | उ0उच्च विद्यालय, फुफुंदी में कमरों की मरम्मति एवं चाहरदिवारी का निर्माण कार्य। | 8094500.00 | 161900.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 5. | RDSPL/SD/HZB/ 44/05/2024-25 | बरही | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुलमहा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 7404100.00 | 148100.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 6. | RDSPL/SD/HZB/ 44/06/2024-25 | बरही | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, लखना का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 6807300.00 | 136200.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 7. | RDSPL/SD/HZB/ 44/07/2024-25 | विष्णुगढ़ | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बाडीसीमर का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 6000600.00 | 120100.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.03.2025 से दिनांक 03.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 348234 Rural Development(24-25).D

# उपायुक्त ने की होली त्यौहार को लेकर वरीय पदाधिकारीयों के साथ जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** होली त्योहार को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों की ओर से प्रखण्डों में आयोजित शांति समिति की बैठक और अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

**सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें होली का त्यौहार : उपायुक्त**

उपायुक्त, लोहरदगा ने इस अवसर पर कहा कि आप सभी होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें। अगर बच्चे व युवा किसी पर रंग फेंक देते हैं तो उन्हें एक अभिभावक की तरह समझायें। किसी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जा सके इसके लिए दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। बारीकी से असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। भारत में होली के त्यौहार काफी उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। आप भी अपने-अपने क्षेत्र में होली खेलें और एक दूसरे से सौहार्द्रपूर्ण संबंध को मजबूत करें। आज की बैठक में जो आश्वासन शांति समिति के सदस्यों द्वारा सौहार्दपूर्ण होली खेले जाने को लेकर दी है उससे जिला प्रशासन का हौसला बढ़ा है। आप सभी अपने क्षेत्रों में ईद और रामनवमी के त्योहारों को लेकर आवश्यक बैठकें कर लें।

**होली की मूल भावना का खयाल रखें : हारिस बिन जमां**

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि होली में त्योहार की मूल भावना का ख्याल रखा जाय। किसी को भी आहत ना करें। भारत देश में होली काफी उत्साह तरीके से मनाया जाता रहा है। आप जब भी होली खेलें तो आपसी भाईचारा और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करें।जिला में त्यौहार को मनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता है। शांति समिति के लोग होली में अभिभावक की भूमिका में रहें और युवाओं को संयमित रखने के लिए प्रयास करें। जिला में प्रशासनिक तैयारियां पूरी हैं। आवश्यक पुलिस बल है, ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जाएगी। आज की बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभुनाथ चौधरी, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# गृह रक्षकों को 365 दिन की नियमित ड्यूटी और सेवानिवृत्ति का लाभ दें : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में राज्य के गृह रक्षकों को 365 दिन की नियमित ड्यूटी देने सहित अन्य लाभ देने की मांग की है। विधायक ने सत्र में आवाज उठाते हुए कहा कि राज्य के गृह रक्षकों को साल में सिर्फ चार माह की ही ड्यूटी दी जाती है। इसके अलावे अन्य किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं दिया जाता है। इससे गृह रक्षा जवानों को गंभीर आर्थिक समस्या से जूझना पड़ता है। साथ ही समस्या के कारण गृह रक्षक अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला भी कराने में असमर्थ हैं। इस कारण इन जवानों के बच्चों का भविष्य अंधकार हो रहा है। विधायक ने कहा कि बिहार, छत्तीसगढ़, ओड़िसा के गृह रक्षको को 365 दिन की नियमित ड्यूटी एवं अन्य लाभ दिया जाता है। इसी तर्ज पर राज?य के गृह रक्षकों को भी 365 दिन की नियमित ड्यूटी देने के साथ अन्य सुविधा भी दी जाय। साथ ही बिहार राज्य के तर्ज पर राज्य के गृह रक्षकों को भविष्य निधि तथा सेवानिवृत्ति का लाभ दी जाय।

**गृह रक्षकों की अंतिम लड़ाई तक रहेंगे साथ : विधायक**

इधर विधायक भूषण बाड़ा ने मीडिया को बताया कि वे शुरु से ही गृह रक्षकों की लड़ाई में साथ रहे हैं। पूर्व में अपनी मांगों को लेकर गृह रक्षक विरोध प्रदर्शन करते रहे हैं। इसके बाद साकारात्मक पहल करते हुए गृह रक्षकों की कुछ मांगों को सरकार से स्वीकृति दिलाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गृह रक्षकों को न्याय दिलाने में वे उनकी आखिरी लड़ाई तक साथ देंगे। हर किमत पर गृह रक्षकों को उनका हक और अधिकार दिलाया जाएगा।

# समावेशी शिक्षा से दिव्यांग बच्चे बच्चियां लाभ उठाये : सोनामती कुजूर



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय अरु में समावेशी शिक्षा कार्याक्रम के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चे बच्चियों का अभिभावकों के साथ एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वही आयोजित कार्यशाला में समावेशी शिक्षा के शिक्षिका सोनामती कुजूर ने अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने दिव्यांग बच्चे बच्चियों का नामांकन नजदीक के सरकारी विद्यालय में करायें तथा दिव्यांग बच्चे बच्चियों को भी शिक्षा से जोड़ें जिसे बच्चे बच्चियों का मानसिक और शारीरिक विकास हो सकेगा साथ ही अभिभावकों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से अन्य बच्चे बच्चियों के तरह दिव्यांग बच्चे बच्चियों को भी शिक्षित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन भत्ता, छात्रवृत्ति, ट्राइसाइकिल, बैशाखी, ड्रेस, किताब, स्वेटर सहित अन्य सुविधाएं दी जाती है। दिव्यांग बच्चे बच्चियों के साथ व्यवहार को कुशल रखें और शिक्षा दें। वही आयोजित कार्यशाला में लग्भग 40 दिव्यांग बच्चे बच्चियों के अभिवाहक शामिल हुए। मौके पर शिक्षिका सोनामती कुजूर, रीना कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में कार ने पैदल बारातियों को रौंदा, दो की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अलग अलग सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन घायल जबकि दो की हुई मौत चालक पुलिस के हिरासत में विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरंगहातु में लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ पर पैदल जा रहे बरातियों को अनियंत्रीय कार जे एच 01 एफ एस 2933 के चालक ने रौंद डाला है। जिसमें एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गया। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा लोग घ्यल हैं। जिनका स्तिथि गंभीर बना हुआ है। सड़क दुर्घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घटना के विरोध में सड़क जाम कर दिया था। जिसे कुछ स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया है। जबकि दूसरा घटना जोगना पुल के समीप स्कार्पियो एवं स्कोडा कार में टक्कर हो गया। जिसमें किसी का हताहत होने की सूचना नही है। दोनो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि स्कार्पियो विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उराँव का है। स्कोडा कार जे एच 01 एफ सी 4084 लोहरदगा की ओर से गुमला के तरफ जा रहा था। उसी क्रम में विधायक प्रतिनिधि के लापरवाही के कारण दर्घटना हुआ। जानकारी अनुसार बता दें कि सेरंगहातु के समीप सड़क दुर्घटना में कार चालक की पहचान बगडू थाना क्षेत्र के आरेया निवासी विश्राम उराँव का पुत्र आशीष उराँव के रूप में किया गया। जिसे ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। सेरेंगहातु में घटना के उपरांत घटना स्थल पर एक कि मौत दूसरे की मौत रास्ते में हुआ और आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर हैं। सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। जिसे लोगों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारते हुए एक मोटरसाइकिल को भी रौंद डाला और आगे जाकर रुक गया। दुर्घटना में मौत हुई लोगों की भी पहचान बुधवा उरांव का 35 वर्षीय पुत्र राजेश उरांव और स्वर्गीय मनराज उरांव की 40 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी उरांव के रूप में किया गया है।

# भंडरा प्रखंड के भैसमुंदो गांव में गहराया पेयजल संकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के भैसमुंदो गांव में हर वर्ष की तरह इस बार भी लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। भले ही पीएचईडी विभाग द्वारा गांव में तीन तीन सोलर जलापूर्ति योजना लगाया गया है, परंतु फिलहाल तीनों योजना ग्रामीणों की प्यास बुझाने में अक्षम साबित हुई है। जिसमें से एक मुस्लिम बस्ती में लगा सोलर जलापूर्ति योजना से कई परिवारों को वंचित रखा गया है। जबकि दो योजना विगत एक माह से खराब पड़ा हुआ है। जिसकी मरम्मती को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सोलर जलापूर्ति योजना के संवेदक से कर चुके है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। बस्ती में पेयजल समस्या की निदान को लेकर स्थानीय ग्रामीण बुतरु महली, रंथू उरांव, लक्ष्मण महली, सावित्री देवी, बचनी देवी, मनोज महली, सूरज महली, कमला देवी, बासु उरांव ने स्थानीय पंचायत मुखिया परमेश्वर महली से की है। इस मामले में मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि भैसमुंदो गांव में पीएचईडी विभाग से तीन योजना शुरु की गई है, परंतु तीनों योजना की स्थिति ठीक नहीं है। कोई योजना ठीक है तो घरों में कनेक्शन नहीं दिया गया है और कोई योजना खराब है, तो उसे ठीक करवाने के लिए संवेदक को चार माह से मस्कत करना पड़ रहा है। मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि बस्ती के मुस्लिम बस्ती में विगत एक सप्ताह व महली टोली में विगत तीन माह से सोलर जलापूर्ति योजना खराब है। इससे ग्रामीणों को दो किलोमीटर दूर जाकर पानी का प्रबंध करना पड़ रहा है। सोलर जलापूर्ति योजना में त्रुटि को ठीक करने के लिए संवेदक को कई बार कहा गया है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए लोहरदगा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन को किया सम्मानित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की द्वितीय कार्यकारिणी बैठक बाबा की नगरी देवघर में संपन्न हुई। इस बैठक पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन लोहरदगा जिला शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भी भाग लिया। लोहरदगा जिला अध्यक्ष ममता बंका ने लोहरदगा जिला की कई महत्वपूर्ण समस्याओं एवं जिला में किए जा रहे सामाजिक कार्यों के विषय को रखा और महिलाओं के द्वारा लघु कार्यों पर अग्रसर करने हेतु अपना विचार दिया। लोहरदगा जिला से उपस्थित हुई सभी सदस्यों को प्रांतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष मंजू रजगड़िया ने पुष्प एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन लोहरदगा जिला शाखा बहुत ही अच्छे तरह से सामाजिक कार्य कर रही है और हर एक सामाजिक कार्यों में बड़ चढ़कर हिस्सा लेती है। ठंड के मौसम पर सुदूर इलाकों में जाकर असहायों के बीच कंबल, गर्म वस्त्र, खाने-पीने की सामग्रियां आदि भी वितरित की। अस्पतालों में मरीजों के बीच भी समय-समय पर जाकर उन्हें फल आदि देकर प्रोत्साहित करते रहती है। इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। मारवाड़ी महिला सम्मेलन के इस कार्यकारिणी बैठक पर लोहरदगा जिला शाखा अध्यक्ष ममता बंका, अनीता पोद्दार, दीपा पोद्दार, सुमन राय आदि उपस्थित हुई।

# भाजपा ने मनाया होली मिलन समारोह

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सिमडेगा जिला चुनाव प्रभारी सह भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने कहा कि होली पिछली सभी बातों को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करने का दिन है हम सभी भाजपा कार्यकर्ता पिछली हार को भुलाकर नए सिरे से संगठन को मजबूत कर अनेववाले दिनों में सिमडेगा जिले के दोनो विधानसभा में भाजपा का परचम लहरे ये प्रयास करना है। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि है। सिमडेगा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द ने कहा कि सिमडेगा विधानसभा के 67000 मतदाताओं ने भाजपा को समर्थन दिया है उन का भरोसा नही टूटने दिया जाएगा,हर जन समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा तैयार है जिले वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। पूर्व बिधायक निर्मल कुमार बेसरा ने कहा कि पिछली सारी बातों को बुलाकर संगठन को मजबूत करना है क्योंकि संगठन सर्वोपरि है। मौके पर दुर्गविजय सिंगदेव अमरनाथ बमलिया दीप नारायण दास तुलसी साहू रवि गुप्ता सोनी पैंकरा संतोष देवी अनूप प्रसाद अनिरुद्ध सिंह राकेश रविकांत हीरा राम संभु भगत नंदिनी दास कृश्णा ठाकर शाहिद सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विश्व हिन्दु परिषद की बैठक हुई संपन्न, लिए गए अहम् निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विश्व हिन्दू परिषद् के तत्वावधान में विहिप जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव की अध्यक्षता में होटल अपर्णा पैलेस में जिले के समस्त सम्मानीय आचार्य एवं पुरोहितगणों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिशेषकर सनातन धर्म संस्कृति के विकास को लेकर एवं आनेवाले सनातनी पर्व त्योहारों, विशेषकर होली पर चर्चा की गई। जिसमें सर्व सम्मति से होली मनाने को लेकर दिनांक 10.3.2025 दिन सोमवार एकादशी को भद्रा प्रातः 9:20 बजे तक रहेगी. अतः 9:20 बजे के बाद ढाल थापना शुभ रहेगा. दिनांक 13.3.2025 गुरुवार को भद्रा रात्रि 10:37 बजे तक है, अतः होलिका दहन 10:37 के बाद होगा एवं डंडा पूजन प्रातः 8:00 बजे से प्रारम्भ होगा. दिनांक 14.3.2025 दिन शुक्रवार को 12:37 दिन तक पूर्णिमा तिथि है, अतः 14.3.2025 को रंगोंत्सव नहीं होगा. दिनांक 15.3.2025 दिन शनिवार को पुरे जिले में धूलि मंदन, रंगोत्सव एक जैसे मनाया जायेगा.बैठक में आचार्य पंश हरिश्चन्द्र झा, आचार्य पंश वासुदेव गौतम, आचार्य पंश कल्याण मिश्र, आचार्य पंश श्यामसुंदर मिश्र, आचार्य पंश जयंत मिश्रा, आचार्य पंश सुनील मिश्रा, आचार्य पंश सत्यनारायण दास, आचार्य पंश शशिभूषण पंडा, आचार्य पंश संजय विसी, आचार्य पंश रंजीत पाठक, आचार्य पंश जीतेन्द्र कुमार पाठक, आचार्य पंश पुरुषोत्तम दास, आचार्य पंश मनोज षाड़गी सहित कई आचार्य गण एवं विभिन्न पूजा पंडालो अध्यक्ष, मंदिर समिति के अध्यक्ष और सदस्य उपस्थित थे।

# नीदरलैंड की समाजसेवीका सावित्री गजाधर ने हवन एवं दीप प्रजनन कर सनातन शिक्षा केंद्र का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सनातन हिंदू धर्म से परिचित कराने के लिए लोहरदगा में रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर पावरगंज चौक स्कूल में सनातन शिक्षा केंद्र का उद्घाटन नीदरलैंड की समाजसेवीका श्रीमती सावित्री गजाधर ने हवन एवं दीप प्रजनन करके किए। और उन्होंने अपने संदेश में ऋग्वेद के मंत्र बोल के सभी सनातनी हिन्दुओं को साथ मिलकर चलने और साथ मिलकर बोलने का संदेश दिये। विशिष्ट अतिथि राजेंद्र खत्री ने भी लोगों से कहा कि अपने सनातन को जनना है तो अपने धर्म ग्रंथो को पढ़ना चाहिए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार ने लोगों से अपील किया कि प्रत्येक हिंदू को अपने धर्म ग्रंथो के नाम और 16 संस्कार को जानना चाहिए आर्य समाज लोहरदगा के प्रधान नीरज आर्य जी ने अपने संदेश में बोले की प्रत्येक सनातनियों को यज्ञ करने आना चाहिए कन्या गुरुकुल हजारीबाग के प्राचार्य पुष्पा शास्त्री जी ने गुरुकुल के बच्चों का दिनचर्या बताएं और प्रत्येक परिवार के एक बच्चे को गुरुकुल में पढ़ाने के लिए निवेदन किये गुरुकुल के बच्चे अथर्ववेद के मंत्र पाठ करके लोगों को मंत्र मुक्त कर दिए कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र मित्तल जी ने अपने संदेश में यह बताएं कि जो व्यक्ति धार्मिक होता है उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती हैं अध्यक्ष जी ने कहा कि लोहरदगा के लिये बढ़ा ही सौभाग्य की बात है कि हमारे बीच में गुरुकुल के स्नातक डॉ अशोक आचार्य जैसे युवा विद्वान उपस्थित है जो सनातन धर्म का शिक्षा वैज्ञानिकता के साथ देंगे पढ़ाएंगे डॉ अशोक आचार्य ने कार्यक्रम में सभी लोगों को वैदिक लघु गुरुकुल में जो पढ़ाए जाएंगे उनके सिलेबस के विषय में बताए कि किस सरल रूप से- वेद, उपनिषद, गीता, सनातन के 16 संस्कार, चार आश्रम मनुस्मृति, रामायण, महाभारत, योग का परिचय, ईश्वर परिचय एवं उपासना की जानकारी दिए जायेगे गुरुकुल के स्नातक डॉ अशोक आचार्य एवं वैदिक विद्वानों द्वारा प्रत्येक रविवार को तीन 3 श्च.द्व से 4:30 श्च.द्व निन्शुल्क शिक्षा दिए जाएंगे,जो कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागण थे उन्होंने पढ़ने के लिए इच्छा जताते हुए लोगों ने अपना नाम रजिस्ट्रेशन कराए दीपक जी शीतल श्याम जया, सरिता, नेहा, पूजा, राकेश, अरुण, दीपा शेखर, सोनी, रेखा देवी, नवनीत विश्वकर्मा, राजेश्वरी, साक्षी कुमारी, मेघा कुमारी, रंजू साहू कार्यक्रम में श्रीराम समिति का अध्यक्ष सुनील अग्रवाल अजय सोनी, निलेश, रत्नेश, नितेश जी संगीता जी नीतू मित्तल, विदेशी जी और भी सनातन धर्म को मानने वाले बहुत से गणमान्य उपस्थित रहे।

# जय श्रीराम समिति के तत्वावधान में होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह आयोजित

➲प्रेम और भाईचारे का त्योहार है होली : सुषमा सिंह

➲बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली का त्योहार : सुनील अग्रवाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में होली मिलन व कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए द्य आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं को पट्टा पहना कर स्वागत किया गया तथा जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं संरक्षकों की मौजूदगी में जिला कमेटी की घोषणा की गई साथ ही जिला अध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष के लिए दीपक साहू के नाम की घोषणा की द्य जिसके पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महिला, पुरुष सदस्यों के साथ साथ संरक्षकों एवं पत्रकार बंधु भी होली के मधुर गीतों पर जमकर झूमे व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी द्य संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कि होली की शुरुआत राधा-कृष्ण के प्रेम के प्रतीक के तौर पर बरसाने में हुई थी। कहा जाता है कि बचपन में राधा और कृष्ण अपने दोस्तों के साथ मिलकर रंगों से खेलते थे,तब से ये परंपरा निरंतर बनी हुई है।समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि होली की शुरुआत भक्त प्रह्लाद की कहानी से भी जुड़ी है। मान्यता है कि हिरण्यकश्यप के कहने पर होलिका ने प्रह्लाद को मारने के लिए आग में प्रवेश किया था। लेकिन भगवान श्री हरि की कृपा से प्रह्लाद बच गये और होलिका जल गई।तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन की परंपरा है और ये त्योहार मनाया जाने लगा।समारोह के दौरान भव्य स्नेह भोज का आयोजन किया भी गया द्य कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने किया द्य मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, उदय सिंह, राजेश महतो, उमेश कांस्यकार, संजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, शैलेश महतो, मुरली अग्रवाल, अनूप गुप्ता, अजय सोनी पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, दिनेश पांडे, विनोद सोनी, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, गुंजन भारती, आर्यन कुमार, अभय कुमार, सत्यम कुमार, प्रखंड पंचायत पदाधिकारी सैकड़ों कार्यकर्ता समेत सभी पत्रकार बंधु मौजूद थे।

# मत्स्य पालन रोजगार का एक बेहतर माध्यम : पहलवान तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** मत्स्य पालन को रोजगार का एक बेहतर माध्यम माना जाता है। लोगों के लिए कम पूंजी में इसे बेहतर रुप से करना आसान है। ऐसे में ग्रामीणों का झुकाव मत्स्य पालन की ओर बढ़ा है। इसी प्रकार से लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अब मत्स्य पालन के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। लोहरदगा जिला के भंडरा के चट्टी में केज व निजी तालाब में मत्स्य पालन कर स्थानीय निवासी पहलवान तिवारी एक अलग पहचान बना रहे हैं। मत्स्य पालक के रुप में इनकी क्षेत्र में एक अलग पहचान बन चुकी है। लोग इस काम में इनके साथ जुड़ने लगे हैं। मत्स्य पालन के परंपरागत तौर तरीकों को बदलकर जिंदगी की मुश्किलों को आसान बनाया है। चट्टी के पहलवान तिवारी महज 50 डिसमिल जमीन में नील क्रांति को बढ़ावा देने के साथ-साथ अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है। पहलवान तिवारी द्वारा चट्टी में नील क्रांति को बढ़ावा देने की गूंज क्षेत्र के कई गांव में भी है। इनकी मत्स्य पालन को देखने के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी मधु लता ने भी भ्रमण कर इनके कार्यो की सराहना की है। साथ ही मत्स्य पालन के क्षेत्र में हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। इसी तरह भंडारा के नंदनी जलाशय में दो मत्स्य परजीवी समिति जनक व टूटू साहू द्वारा भी केज के माध्यम से मत्स्य पालन को अपना जीविकापार्जन का आधार बनाया गया है। जिसमें 110 सदस्य जुड़े है। इससे सभी सदस्यों को सलाना एक से डेढ़ लाख रुपए की आमदनी हो रही है। इसके अलावे भंडरा प्रखंड में मत्स्य विभाग द्वारा 20 तालाब को निविदा के माध्यम से किसानों को दिया गया है। जिसमें 500 से अधिक किसान मत्स्य पालन से जुड़े है। मत्स्य परजीवी समिति भीठा के टूटू साहू व जनक साहू कहते है कि मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन को लेकर केज व अन्य सामग्री मुहैया कराया गया है। जिसमें मत्स्य परजीवी समिति द्वारा स्वयं के खर्चे से जीरा डाला जाता है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव हुआ है। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का समय-समय से लाभ दिया जाता है।जिला मत्स्य पदाधिकारी ने क्या कहा Happy भंडरा लोहरदगा जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने कहा कि जिला में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं है। मत्स्य विभाग का उद्देश्य किसानों को मत्स्य पालन को बढ़ावा देते हुए किसानों को आर्थिक रुप से सशक्त करना है।

## चलते चलते एक नजर

### रांची में 20 मार्च को शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती का नागरिक अभिनंदन और प्रवचन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का नागरिक अभिनंदन और प्रवचन 20 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में आयोजित किया जाएगा। स्वामी सदानंद महाराज के नागरिक अभिनंदन की तैयारी जोरशोर से चल रही है। इस संबंध में सोमवार को विनय सरावगी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। रांची के बोड़ेया स्थित ऐतिहासिक श्री मदन मोहन मंदिर में 15 मार्च को होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर को फूलों और विद्युत लड़ियों से सजाया जाएगा। मंदिर में हर वर्ष होली के तीन दिन भगवान राधा-कृष्ण की पूजा मंदिर के बाहर ढोल चबूतरा में की जाती है। इस बारे में सोनू तिवारी ने सोमवार को जानकारी दी।

### विधानसभा परिसर में डीजीपी अनुराग गुप्ता का बयान चर्चा में

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी रांची सहित झारखंड में एक सप्ताह के अंदर तीन बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया । रांची जिला के चन्हो थाना अंतर्गत डबल मर्डर की घटना हुई, हालांकि इसमें आरोपी पकड़े गए तो वहीं दूसरी घटना बरियातू थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसाय विपिन को गोली मारकर घायल कर दिया गया, इसके साथ ही हजारीबाग जिला अंतर्गत एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव को गोली मारी गई जिसमें इसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद से झारखंड विधानसभा में माहौल गर्म है। भाजपा के विधायक सरकार के विधि व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। इसी सब को देखते हुए पुलिस महानिदेशक सह महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता ने अपने बयान में कह दिया कि अपराधी जेल में है और वहीं से प्लानिंग कर रहे हैं और पुलिस ट्रेस करने की कोशिश कर रही है। इस बयान के बाद रांची से भाजपा विधायक सीपी सिंह सदन के अंदर डीजीपी को बेशर्म तक कह दिया। वहीं डीजीपी विधानसभा परिसर में पत्रकारों को हर बार बयान दे रहे हैं। इस विषय पर चर्चा बना रहा कि क्या विधानसभा परिसर में विधायक, मंत्री के अलावे डीजीपी , एसपी, डीसी बयान दे सकते हैं? इस संबंध में प्रभात मंत्र रांची ब्यूरो परवेज़ कुरैशी से झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से बातचीत हुई , उन्होंने बताया कि फिलहाल तुरंत में इसकी पूरी जानकारी हमें नहीं है, हम इस पर जानकारी हासिल करेंगे तभी कुछ कह सकते हैं।

### महिला सशक्तीकरण के बिना सशक्त भारत की कल्पना अधूरी : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि महिला सशक्तीकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हमें मिलकर निभाना होगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के बिना सशक्त भारत की कल्पना अधूरी है।विजेंद्र गुप्ता अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को एक निजी विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस विशेष कार्यक्रम में उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों, उनके अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति महिलाओं के बिना संभव नहीं है। महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं और उनकी भागीदारी के बिना कोई भी राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं हो सकता।

# पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस ने पीएलएफआई संगठन के एक सक्रिय सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही सोमवार को पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि नौ मार्च को गुप्त सूचना मिली कि विनोद परहिया को मनिका के बरवैया ग्राम के पास घुमते हुए देखा गया है।सूचना के सत्यापन एवं आश्वयक कार्रवाई के लिए मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल ने प्राप्त सूचना के आधार पर चिन्हित स्थान में छापामारी की। इस छापामारी में विनोद परहिया को गिरफ्तार कर लिया गया।आगे उन्होंने कहा कि विनोद परहिया विभिन्न कंपनियों एवं संवेदक तथा व्यवसायियों से लेवी व रंगदारी मांगता था और गोली चलाने मे माहिर है। मनिका क्षेत्र में कई आगजनी की घटना में यह शामिल रहा है। कंस्ट्रक्शन साईट मे खड़ी पोकलेन में भी उसने आग लगायी थी। कई कांडो में वांछित है और साथ ही साथविनोद परहिया पर लातेहार व पलामू जिले के विभिन्न थानों में आठ मामले दर्ज हैं।इनमें लातेहार के मनिका थाना में तीन, बालुमाथ में दो, चंदवा में एक, बरवाडीह में एक व पांकी थाना में एक मामले दर्ज हैं।इनमें से तीन मामलों में उसके घर की कुर्की जब्ती भी हो चुकी है।छापामारी टीम में पुअनि सह मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, पुअनि सत्येंद्र कुमार, सअनि रणधीर कुमार सिंह, तकनीकि शाखा व मनिका थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## जीवन प्रबंधन की पाठशाला है एबीवीपी : रेखा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को एनडीएमसी सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 'छात्रा संसद' में कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं है बल्कि जीवन प्रबंधन की बड़ी पाठशाला है। गुप्ता ने कहा कि उनके भी जीवन में विद्यार्थी परिषद की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ने उन्हें दीप पकड़ाने से लेकर दीप जलाने तक की यात्रा करवाई है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वह 1993 में विद्यार्थी परिषद से जुड़ी थीं और 1995 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) का चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि युवा छात्राओं की ऊर्जा, आत्मविश्वास और संकल्पशक्ति ही राष्ट के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रा को आगे बढ़ाने और नेतृत्व का पाठ पढ़ाने का कार्य एबीवीपी ने किया है और यही कारण है कि आने वाले समय में इस संगठन से केवल एक नहीं, बल्कि सैकड़ों रेखा गुप्ता तैयार होंगी। छात्रा संसद के माध्यम से एबीवीपी एक विचार रूपी वट वृक्ष तैयार कर रही है, जिसकी छांव में राष्ट निर्माण की नींव रखी जाएगी। मैं यह गर्व से कह सकती हूं कि मैं एबीवीपीयन हूं। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि छात्रा संसद के समापन सत्र में छात्राओं द्वारा एक मांग पत्र तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसे शीघ्र ही सरकार और संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा।

## केसी वेणुगोपाल ने उठाया केरल में आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय का मुद्दा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को लोकसभा में केरल में आशा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन का मुद्दा उठाया और कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार को उनकी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए। लोकसभा में शून्य काल के दौरान केरल से सांसद ने आरोप लगाया कि राज्य और केन्द्र सरकार इस संबंध में दोहरा रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने मांग की कि आशा कार्यकर्ताओं को 21 हजार का मानदेय और सेवानिवृत्ती पर पांच लाख दिया जाना चाहिए। साथ ही उनके काम के घंटे तय किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ हैं। उन्हें इतनी गर्मी में तिरुवनंतपुरम में पिछले एक माह से प्रदर्शन करना पड़ रहा है। राज्य और केन्द्र सरकार को इनकी वित्तीय सुरक्षा कोई चिंता नहीं है। इसी तरह से सांसद शशि थरूर ने भी मांग की कि आशा कार्यकर्ताओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जाए। वी.के. श्रीकंदन ने मलयालम में यह मुद्दा उठाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को दोषी ठहराया। सांसद कोडिकुन्निल सुरेश ने लोकसभा में आपातकालीन प्रस्ताव का नोटिस दिया। राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस मुद्दे को राज्य सभा में मांग की कि आशाओं को बकाया राशि का भुगतान किया जाए तथा उन्हें मासिक वेतन और पेंशन दी जाए।

## डीसी एवं एसपी ने किया पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** समाहरणालय परिसर में जेएसएलपीएस, गढ़वा द्वारा संचालित पलाश मार्ट में पलाश हर्बल गुलाल बिक्री-सह-प्रदर्शनी केंद्र का उद्घाटन जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी-सह-बिक्री होली के शुभ अवसर पे 10 मार्च से 13 मार्च 2025 तक संचालित रहेगी।इस प्रदर्शनी में समूह के दीदी के द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल एवं झारखंडी मिष्ठान को प्रस्तुत किया गया, जिसमे अरारोट, गेंदा फूल, हल्दी एवं पलाश फूल आदि का प्रयोग किया जा रहा है, जो इस होली के त्योहार को और भी रंगीन और सुरक्षित बनाता है। पलाश हर्बल गुलाल विभिन्न रंगों में उपलब्ध है। इस अवसर पर उपायुक्त ने झारखंडी व्यंजन जैसे रागी का लड्डू, गुड का लड्डू, खजूर इत्यादि का स्वाद लेते हुए तथा पलाश हर्बल गुलाल की सराहना की।

जेएसएलपीएस, गढ़वा द्वारा आयोजित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर जनसम्पर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस विमलेश कुमार शुक्ला, सदर बीपीएम शिव उपाध्याय, नन फॉर्म से शेखर सत्य केतु, प्रखंड के स्टाफ एवं दीदी कैफे की दीदी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जीवन के हर रंग में डूबने का नाम है होली : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शिव शिष्य परिवार पाटन प्रखंड द्वारा ग्राम करर कला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि होली मिलन समारोह में संत मरियम स्कूल के डायरेक्टर अविनाश देव शामिल हुए। प्रखंड भर से आए गुरु भाई बहनों को होली कि ढेर सारी शुभकामनाएं दिए। सबों को अबीर गुलाल लगा कर द्वेष द्वंदता को भूलते हुए आपसी प्रेम का पाठ पढ़ाए। अपने संबोधन में श्री देव ने कहा कि हर त्यौहार कुछ संदेश लेकर आता है। होली का भी अपना संदेश है। हालिया दिनों में लोग होली बदलने का भाव लेकर नहीं बदला लेने के भाव से खेल रहे है। होली को कुछ अराजकतावादी लोग होलड़ बना कर रख दिया। मौका मिलते नियत बदनीयत में बदल जाता है। प्रहलाद से प्रेरणा लें कि होली आत्मविश्वास इष्टदेव पर भरोसा सच कहने की हिम्मत और सन्मार्ग के लिए जरूरत पर अपनो से जुदा का नाम है। वर्णेय गुरु भ्राता हरिंद्रानंद जी ने जो तीन सूत्र दिए वह बहुत ही सहज और सरल है। इंसान सिर्फ सामूहिक रूप से आपस में चर्चा करने लगे और हर जीवों पर दया करे यह समाज यह दुनिया निश्चित ही बदल कर रहेगा। भगवान शिव अपनी पत्नी से भी स्वस्थ होली खेले। होली अपने परिवार के बीच खेलना चाहिए जब परिवार एक रंग एक विचार एक व्यवहार में रंगा रहेगा तब हम कामयाबी के शिखर चूमेंगे। बेटियों के हिफाजत,समाज में अमन अंधविश्वास नशापान से मुक्ति शिवचर्चा के मकसद होना चाहिए। हम सबों को आपसी सहयोगात्मक भाव रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। पुनः आप सभी भाई बहनों को होली कि हार्दिक शुभकामनाएं। आज के होली मिलन समारोह में जिनकी महती भूमिका रही वे हैं आदरणीय गोकुला नंद भैया जी,अमोद भैयाजी,कामेश सोनी,राधेश्याम सोनी,बीरेंद्र गुरु भाई,अंगद गुरुभाई, देवंती गुरुबहन,प्रतिमा गुरुबहन,रविन्द्र पांडेय जी,सुषमा गुरुबहन,बरतू गुरु भाई,सबों को शुक्रिया।जय महादेव!

### झारखंड के दक्षिणी जिलों में छाएंगे बादल

**रांची :** झारखंड के दक्षिणी जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे, जबकि राज्य के अन्य जिलों में मौसम साफ रहेगा। राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां में बादल छाए रहेंगे। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से सोमवार को दी गई है। वहीं राजधानी रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान धीरे-धीरे वृद्धि हो रही। स्थिति है कि सरायकेला में तापमान 37 डिग्री को पर हो गया है। इसके अलावा कई जिलों में तापमान 35 डिग्री या इसके आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इस माह के अंत तक राज्य भर में तापमान में चार-पांच डिग्री की बढोत्तरी होने की आशंका जता चुका है। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री, जमशेदपुर में 34.9, डालटेनगंज में 34.9 और बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# असम के बजट में उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा: डॉ सरमा



**एजेंसी**

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया पर असम के बजट 2025 को असम के उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है, जो असम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास और विरासत मंत्र के आधार पर तैयार किए गए इस बजट में नागरिक-केंद्रित सुशासन को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार ने पूंजीगत व्यय के लिए 38,759.18 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, और 85 फीसदी आबंटित बजट का प्रभावी उपयोग किया गया है।उन्होंने असम के आर्थिक विकास की सराहना करते हुए कहा कि राज्य का कुल व्यय अब 1.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि राज्य की जीडीपी वृद्धि दर 13 फीसदी है, जो राष्ट्रीय औसत 10 फीसदी से अधिक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में नागरिकों के जीवन को सरल बनाने और असम की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं शामिल की गई हैं। इसमें आर्टिफिशियल सैटेलाइट से लेकर प्रोटोन थेरेपी सेंटर और ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसी इनोवेटिव योजनाओं पर जोर दिया गया है। इसके अलावा, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट असम को उद्यमिता के नए युग की ओर ले जाएगा और युवाओं व महिलाओं की संभावनाओं को सशक्त करेगा। उन्होंने वित्त मंत्री अजंता नेओग और उनके विभाग को एक जनहितैषी बजट पेश करने के लिए बधाई दी।

# 125 साल का रिकॉर्ड तोड़ सकती है इस साल का गर्मी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लगातार बढ़ रही गर्मी इस बार 125 साल का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। वजह, जलवायु परिवर्तन के कारण ठंडक पहुंचाने वाला ला नीना भी अपना असर खो रहा है। विज्ञानियों का कहना है कि भविष्य में ला नीना के दौरान भी भीषण गर्मी और लंबी लू देखने को मिल सकती है। भारत में इस साल सामान्य से ज्यादा तापमान रहने और जल्दी गर्मी शुरू होने की संभावनाओं के बीच एक नए अध्ययन में ये चिंता जताई गई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, ला नीना प्रशांत महासागर में समुद्री तापमान को ठंडा कर दुनिया के कई हिस्सों में ठंडक बढ़ाता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण अब इसका प्रभाव कमजोर पड़ रहा है। आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी गांधीनगर के विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक तापमान में लगातार वृद्धि से ला नीना भी भविष्य में गर्मी से राहत नहीं दिला पाएगा। यह अध्ययन विश्व मौसम विज्ञान संगठन और यूरोप के कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस की रिपोर्टों के साथ-साथ उक्त दोनों आईआईटी के विज्ञानियों के विश्लेषण पर आधारित है। उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में ठंडे पानी का क्षेत्र कमजोर था। जबकि कुछ हिस्सों में सामान्य से ज्यादा गर्म पानी बना रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि ला नीना अब पहले जैसा प्रभावी नहीं रहा। लिहाजा, आने वाले वर्षों में गर्मियों की अवधि बढ़ सकती है। लू लंबे समय तक चलेंगी, जिससे बुजुर्गों एवं बच्चों को ज्यादा खतरा होगा। मानसून पर भी असर पड़ सकता है, जिससे वर्षा के पैटर्न बदल सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 2024 की गर्मियों में लू के सबसे अधिक दिन रिकॉर्ड किए गए, जो 14 साल में सबसे अधिक है। फरवरी 2024, 1901 के बाद की सबसे गर्म फरवरी रही। विज्ञानियों का कहना है कि इस साल भी मार्च से ही गर्मी सामान्य से ज्यादा रह सकती है। होली आई भी नहीं है कि गुजरात में लू चलने लगी है। दिल्ली में दिन का तापमान 35 डिग्री पहुंचने वाला है।

### यूपी बोर्ड : 2.13 लाख परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा, नहीं पकड़ा गया कोई नकलची

**प्रयागराज :** यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सोमवार को 2,13,297 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। पहली पाली में हाईस्कूल में चित्रकला व रंजन कला और इण्टरमीडिएट के विषय काष्ठ शिल्प कला, ग्रंथ शिल्प, सिलाई शिल्प व व्यवसायिक वर्ग के विषयों की परीक्षा हुई। जिसमें 1,87,209 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में हाईस्कूल में आईटी, आईटीईएस एवं इण्टरमीडिएट में भूगोल, कृषि भौतिकी एवं जलवायु विज्ञान तृतीय प्रश्न-पत्र व कृषि जन्तु विज्ञान अष्टम प्रश्नपत्र की परीक्षा हुई। जिसमें 26,088 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान आज कोई नकलची नहीं पकड़ा गया है। नकल करते हुए परीक्षा में अभी तक कुल 29 परीक्षार्थी पकड़े गए हैं।

# असहाय मरीजों के लिए वरदान है सीएम की एयर एम्बुलेंस सेवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का लोगों के जीवन सुरक्षा का सकारात्मक प्रयास रंग ला रहा है । आपात स्थिति में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे असहाय मरीजों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने में एयर एंबुलेंस सेवा वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से अबतक 94 मरीजों को झारखण्ड से ससमय एयरलिफ्ट कराकर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया। सिर्फ रांची से 78 जबकि अन्य जिलों से 11 मरीज ऐसे हैं, जिन्होंने एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया है।

**आम और खास लोगों ने लिया सेवा का लाभ:** एयर एंबुलेंस के जरिए त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। तभी तो बीते समय में आम लोगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखण्ड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है।

**हर वर्ग को एयरलिफ्ट का लाभ, मोबाइल से करें बुक:** राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नगर विमान विभाग द्वारा संचालित +918210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार, झारखण्ड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000 प्रति उड़ान घंटे के दर पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाती है।

**यह है निर्धारित रूट और दर**

| | |
|---|---|
| रांची:दिल्ली | 3.3 लाख |
| रांची:मुंबई | 4.4 लाख |
| रांची:चेन्नई | 3.85 लाख |
| रांची:कोलकाता | 1.10 लाख |
| रांची:हैदराबाद | 3.02 लाख |
| रांची:वाराणसी | 1.37 लाख |
| रांची:लखनऊ | 2.20 लाख |
| रांची:तिरुपति | 3.85 लाख |

**फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी:90 की सुविधा उपलब्ध:** तत्काल नागर विमान प्रभार द्वारा एयर एंबुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी:90 की सुविधा उपलब्ध है। जिसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एक साथ एयर एम्बुलेंस से अन्य राज्य में चिकित्सा हेतु ले जाया जा सकता है।